# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, सोमवार 23 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 303 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




चैत्र नवरात्र में फूलों से सज रहा रजरप्पा का मां छिन्नमस्तिका मंदिर

# समाज को बदलने की क्षमता रखती है करुणा : सत्यार्थी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** आईआईटी-आईएसएम में शताब्दी वर्ष के अवसर पर सोमवार को एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला, जब नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित समाजसेवी कैलाश सत्यार्थी ने छात्रों और शिक्षकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 'कम्पैशन कोशिएंट' यानी करुणा की शक्ति को समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा आधार बताया। आईआईटी-आईएसएम परिसर में आयोजित अभिनाश चंद्र एवं बिनापानी सिन्हा मेमोरियल लेक्चर सीरीज के तहत शताब्दी व्याख्यान की भव्य शुरुआत हुई। यह व्याख्यान श्रृंखला संस्थान के पूर्व छात्र मिहिर सिन्हा के योगदान से शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य विज्ञान, तकनीक और मानविकी के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे कैलाश सत्यार्थी ने अपने संबोधन में कहा कि करुणा केवल भावना नहीं, बल्कि एक सक्रिय ताकत है जो समाज को बदलने की क्षमता रखती है। उन्होंने 'कम्पैशन कोशिएंट' की अवधारणा रखते हुए कहा कि हर व्यक्ति को दूसरों के दर्द को समझते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि करुणा सिर्फ सहानुभूति नहीं है, यह एक एक्शन है। जब तक हम दूसरों के दर्द को अपना नहीं मानेंगे तब तक असली बदलाव संभव नहीं है। उन्होंने आधुनिक तकनीक के दौर में कम्पैशनेट एआई की जरूरत पर भी जोर दिया। उनका कहना था कि यदि तकनीक में मानवीय मूल्यों को शामिल नहीं किया गया तो विकास अधूरा रह जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रो सुकुमार मिश्रा ने की। उन्होंने इसे संस्थान के लिए एक ऐतिहासिक अवसर बताते हुए कहा कि विज्ञान और तकनीक का उपयोग तभी सार्थक है, जब वह समाज की भलाई में काम आए। इस कार्यक्रम का सफल संचालन कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन की डीन प्रो रजनी सिंह ने किया। इस दौरान मिहिर सिन्हा का संदेश भी पढ़ा गया, जिसमें उन्होंने इस व्याख्यान श्रृंखला को अपने माता-पिता के मानवीय मूल्यों को समर्पित बताया। पेनमैन ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक और अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने पूरे मनोयोग से इस प्रेरक व्याख्यान को सुना। आईआईटी (आईएसएम) धनबाद का यह शताब्दी व्याख्यान न केवल एक शैक्षणिक आयोजन रहा, बल्कि इसने यह संदेश भी दिया कि ज्ञान और तकनीक के साथ करुणा का समावेश ही समाज को सही दिशा दे सकता है।




## दो बाइकों की टक्कर में तीन की मौत, चार घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लातेहार।** जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाटोली गांव के पास शनिवार देर शाम भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर से हुआ। मृतकों में तासु गांव निवासी सगे भाई मनु भुइयां और गुलाब भुइयां शामिल हैं जबकि तीसरे मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार सरहुल जुलूस से लौट रहे मनु और गुलाब भुइयां चार लोगों के साथ एक बाइक पर सवार थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक पर सवार सातों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया। घायलों में विकास भुइयां, रंजीत भुइयां, कमलेश गंझु और शांति देवी का इलाज जारी है, जिनमें दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें रिम्स रेफर किया जा रहा है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि एक बाइक पर चार और दूसरी पर तीन लोग सवार थे। किसी ने हेलमेट नहीं पहना था और तेज रफ्तार के कारण हादसा जानलेवा साबित हुआ। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त बाइक जब्त कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दो दिनों से आसमान पर मंडरा रहा हेलिकॉप्टर, चर्चा तेज

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के आसमान में पिछले दो दिनों से हेलिकॉप्टर घूम रहा है। शनिवार के दिन में कई राउंड चौपर ने काटा तो रविवार की सुबह 10 बजे से चौपर को देखा जाने लगा। गिरिडीह शहर से लेकर औद्योगिक इलाके तक। शहर से लेकर कुछ प्रखंड तक कई चक्र चौपर ने लगाए हैं। अब इस मामले की पड़ताल की जाने लगी तो यह बात सामने आयी है चौपर के माध्यम से जीपीएस-जीएनएसएस सर्वे किया जा रहा है। यह सर्वेक्षण उन सभी स्थानों के लिए करवाया जा रहा है जहां हेलीपैड का निर्माण आपात स्थिति में या किसी कार्यक्रम के आयोजन, बड़े नेताओं के आगमन के लिए किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### गोली मारकर वृद्ध की हत्या

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** पांकी थाना क्षेत्र के माड़न पंचायत के केरकी गांव के जंगल में एक बुजुर्ग व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच मामले की छानबीन कर रही है। मृतक व्यक्ति की पहचान केरकी गांव के रहने वाले राजदेव पासवान के रूप में हुई है। राजदेव पासवान रविवार को अपनी पत्नी के साथ जंगल में महुआ चुनने के लिए गए हुए थे। पत्नी दूसरे इलाके में महुआ चुन रही थी जबकि राजदेव पासवान अलग इलाके में महुआ चुन रहे थे। इसी क्रम में अज्ञात अपराधियों ने राजदेव पासवान को गोली मार दी। इस घटना में राजदेव पासवान की मौके पर ही मौत हो गई। गोली की आवाज सुनने के बाद पत्नी मौके पर पहुंची और देखा तो राजदेव पासवान मृत पड़े थे।

### श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन

**सरायकेला(नबिटा ब्यूरो)।** खरसावां जिला मुख्यालय में शहीद दिवस के अवसर पर मेरा भारत, मेरी ज़िम्मेदारी अभियान के तहत एक विशेष श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत के तत्वावधान में रविवार को सामुदायिक भवन परिसर स्थित कार्यालय और सिदो-कान्हू पार्क में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता और सामुदायिक जिम्मेदारी के प्रति लोगों को जागरूक करना था। इस कार्यक्रम का संचालन जिला युवा पदाधिकारी क्षितिज ने किया। उनके मार्गदर्शन में कार्यालय के पदाधिकारी, कर्मचारी और युवा वॉलिंटियर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### युवक का शव बरामद

**बोकारो (नबिटा ब्यूरो)।** हरला थाना क्षेत्र अंतर्गत रामडीह मोड़ स्थित ठाकुर बांध तालाब के पास रविवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। सुबह टहलने निकले स्थानीय लोगों की नजर शव पर पड़ी। उन्होंने तुरंत हरला थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान अंगवाली निवासी करीब 25 वर्षीय धर्मदेव गुप्ता के रूप में हुई है। वह सेक्टर-8 में रहकर काम करता था।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के जसीडीह थाना क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब कोकहरा जोड़ी मोड़ के समीप बागा पातर पहाड़ी के पास सड़क किनारे एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। सुबह के समय जब स्थानीय लोगों की नजर शव पर पड़ी तो वे सन्न रह गए। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। वहीं कुछ ही देर में वहां लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही जसीडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान गिरिडीह जिले के अल्हैया निवासी शालु साह के रूप में हुई है।

## पश्चिम बंगाल चुनाव में ममता बनर्जी की वापसी तय : तेजस्वी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** कोलकाता से बिहार लौटने के क्रम में तेजस्वी यादव धनबाद पहुंचे। इस दौरान राजद कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। यहां मीडिया से रूबरू होते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार की सियासत में एक बार फिर 'खेला' होने के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बिहार की सत्ता हथियाने के लिए वैसी ही साजिश रच रही है जैसी महाराष्ट्र में देखी गई थी। उन्होंने सीधे तौर पर जनता दल (यूनाइटेड) को लेकर भी बड़ा बयान दिया। तेजस्वी ने कहा कि भाजपा का अगला लक्ष्य जदयू को पूरी तरह समाप्त करना है। तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा को काम करने वाला नेता नहीं बल्कि एक 'रबर स्टैंप' मुख्यमंत्री चाहिए जिसे वे अपनी उंगलियों पर नचा सकें। बेरोजगारी, महंगाई और पलायन के मुद्दों पर नरेंद्र मोदी सरकार को घेरते हुए उन्होंने इसे तानाशाही करार दिया। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल चुनाव में ममता बनर्जी की वापसी तय है और भाजपा को करारी शिकस्त मिलेगी। वहीं झारखंड की राजनीति पर तेजस्वी यादव ने कहा कि 5 अप्रैल को उनका रांची दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान वे प्रदेश राजद के पदाधिकारियों और सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन की मजबूती पर चर्चा करेंगे। साथ ही वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात करेंगे। तेजस्वी के इस बयान ने बिहार से लेकर झारखंड तक की राजनीति में हलचल मचा दी है।

## रंगदारी मांगने वाले गिरोह का भंडाफोड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में पुलिस ने चोरी के मोबाइल फोन और सिम कार्ड के जरिए रंगदारी मांगने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है जबकि एक आरोपी अभी भी फरार है। घटना का खुलासा तब हुआ जब एक मार्बल व्यवसायी ने थाना में आवेदन देकर बताया कि अज्ञात नंबरों से उसे लगातार कॉल कर रंगदारी की मांग की जा रही है और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस मो. याकूब के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी साक्ष्य और कॉल डिटेल के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जिससे मामले की कड़ियां जुड़ती चली गईं। गिरोह की पूरी साजिश सामने आ गई। पुलिस के अनुसार गिरोह के सदस्य योजनाबद्ध तरीके से काम करते थे ताकि उनकी पहचान उजागर न हो सके। तकनीकी जांच में मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों की पहचान की और उनके ठिकानों पर छापेमारी की, जिससे पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ। गिरोह के अन्य सदस्य जपला के मकबरा रोड पुरानी बाजार निवासी शुभम केशरी और अमन कुमार चौरसिया हुसैनाबाद रेलवे स्टेशन के आसपास नशे में धुत लोगों को निशाना बनाकर उनके मोबाइल फोन चोरी करते थे। इसके बाद ये मोबाइल और सिम कार्ड मुख्य आरोपियों तक पहुंचाए जाते थे, जिनका उपयोग रंगदारी मांगने में किया जाता था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविशंकर सिंह, शुभम केशरी और अमन चौरसिया को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर कई मोबाइल फोन, सिम कार्ड और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार सभी आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। फिलहाल फरार आरोपी प्रिंस मेहता की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।



## नहाय-खाय के साथ चैती छठ महापर्व शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में चार दिवसीय चैती छठ महापर्व की शुरुआत रविवार को नहाय-खाय के साथ हो गई। इस दिन व्रतियों ने सुबह स्नान-ध्यान कर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और व्रत का संकल्प लिया। इसके बाद कद्दू, चावल और दाल से बने शुद्ध भोजन को भगवान को अर्पित कर स्वयं ग्रहण किया गया। प्रसाद के रूप में इसे परिवार और आसपास के लोगों में भी वितरित किया गया। महापर्व के दूसरे दिन यानी 23 मार्च को खरना का अनुष्ठान किया जाएगा। इस दिन व्रती पूरे दिन उपवास रखते हैं और शाम को स्नान-ध्यान के बाद खीर-रोटी का प्रसाद बनाकर भगवान को अर्पित करते हैं। इसके बाद व्रती स्वयं प्रसाद ग्रहण करते हैं और इसे अपने परिजनों व मित्रों में बांटते हैं। खरना के बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाता है, जो छठ पर्व का सबसे कठिन और महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। चैती छठ के तीसरे दिन 24 मार्च को व्रती नदी, तालाब या अन्य जलस्रोतों के किनारे पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। यह दृश्य बेहद आस्था और भक्ति से भरा होता है। इसके अगले दिन 25 मार्च को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही महापर्व का समापन होगा। इस दौरान हवन और पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की जाएगी। महापर्व को लेकर राजधानी सहित विभिन्न क्षेत्रों के बाजारों में पूजा सामग्री की खरीदारी जोरों पर है। कद्दू, फल, गन्ना और अन्य पूजन सामग्रियों की बिक्री बढ़ गई है। शनिवार को कद्दू का भाव 20 से 30 रुपये प्रति किलो तक रहा। कई लोगों ने अपने घरों में उगाए कद्दू व्रतियों को निःशुल्क भी उपलब्ध कराए, जो इस पर्व की सामाजिक और धार्मिक भावना को दर्शाता है। चैती छठ महापर्व आस्था, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक है। इसमें व्रती कठिन नियमों का पालन करते हुए भगवान सूर्य की उपासना करते हैं। यह पर्व न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि समाज में एकता, सहयोग और प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश भी देता है।



## उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन खूंटी आयेंगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो


**खूंटी।** भारत के उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन के झारखंड दौरे की चर्चा तेज हो गई है। जानकारों के अनुसार उप राष्ट्रपति इसी सप्ताह खूंटी आ सकते हैं और भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु जाने की संभावना है। हालांकि अभी तक इस दौरे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस संभावित दौरे को खास इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन का झारखंड से पुराना और गहरा संबंध रहा है। वे इससे पहले झारखंड के राज्यपाल के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। राज्यपाल रहते हुए उन्होंने राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा कर विकास योजनाओं की समीक्षा की थी और विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों के विकास पर जोर दिया था। ऐसे में उनके खूंटी दौरे को लेकर स्थानीय स्तर पर उत्साह देखा जा रहा है। संभावित दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में हैं। प्रशासनिक स्तर पर प्रारंभिक तैयारियां भी शुरू कर दी गई है ताकि अंतिम समय में किसी प्रकार की परेशानी न हो। यदि दौरा तय होता है तो उप राष्ट्रपति के उलिहातु जाकर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देने की संभावना है। उलिहातु ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है जहां देश-विदेश से लोग श्रद्धा अर्पित करने पहुंचते हैं। उप राष्ट्रपति का यहां आगमन क्षेत्र के विकास और पहचान को नई दिशा दे सकता है। सूत्रों का यह भी कहना है कि अपने दौरे के दौरान उप राष्ट्रपति स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक कर सकते हैं। साथ ही आदिवासी संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेने की भी संभावना है। फिलहाल जिला प्रशासन आधिकारिक कार्यक्रम की घोषणा का इंतजार कर रहा है।

# झारखंड में अब पूरी तरह खत्म होने के कगार है लाल आतंक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में लाल आतंक अब पूरी तरह खत्म होने के कगार पर है। झारखंड पुलिस के आधिकारिक आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं कि पिछले पांच सालों में नक्सल कांडों की संख्या लगातार घट रही है। नक्सल मामलों की कम होती रिपोर्टिंग यह स्पष्ट संकेत देती है कि झारखंड से लाल आतंक का साया मिटने के करीब पहुंच गया है। झारखंड में नक्सलवाद की जड़ें कैसे खोखली हो रही हैं, इसकी शुरुआत 2026 के शुरुआती आंकड़ों से करते हैं। झारखंड पुलिस की वेबसाइट पर फिलहाल जनवरी 2026 तक के सभी अपराधों के आंकड़े उपलब्ध हैं। इनमें नक्सल कांडों पर फोकस करते हुए देखें तो जनवरी 2026 में पूरे महीने के दौरान राज्य के 24 जिलों में मात्र पांच नक्सल कांड थानों में दर्ज हुए। इनमें चतरा में तीन और पश्चिम सिंहभूम में दो कांड शामिल हैं। यानी 24 जिलों में से सिर्फ दो जिलों में नक्सल कांड दर्ज हुए। ये पांच मामले भी ज्यादातर नक्सलियों के साथ हुए एनकाउंटर से जुड़े हैं, जिनमें बड़ी संख्या में नक्सली मारे गए थे। दिसंबर 2025 में पूरे राज्य में मात्र 11 नक्सल कांड दर्ज हुए। इनमें रांची में एक, चतरा में छह, खूंटी में दो और पश्चिम सिंहभूम में दो कांड शामिल थे। नवंबर 2025 में पूरे झारखंड में मात्र आठ नक्सल कांड दर्ज हुए जिनमें रांची में दो, चतरा में एक, लोहरदगा में एक, पश्चिम सिंहभूम में एक और लातेहार में तीन केस थे। इनमें से अधिकांश मामले नक्सलियों की गिरफ्तारी और एनकाउंटर से संबंधित थे। एक समय था जब झारखंड के आधा दर्जन जिलों में एक ही जिले में 20 से ज्यादा नक्सल कांड दर्ज होते थे लेकिन अब ज्यादातर दर्ज मामले नक्सलियों के एनकाउंटर और गिरफ्तारी से जुड़े हैं। अक्टूबर 2025 में पूरे राज्य में मात्र 11 नक्सल कांड दर्ज हुए। सितंबर 2025 में मात्र दो, अगस्त 2025 में 14, जुलाई 2025 में 20, जून 2025 में 19, मई 2025 में 25, अप्रैल 2025 में 20, मार्च 2025 में 21 और फरवरी 2025 में 11 नक्सल कांड दर्ज हुए। जनवरी 2025 में पूरे झारखंड में कुल 28 नक्सल कांड दर्ज किए गए थे। यहां स्पष्ट कर दें कि जिन जिलों में नक्सल कांड दर्ज हुए हैं, इसका मतलब यह नहीं कि वहां नक्सली वारदातें हुई हैं। दर्ज अधिकांश कांड नक्सलियों की गिरफ्तारी, एनकाउंटर या उनके छिपाए गए हथियारों और विस्फोटकों की बरामदगी से संबंधित हैं। नक्सल कांड चार तरह से दर्ज होते हैं पहला, जब नक्सली वारदात होती है, दूसरा, जब नक्सलियों की गिरफ्तारी होती है। तीसरा, जब एनकाउंटर में नक्सली मारे जाते हैं और चौथा, जब नक्सलियों के छिपाए गए आर्म्स और विस्फोटक बरामद किए जाते हैं। पिछले तीन वर्षों से ये आंकड़े लगातार घटते हुए आए हैं और धीरे-धीरे गिरफ्तारी व एनकाउंटर के मामलों में ही तब्दील हो रहे हैं। इससे साबित होता है कि झारखंड में लाल आतंक अब सूखने के कगार पर है। 2023-24 में भी नक्सल कांडों की संख्या कम हुई और दर्ज अधिकांश मामले गिरफ्तारी से जुड़े थे।





C M Y K

# टीएसपीसी के 8 उग्रवादी हथियार के साथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो) ।** हजारीबाग जिले के उरीमारी ओपी क्षेत्र में झारखंड पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 उग्रवादियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। ये सभी एक बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस को 21 मार्च को गुप्त सूचना मिली थी कि उरीमारी के कोलियरी इलाके में उग्रवादी सक्रिय हैं और किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया।



छापेमारी के दौरान आसवा और गुडकुवा गांव के पास एक संदिग्ध सफेद बोलेरो वाहन को रोका गया। पुलिस को देखते ही वाहन चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन पीछा करने पर गाड़ी असंतुलित होकर पुल और पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसके बाद पुलिस ने वाहन को चारों ओर से घेर लिया और सभी आरोपियों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान पुलिस को वाहन से दो इंसास राइफल समेत बड़ी मात्रा में जिंदा गोलियां और एक देशी पिस्टल बरामद हुई। गिरफ्तार उग्रवादियों में सुनिल मुण्डा, विरेन्द्र मुण्डा, सुरेन्द्र मुण्डा समेत कुल 8 आरोपी शामिल हैं, जो लातेहार और रांची जिले के निवासी हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि ये सभी आरोपी टीएसपीसी के जोनल कमांडर भीखन गंझू और सब-जोनल कमांडर दिनेश उर्फ रवि राम के निर्देश पर काम कर रहे थे। ये गिरोह लेवी वसूली, धमकी और दहशत फैलाने जैसी गतिविधियों में शामिल था। बताया गया कि 12 फरवरी 2026 को रामगढ़ जिले के पतरातु क्षेत्र में हुई भारी फायरिंग की घटना में भी इनका हाथ था, जहां ऑटोमेटिक हथियारों से कई राउंड गोलियां चलाई गई थीं।

पुलिस की तत्परता से एक बड़ी घटना टल गई। फिलहाल सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है और संगठन के अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

### बरामदगी में शामिल

2 इंसास राइफल, 1 देशी पिस्टल 174 जिंदा गोलियां (विभिन्न बोर), 1 बोलेरो वाहन, 7 मोबाइल फोन,

छापामारी टीम में गिद्दी, उरीमारी, लोहसिंहना और पेलावल ओपी के पुलिस पदाधिकारी समेत तकनीकी और नक्सल शाखा की टीम शामिल रही।

## एकता कल्चरल फाउंडेशन का ईद मिलन समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** एकता कल्चरल फाउंडेशन की ओर से भंडारीडीह में रविवार को ईद मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी धर्मों— हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई समुदाय के लोगों की सहभागिता ने सामाजिक एकता और भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश की।समारोह में नगर विकास मंत्री सुदीप कुमार सोनू, डिप्टी मेयर सुमित गुप्ता, वार्ड पार्षद नूरुल होदा, महबूब आलम, इम्तियाज अली और इरशाद अहमद वारिस सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को ईद की बधाई देते हुए आपसी सौहार्द और एकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में कोलकाता से आए अनाउंसर संजय मिश्रा ने अपनी दमदार आवाज से माहौल को खुशनुमा बना दिया। समारोह की शुरूआत फाउंडेशन के अध्यक्ष बब्लू सानु द्वारा ईदी नगमा से की गई, जिसके बाद एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## चैत्र नवरात्र पर धार्मिक उल्लास चरम पर, शोभायात्रा की तैयारियां जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ सभी राम भक्तों का पारंपरिक भारतीय संस्कृति के अनुरूप स्वागत किया जाएगा : टोनी जैन

**हजारीबाग ब्यूरो।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर शहर का वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो उठा है। इसी क्रम में श्री श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी धार्मिक आयोजनों एवं व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत और गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नवरात्र की पंचमी के शुभ अवसर पर सनराइज क्लब द्वारा निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा में स्वागत समिति सक्रिय एवं प्रभावी भूमिका निभाएगी। समिति द्वारा शोभायात्रा को सुव्यवस्थित, आकर्षक और गरिमामय बनाने के लिए विभिन्न कार्य योजनाओं को अंतिम रूप दिया गया।



बैठक के दौरान यह भी तय किया गया कि शोभायात्रा में भाग लेने वाले प्रमुख कलाकारों को पारंपरिक अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, शोभायात्रा में शामिल राम भक्तों तथा बाहर से पधारने वाले कलाकारों के भव्य स्वागत हेतु पुष्प वर्षा, औपचारिक अभिनंदन एवं जलपान की व्यापक व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए अलग-अलग जिम्मेदारियाँ निर्धारित करते हुए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। समिति के अध्यक्ष टोनी जैन ने कहा कि स्वागत समिति द्वारा सभी राम भक्तों का पारंपरिक भारतीय संस्कृति के अनुरूप आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष भी रामनवमी का आयोजन पूर्व वर्षों की भांति अत्यंत उत्साह, श्रद्धा और भव्यता के साथ संपन्न होगा।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन में शहरवासियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे यह उत्सव सामाजिक एकता, सांस्कृतिक समन्वय और धार्मिक आस्था का प्रतीक बन सके। बैठक में मुख्य रूप से केपी ओझा, सुमन कुमार, सोनू गुप्ता, विशाल वाल्मीकि, अमित पांडे, ज्योत्सना देवी, निशिकांत सिंह, मनोज सिन्हा, अनिल प्रसाद, गुंजन गुप्ता, शेखर गुप्ता एवं राजेश गुप्ता सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व जल दिवस पर जल महोत्सव, कार्यशाला-सह-सम्मान समारोह

**गिरिडीह (नबिटासं)।** विश्व जल दिवस के अवसर पर नगर भवन, गिरिडीह में जल महोत्सव कार्यक्रम के तहत कार्यशाला सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री सुदीव्य कुमार, बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, उपायुक्त रामनिवास यादव, जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी एवं उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में जल संरक्षण, जल संचयन, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल प्रबंधन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली जल सहिया बहनों एवं विभिन्न पंचायतों के मुखिया को प्रशस्ति पत्र व शॉल देकर सम्मानित किया गया अपने संबोधन में मंत्री सुदीव्य कुमार ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और इसके संरक्षण के बिना मानव जीवन संभव नहीं है। उन्होंने जल सहिया बहनों की सराहना करते हुए कहा कि वे गांव-गांव में जागरूकता फैलाकर जल संरक्षण की दिशा में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने लोगों से जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने और वर्षा जल संचयन अपनाने की अपील की।उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रशासन का लक्ष्य हर गांव तक सुरक्षित पेयजल पहुंचाना है और इसके लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं विधायक नागेंद्र महतो ने कहा कि जल बचाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है और इसमें हर व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी ने पंचायत स्तर पर जल संरक्षण के कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने वर्षा जल संचयन, भू-जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। साथ ही जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया गया अंत में उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी से जल संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### सीएच ग्राउंड में सनातन हिंदू सम्मेलन संपन्न, सामाजिक एकता का दिया संदेश

**गिरिडीह (नबिटासं)।** सकल हिंदू समाज की ओर से रविवार को सीएच ग्राउंड में सनातन हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों ने भाग लेकर सनातन संस्कृति के संरक्षण और सामाजिक एकता का संदेश दिया कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अनिल ठाकुर (क्षेत्र संपर्क प्रमुख, उत्तर-पूर्व क्षेत्र) एवं गुरु मां, शांति भवन मकतपुर उपस्थित रहीं। मंच संचालन स्वाति सिन्हा एवं बिरेन्द्र ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान गीता पाठ, प्रश्नोत्तरी, हनुमान चालीसा पाठ तथा आकर्षक भाव-नृत्य की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया अपने संबोधन में अनिल ठाकुर ने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य सनातन संस्कृति का संरक्षण, हिंदू समाज को एकजुट करना तथा ॒संगठन ही शक्ति है॑ का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि संघ अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से समाज के हर वर्ग से संवाद स्थापित कर रहा है।सम्मेलन में जाति-पाति के भेदभाव को समाप्त कर समाज को एक सूत्र में बांधने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रांत कार्यवाह मुकेश रंजन सिंह, जिला कार्यवाह निरंजन जी, सोनू गुप्ता, मनीष बरनवाल, सुजीत भदानी, विजय गोप, आयुष, पंकज तर्वे, दीपक डंगायच, अमित कुमार, शिव गौरव पांडेय, प्रेमचंद बरनवाल, मनीष कुमार गुप्ता, राजीव कुमार, संजय कुमार, दीपक कुमार एवं संतोष गुप्ता सहित कई लोगों की सराहनीय भूमिका रही।

### युवा महिला पीयर लीडर्स का संवेदनशीलकरण कार्यक्रम आयोजित

**गोड्डा/झारखंड (नबिटासं)।** बोआरीजोर प्रखंड अंतर्गत कुशबिल्ला पंचायत भवन में युवा महिला पीयर लीडर्स का संवेदनशीलकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रास्ता, गोड्डा (रेगुलेटरी एसोसिएशन फोर सोशल & टेरिटरियल असिस्टेंट) द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की युवा महिलाओं की नेतृत्व क्षमता विकसित कर उन्हें सशक्त बनाना तथा समाज में जेंडर समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में कुशबिल्ला पंचायत के मुखिया महेंद्र किस्कू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं 10 गांवों से करीब 50 युवा महिला पीयर लीडर्स ने सक्रिय भागीदारी निभाई। संस्था की ओर से सचिव अजय कुमार, प्रोग्राम मैनेजर जुली कुमारी, फील्ड कोऑर्डिनेटर प्रमिला कुमारी, सुनीता देवी, उषा कुमारी, मैरी किस्कू एवं भरत कुमार मौजूद रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई कार्यक्रम की शुरूआत प्रतिभागियों के परिचय से हुई। इसके बाद उन्हें समाज में व्याप्त चुनौतियों एवं अपने अनुभवों को साझा करने के लिए प्रेरित किया गया।

## रामनवमी महोत्सव की तैयारी को लेकर अखाड़ा समितियों की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में गोयनका धर्मशाला में आगामी रामनवमी महोत्सव को लेकर अखाड़ा समिति के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में 40 से अधिक अखाड़ा समितियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया बैठक के दौरान विभिन्न अखाड़ा समितियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। साथ ही आश्वासन दिया गया कि इन समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखकर जल्द से जल्द समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा



अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के प्रांत कार्यसमिति सदस्य अश्विनी भदानी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गिरिडीह में रामनवमी महोत्सव पूरे धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

बैठक में मुख्य रूप से अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के धनबाद विभागाध्यक्ष रविशंकर पांडेय, जिला अध्यक्ष रितेश पांडेय, जिला मंत्री कुंदन केशरी, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष गौरव कुमार अंशु, उपाध्यक्ष सुजीत सिंह, महामंत्री पंकज पांडेय, जिला कार्यसमिति सदस्य कमल गिरी, हिन्दू हेल्पलाइन के जिला महामंत्री बसन्त सिंह, ॐ श्री परिवार के जिला अध्यक्ष रौनक मिश्रा, महामंत्री राहुल चन्द्रवंशी, मीडिया प्रभारी राहुल गुप्ता, रोहन कुमार, दिलीप, सुबोध कुमार, चन्दन पांडेय, रंजीत सिन्हा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## नहाय-खाय के साथ चैती छठ महापर्व की शुरूआत, श्रद्धालुओं में उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा रविवार को नहाय-खाय के साथ विधिवत शुरू हो गया। इस अवसर पर छठव्रतियों ने परंपरागत तरीके से स्नान कर पूजा-अर्चना की और पूरी शुद्धता के साथ दाल-भात व कद्दू का प्रसाद बनाकर ग्रहण किया नहाय-खाय के दिन व्रतियों के घरों में विशेष साफ-सफाई की गई और शुद्ध भोजन तैयार किया गया। इस दौरान उनके रिश्तेदार व परिचित भी घर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते नजर आए।



पूरे माहौल में श्रद्धा और भक्ति की भावना देखने को मिली गौरतलब है कि शारदीय छठ पूजा की तरह ही चैती छठ भी पूरी आस्था और नियम के साथ मनाया जाता है। हालांकि इसमें श्रद्धालुओं की संख्या अपेक्षाकृत कम होती है, लेकिन पूजा की विधि-विधान और पवित्रता में कोई कमी नहीं रहती। गिरिडीह में भी इस महापर्व की शुरूआत श्रद्धा के साथ हो चुकी है। अनुष्ठान के दूसरे दिन सोमवार को खरना पूजा होगी, जबकि मंगलवार को पहला अर्घ्य और बुधवार को उगते सूर्य को अंतिम अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय इस पर्व का समापन होगा।

## झारोटेफ गिरिडीह की बैठक संपन्न, 31 तक सदस्यता अभियान होगा पूरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड ऑफिसर्स, टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन (झारोटफ) जिला इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को जिला अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में राज्य समिति के निदेर्शानुसार 31 मार्च 2026 तक सदस्यता अभियान को प्रमुखता से पूर्ण करने का निर्णय लिया गया बैठक में तय किया गया कि सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए जिला एवं प्रखंड स्तर पर पदाधिकारियों के साथ सक्रिय सदस्यों की टीम गठित की जाएगी, जो सभी प्रखंडों में अभियान को गति देगी।



संगठन का लक्ष्य अधिक से अधिक कर्मचारियों को जोड़ते हुए अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाना है उल्लेखनीय है कि झारोटफ लगातार कर्मचारी हितों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करता आ रहा है और संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है।बैठक में विभिन्न प्रखंडों के लिए प्रभारी भी नियुक्त किए गए, जो अपने-अपने क्षेत्रों में सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाएंगे। इस दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, जिला सचिव केदार प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष रविकांत चौधरी, अंकेक्षक कार्तिक प्रसाद वर्मा, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, सुधीर कुमार मंडल, शंभू कुमार गुप्ता, इंद्रदेव साहू, मोहम्मद नौशाद, सदानंद रवि, ऋषिकांत सिंह, दीपक राय, संजय कुमार महतो, प्रणव पंडित, विकास कुमार सिंह सहित जिला कार्यकारिणी के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।जिला अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने सभी प्रखंड अध्यक्षों, सचिवों, कोषाध्यक्षों एवं जिला व प्रांतीय पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे 31 मार्च तक सदस्यता अभियान को शत-प्रतिशत पूरा कर संगठन को मजबूत बनाएं और कर्मचारी हितों की लड़ाई को और सशक्त करें।

## निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर में 400 लोगों की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** रोटरी गिरिडीह द्वारा रविवार को चतरो स्थित मोंगिया पॉवर प्राइवेट लिमिटेड परिसर में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई शिविर में शहर के प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा लोगों के आंख, नाक, कान, गला, हड्डी, नस, उच्च रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की गई।



साथ ही मरीजों को उचित परामर्श देते हुए निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।इस दौरान करीब 400 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिससे क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिला शिविर के सफल आयोजन में रोटरी गिरिडीह के अध्यक्ष पीयूष मुसद्दी, मोंगिया पॉवर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हरविंदर सिंह मोंगिया, बलविंदर सिंह सलूजा, शिविर संयोजक तरनजीत सिंह, क्लब सचिव रोहित जैन सहित कई सदस्यों एवं कंपनी कर्मियों का अहम योगदान रहा इस पहल को जनसेवा की दिशा में सराहनीय कदम बताया गया और लोगों ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओं व बच्चियों की भागीदारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** शहर के विवाह भवन में रविवार को एक भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चियों एवं गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुई, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा।

इसके बाद रामायण, महाभारत और भगवद गीता पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ अपनी भागीदारी निभाई कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चियों का शस्त्र प्रशिक्षण रहा। इस प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक और सशक्त बनाने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम गिरिडीह की मेयर प्रमिला मेहरा मौजूद रहीं। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सतीश्वर प्रसाद सिंहा, गायत्री परिवार के कामेश्वर प्रसाद सिंह, समाजसेवी पूनम प्रकाश सहाय, पूर्व प्राचार्या पुष्पा सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम की संयोजिका पूनम बरनवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम को भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में देखा गया।



# हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी की भव्यता बनाए रखने को लेकर सम्मान समारोह

## शांति, सौहार्द और नशा मुक्त रामनवमी के सफल आयोजन हेतु सुझावों का आदान-प्रदान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** रामनवमी संरक्षण समिति के द्वारा श्री श्री चैत्र रामनवमी 2026 के सफल संचालन एवं पर्व की भव्यता को बरकरार रखने के उद्देश्य से रविवार को बड़ा अखाड़ा परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ा अखाड़ा के महंत, मीडिया प्रतिनिधियों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों एवं नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों को अंगवस्त्र, डायरी एवं कलम देकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम के दौरान समिति द्वारा रामनवमी पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने और रामनवमी की भव्यता को बरकरार रखने को लेकर पत्रकारों, समाजसेवियों एवं प्रबुद्धजनों से महत्वपूर्ण सुझाव भी मांगे गए। उपस्थित लोगों ने रामनवमी की भव्यता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए अपने विचार साझा किए। वरिष्ठ पत्रकार कृष्णा गुप्ता ने कहा कि रामनवमी जैसे महापर्व को शांति और सौहार्द के साथ संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है, जिसमें रामनवमी संरक्षण समिति की भूमिका सराहनीय रही है। वहीं वरिष्ठ पत्रकार अभय सिन्हा ने हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए इसकी परंपरा और भव्यता बनाए रखने पर जोर दिया। पत्रकार प्रमोद खंडेलवाल ने कहा कि रामनवमी संरक्षण समिति द्वारा शांति के साथ पर्व का आयोजन करने के साथ-साथ कुश्ती और दंगल जैसे कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है, जिसे और अधिक भव्य रूप देने की आवश्यकता है। पत्रकार एजाज आलम ने नशा मुक्त रामनवमी मनाने की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस दिशा में रामनवमी संरक्षण समिति का प्रयास सराहनीय है और कुश्ती-दंगल प्रतियोगिता को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए इसे और विस्तृत रूप में आयोजित किया जाना चाहिए, ताकि देशभर से लोग हजारीबाग पहुंचें और हजारीबाग इंटरनेशनल रामनवमी को राजकीय महोत्सव का दर्जा प्राप्त हो इसके लिए यह एक सार्थक कदम साबित हो सके।

### रामनवमी विश्वविख्यात, इसे और ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास जारी : महंत विजयानंद दास

बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी इंटरनेशनल रामनवमी के रूप में विश्वविख्यात है। इसकी भव्यता को बनाए रखने और इसे वैश्विक पहचान दिलाने के लिए रामनवमी महासमिति, रामनवमी संरक्षण समिति एवं सभी अखाड़ा निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि रामनवमी को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिलाने के लिए सवा लाख हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है।

### नशा मुक्त और भव्य रामनवमी के लिए सभी की सहभागिता जरूरी : प्रशांत कुमार प्रधान

रामनवमी संरक्षण समिति के अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा कि रामनवमी के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन में सभी वर्गों की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी को राजकीय दर्जा दिलाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। साथ ही इस वर्ष नशा मुक्त रामनवमी मनाने और रामभक्तों के उत्साह को बढ़ाने के लिए भव्य आयोजन किए जाएंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकारों के साथ साथ रामनवमी संरक्षण समिति के संरक्षक राजकुमार गोप, सचिव राजेश गोप , कार्यकारी अध्यक्ष निशांत कुमार प्रधान, वार्ड पार्षद विकास यादव , दीपक सिंह ,राजू सिन्हा, बादशाह पासवान, दिलीप साव, अनिल कुमार, मुखिया नारायण साव, राजू यादव, सूरज कुमार धर्मेंद्र शुक्ला, पूर्व महासमिति अध्यक्ष रंजन सिन्हा, विजय वर्मा, अनमोल साव, संजीव लाल भगत, ज्योति सिन्हा, मुकेश कुमार, परमेश्वर साव, परमेश्वर मेहता, अजय साव समेत सैकड़ों समाजसेवी जनप्रतिनिधि एवं रामभक्त उपस्थित रहे।

# रामनवमी को लेकर हजारीबाग प्रशासन ने की व्यापक तैयारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग**। रामनवमी को लेकर इस बार पुलिस ने व्यापक तैयारी कर रखी है। 5000 सुरक्षा बलों के साथ-साथ टेक्नोलॉजी की भी मदद ली जा रही है। ड्रोन के अलावा इस बार जीपीएस का भी सहारा लिया जाएगा। एक जुलूस को एक मंच से दूसरे मंच तक गुजरने में कितना समय लगेगा, इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। महिला सुरक्षा के मद्देनजर भी व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं।

किसी भी पर्व की सुंदरता और उसकी खूबसूरती सुरक्षा व्यवस्था पर निहित होती है। हजारीबाग रामनवमी जुलूस के दौरान लाखों लाख की संख्या में राम भक्त शहर से लेकर गांव तक पहुंचते हैं। 36 घंटे तक जुलूस सड़कों पर रहती है। ऐसे में सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। इस बार रामनवमी में 5000 सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे। सुरक्षा के मद्देनजर टेक्नोलॉजी की भी मदद ली जाएगी।



जीपीएस के माध्यम से जुलूस की एक मंच से दूसरे मंच तक पहुंचने की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। अब तक प्रशासन एक मंच तैयार करती थीं, जहां से पूरे जुलूस की मॉनिटरिंग होती थी। इस बार मंच की संख्या बढ़ा दी गई है। हर एक एंट्रेंस पॉइंट के निकट प्रशासन मॉनिटरिंग मंच तैयार कर रहा है। रामनवमी जुलूस में ड्रोन कैमरों की संख्या बढ़ा दी गई है। जामा मस्जिद रोड ही नहीं पूरे जुलूस मार्ग पर जगह-जगह ड्रोन के जरिए जुलूस पर नजर रखी जाएगी।

जिला प्रशासन महिला सुरक्षा को लेकर भी विशेष तैयारी कर रही है। जुलूस मार्ग पर ही दो जगह महिलाओं के लिए कैंप का निर्माण किया जाएगा। जहां महिलाएं आराम कर सकेंगी। उस जगह दो महिला डीएसपी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। जो विशेष रूप से महिला सुरक्षा का ख्याल रखेंगी। कैंप के पास ही चलंत शौचालय की व्यवस्था की जाएगी। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि दोनों महिला कैंप में महिला पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

हजारीबाग जिला प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। जो भी व्यक्ति कानून तोड़ेगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दुष्कर्म के बाद हत्या मामले का खुलासा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गढ़वा**। जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के बाद हत्या मामले का गढ़वा पुलिस ने करीब एक माह के बाद खुलासा कर दिया है। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने रमकंडा थाना क्षेत्र के गोबरदाहा गांव निवासी आरोपित धर्मेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रंका एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह ने रविवार को इसकी पुष्टि की। एसडीपीओ ने बताया कि घटना के दिन नाबालिग लड़की एक शादी समारोह में शामिल हुई थी। जहां उसने लड़की के साथ पहले दुष्कर्म किया और बाद में उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी अपने जीजा के घर कसमार में रहता हैं। पुलिस ने साक्ष्यों और गहन जांच के आधार पर इस जघन्य अपराध का पर्दाफाश किया। आरोपित ने भी पूछताछ में घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली।

# बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की तोड़ी कमर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह**। शनिवार को हुई बारिश के साथ ओलावृष्टि ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। किसानों ने अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से कर्ज लेकर खेती की थी। लेकिन बेमौसम बारिश ने किसानों में नाउम्मीदी ला दी। आंधी-बारिश के साथ ऐसे समय पर ओले गिरे, जब फसलों में दाने पड़ने शुरू ही हुए थे। ओलों ने पौधे को पूरी तरह तबाह कर दिया है। फल और सब्जियों को बर्बाद होते देख किसान चिंतित हैं।

फसल की क्षतिपूर्ति की मांग को लेकर किसानों ने आपदा राहत अंचल कार्यालय को आवेदन सौंपने का निर्णय लिया है। झारखंड एकता विकास केंद्र नामक स्वयं सेवी संस्था के सचिव सरयू प्रसाद ने किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित किया था। उन्होंने भुक्तभोगी किसानों के खेतों में नष्ट पौधों और फल-सब्जियों का भी



जायजा लिया। अटका पश्चिमी पंचायत के उमेश मंडल ने पहली बार एक एकड़ जमीन पर तरबूज की खेती की है। तरबूज फलना भी शुरू हो गया था, इस बीच शनिवार को हुई बारिश के साथ ओलावृष्टि ने पौधों के साथ तरबूज को भी नष्ट कर दिया है। भुक्तभोगी उमेश मंडल ने बताया कि उन्होंने पहली बार तरबूज की खेती की थी। जिसमें लगभग तीन लाख रुपए की लागत लग चुकी है। इसी तरह से अटका पश्चिमी पंचायत के दिलीप प्रसाद ने डेढ़ एकड़ में पहली बार तरबूज की खेती की है। हजारों की संख्या में तरबूज फला था, जो तैयार होने की स्थिति में था। इसी बीच ओलावृष्टि से तरबूज और पौधे नष्ट हो गए। उन्होंने बताया कि हजारीबाग से तरबूज के पौधे मंगाए थे। तरबूज के अलावा खीरा, टमाटर, लौकी, शिमला मिर्च आदि के पौधे और तैयार फसल भी नष्ट हो गया है। उमेश ने बताया कि तीन लाख रुपए से अधिक खर्च हुए थे।

# जमशेदपुर में निकली अखंड तिरंगा यात्रा, वीर शहीदों को किया गया याद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमशेदपुर**। शहीद दिवस से एक दिन पहले शहर में अखंड तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को श्रद्धांजलि दी।

**तिरंगा यात्रा में उमड़े लोग**

जमशेदपुर में नमन संस्था की ओर से शहीद दिवस को लेकर अखंड तिरंगा यात्रा सह सम्मान शहीद यात्रा निकाली गई। इस दौरान एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान से अखंड तिरंगा यात्रा निकली और शहर के विभिन्न चौक चौराहों से होकर गुजरी। इस तिरंगा यात्रा में लाखों लोग हाथ में तिरंगा लेकर शामिल हुए। विभिन्न संगठन के अलावा सभी राजनीतिक दल के लोगों ने भी इस तिरंगा यात्रा



में शामिल होकर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि दी।

**अमर शहीदों को श्रद्धांजलि**

हर साल इस तरह का आयोजन करने वाले अमरप्रीत सिंह काले ने बताया कि यह यात्रा देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक सशक्त माध्यम है। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करना और समाज में एकता को सुदृढ़ करना है।

**वीर जवानों के साहस और बलिदान की वजह से देश सुरक्षित**

उन्होंने बताया कि जब-जब देश पर संकट आया है, तब-तब हमारे वीर जवानों ने अपने साहस और बलिदान से देश को सुरक्षित रखा है। ऐसे में हमारा दायित्व है कि हम उनके बलिदान को याद रखें और आने वाली पीढ़ियों तक राष्ट्रप्रेम की यह भावना पहुंचाएं।

## सड़क निर्माण कार्य से ग्रामीणों में खुशी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर**। शिवगंज पशु मेला से गैवाल बिगहा तक मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से निर्माण शुरू हो गया है। पक्की सड़क बनने से वर्षों पुरानी समस्या हल होने पर ग्रामीणों में भारी हर्ष और उत्साह है। यह सड़क संपर्क स्वास्थ्य, शिक्षा और बाज़ार तक सुलभ पहुंच सुनिश्चित कर रहा है। करीब एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक रोड निर्माण कराने की अनुशंसा पूर्व विधायक नेहालुद्दीन ने किया था जो 1 करोड़ 71 लाख रूपये की लागत निर्माण हो रहा है। रोड निर्माण कार्य शुरु होने पर ग्रामीण रामेश्वर कुमार रौशन ने बताया कि इस रोड निर्माण के लिए वर्षों से इंतजार कर रहे थे। रोड निर्माण होने पर गैवाल बिगहा, पटौधी, तेंदुआ, दरभंगा, बहलोला, रसलपुर, खेसर, बंगला पर सहित अन्य गांवों का आवागमन मार्ग से जुड़ जाएगा।


# फूलों से सज रहा रजरप्पा का मां छिन्नमस्तिका मंदिर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़**। चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर मां छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा को फूलों से भव्य और दिव्य रूप देने की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इस बार भी मंदिर को विशेष रूप से रंग-बिरंगे और सुगंधित फूलों से सजाया जा रहा है, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो उठा। इस बार मंदिर की सजावट में भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग के साथ पूरे मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाया जायेगा, जो श्रद्धालुओं के बीच खास आकर्षण का केंद्र होगा।

**देश के विभिन्न हिस्सों से भक्त यहां आते हैं**

वैसे तो पूरे वर्ष मां छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है, लेकिन नवरात्र के दौरान यहां आस्था का सैलाब उमड़ पड़ता है। देश के विभिन्न हिस्सों से हजारों भक्त यहां पहुंचते हैं और नौ दिनों तक पाठ, पूजा और हवन कर मां की आराधना करते हैं। सुबह से शाम तक मंदिर परिसर में 'जय माता दी' के जयकारे गूंजते रहते हैं।



मान्यता है कि छिन्नमस्तिका मंदिर के दरबार आने वाले हर भक्त की मनोकामना मां जरूर पूरी करती है, यही कारण है कि सालों भर यहां भक्तों का तांता लगा रहता है और नवरात्र में इसकी भव्यता अपने चरम पर होती है।

मंदिर के वरिष्ठ पुजारी और मंदिर न्यास समिति के सदस्य शुभाशीष पंडा ने बताया कि 'नवरात्र के दौरान मां की आराधना का विशेष महत्व होता है। यहां सच्चे मन से पूजा करने वाले हर भक्त की मनोकामना मां पूर्ण करती है। इस बार सजावट को और भी भव्य बनाया जा रहा है ताकि भक्तों को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति हो। चैत्र नवरात्र में यहां पूजा-अर्चना करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है।

# बिहार दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। बिहार दिवस के अवसर पर हसपुरा बाजार स्थित आनंद संगीत महाविद्यालय द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के व्यवस्थापक एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। निदेशक अरविंद कुमार वर्मा, प्राचार्य अशोक कुमार, बिपिन कुमार के निर्देशानुसार पौधे लगाए गए और सभी छात्रों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। व्यवस्थापक हिमांशु राज ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और पर्यावरण को स्वच्छ व संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण को हराभरा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी उपस्थित लोगों ने इसे एक प्रेरणादायक पहल बताया।

# इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 23 महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए कोडरमा महिला टीम रवाना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोडरमा (कोडरमा)**। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जाने वाले इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 23 महिला t20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए टीम मैनेजर ओमप्रकाश और राजु रंजन सिन्हा तथा कप्तान सृष्टि कुमारी के नेतृत्व में 17 सदस्यीय टीम देवघर के लिए रवाना हो गई। कोडरमा की टीम अपना पहला मैच 23 मार्च को देवघर से, 24 मार्च को गिरिडीह से और 25 मार्च को पाकुड़ से खेलेगी। ज्ञात हो कि यह टूर्नामेंट झारखंड के चार जिला चाईबासा, हजारीबाग, देवघर और जमशेदपुर में खेला जा रहा है। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 31 मार्च को चाईबासा में खेला जायेगा। उक्त आशय की जानकारी केडीसीए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा और सचिव दिनेश सिंह ने दी।

# अब हर डॉक्टर और नर्स का होगा डिजिटल वेरिफिकेशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद**। देश में स्वास्थ्य सेवाओं को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने की दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत अब स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े हर छोटे-बड़े संस्थान और पेशेवरों को अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन करना होगा।

इस अभियान के दायरे में प्राइवेट अस्पताल, ब्लड बैंक, मेडिकल स्टोर, डायग्नोस्टिक सेंटर सहित सभी हेल्थ फैसिलिटी प्रोवाइडर्स को लाया गया है। इतना ही नहीं, डॉक्टरों और नर्सों का भी डिजिटल रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया गया है, ताकि उनकी पहचान और योग्यता की प्रमाणिकता सुनिश्चित की जा



सके। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की जिला प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर ऋषिका सिन्हा ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता लाना और फर्जी प्रैक्टिस पर रोक लगाना है। उन्होंने कहा कि सभी हेल्थ संस्थानों और मेडिकल स्टाफ का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे आम लोगों को सही और प्रमाणित इलाज मिल सके।

नर्सिंग स्टाफ के मामले में यह व्यवस्था की गई है कि उनकी पढ़ाई पूरी होने के बाद संबंधित संस्थान से उन्हें विधिवत प्रमाणित किया जाएगा। वहीं डॉक्टरों की डिग्री और पंजीकरण की जांच संबंधित मेडिकल काउंसिल जैसे झारखंड मेडिकल काउंसिल के माध्यम से की जाएगी। इसके साथ ही डॉक्टर की यूनिवर्सिटी से प्राप्त डिग्री का भी सत्यापन किया जाएगा, ताकि किसी तरह के फर्जीवाड़े की गुंजाइश न रहे। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग के इस कदम के पीछे एक बड़ी चिंता झोलाछाप डॉक्टरों का बढ़ता नेटवर्क है।

# विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी**। जल जीवन मिशन अंतर्गत 08 मार्च से 22 मार्च 2026 तक जिले में "जल महोत्सव पखवाड़ा" का आयोजन किया गया, जिसके समापन अवसर पर आज विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में खूंटी जिले में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बिरसा कॉलेज, खूंटी के बहुउद्देश्यीय भवन सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि निदेशक स्वच्छ भारत मिशन, झारखंड मनोहर मरांडी समेत स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक स्वच्छ भारत मिशन, झारखंड मनोहर मरांडी, मुख्य अभियंता सीडीओ, मुख्य अभियंता वॉटर क्वालिटी, अधीक्षक अभियंता रांची, उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता समेत अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। साथ हीं अतिथियों ने एक एक कर जल अर्पण कार्यक्रम में भी भाग लिया। कार्यपालक अभियंता मनीष कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने जल संरक्षण, जल प्रबंधन एवं स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। एक एक कार वक्ताओं



ने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के साथ-साथ जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं जनजागरूकता पर विशेष बल दिया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि 8 मार्च (अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस) से प्रारंभ हुए "जल महोत्सव पखवाड़ा" के दौरान उपायुक्त आर० रॉनिटा के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में अनेक जागरूकता एवं जनभागीदारी आधारित गतिविधियां आयोजित की गईं। इसके अंतर्गत जल संरक्षण रैलियां, ग्राम सभाएं, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, वर्षा जल संचयन के प्रति जागरूकता कार्यक्रम, स्कूलों में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता, जल अर्पण जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से आमजन, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों को जल के महत्व एवं संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा जल संरक्षण से संबंधित उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई। साथ ही सभी उपस्थित लोगों को जल के समुचित उपयोग एवं संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। वहीं "जल महोत्सव पखवाड़ा" में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गुमला, सरायकेला,चक्रधरपुर, चाईबासा, रांची, खूंटी के जलसहिया एवं ग्राम प्रधान को मंच पर आमंत्रित कर प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जल वंदना कार्यक्रम खूंटी के मुरहू प्रखंड के ग्राम प्रधान के द्वारा किया गया। वहीं विद्यालयों में बच्चों द्वारा जल से संबंधित विषय पर हुए निबंध एवं चित्र को कार्यक्रम में प्रदर्शित किया गया। बेहतर निबंध एवं चित्र की सराहना करते हुए मुख्य अतिथि द्वारा अपना हस्ताक्षर प्रदान किया गया।

इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय पदाधिकारी, अभियंता, ग्राम प्रधान, जलसहिया एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा जल संरक्षण के प्रति संकल्प लेने के साथ किया गया।

# सत्संग से मिलता है जीवन को मार्गदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र के उचौली स्थित ठाकुरबाड़ी परिसर में आयोजित नवाह परायण यज्ञ के दौरान अयोध्या निवासी आचार्य श्री श्री मिथलेश बाबा ने प्रवचन देते हुए कहा कि भगवान राम का नाम स्मरण करने से व्यक्ति पर कलियुग का प्रभाव कम हो जाता है तथा उसे सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है।

उन्होंने रामचरितमानस की चौपाई "कलि केवल मलमूल मलीना, पाप पयोनिधि जनमन मीना" का उल्लेख करते हुए कहा कि कलियुग में पाप का प्रभाव बढ़ जाता है और मनुष्य के भीतर अच्छे-बुरे का विवेक क्षीण होने लगता है। ऐसे समय में सत्य, सदाचार और धर्म के मार्ग से भटकाव स्वाभाविक है, लेकिन राम नाम और सत्कर्म ही इस प्रभाव को कम करने का सबसे सरल उपाय है। प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में व्यक्ति को सत्य का आचरण नहीं छोड़ना चाहिए। सत्य से विमुख होते ही समाज और क्षेत्र में नकारात्मकता बढ़ती है तथा लोगों को अनेक प्रकार के कष्टों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सत्संग के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि मन और वचन की शुद्धि तथा ज्ञान की प्राप्ति के लिए सत्संग अत्यंत आवश्यक है। जहां भी सत्संग हो, वहां उपस्थित होकर उसे सुनना और जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कर्म ही प्रधान है, लेकिन अपने सभी कार्यों के साथ भगवान का स्मरण और सत्संग का श्रवण करना आवश्यक है। इससे मन को शांति मिलती है और विचारों में पवित्रता आती है। मौके पर महंत सत्येंद्र पाठक ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित यह नवाह परायण यज्ञ क्षेत्र, राज्य और देश की सुख-शांति एवं कल्याण की कामना के लिए किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां पिछले लगभग 60 वर्षों से रामचरितमानस का पाठ निरंतर होता आ रहा है, जिसमें ग्रामीणों और श्रद्धालुओं का सराहनीय सहयोग मिलता रहा है। कार्यक्रम के दौरान मिथलेश बाबा के प्रवचनों से श्रद्धालु भावविभोर नजर आए।

## भगवान भास्कर सेवा समिति के सदस्य का निधन, नीमा वाजित गांव में इस वर्ष नहीं लगेगा निशुल्क सेवा शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। भगवान भास्कर सेवा समिति रफीगंज के सदस्य पिपराही गांव निवासी 55 वर्षीय सत्येंद्र यादव के असमय निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। उनके निधन की खबर मिलते ही समिति के सदस्यों और स्थानीय लोगों में गहरा दुख देखा गया। समिति के अध्यक्ष जगनारायण कुमार निराला ने बताया कि वर्ष 2012 से लगातार भगवान भास्कर सेवा समिति द्वारा रफीगंज-शिवगंज पथ स्थित नीमा वाजित गांव के समीप चैती छठ पर्व के अवसर पर चार दिवसीय निशुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इस सेवा शिविर के माध्यम से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को नींबू पानी, दवा, प्रसाद सहित अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की जाती थी। उन्होंने बताया कि शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि मुंबई में अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण सत्येंद्र यादव का निधन हो गया। इस दुखद घटना के बाद समिति की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष चैती छठ पर्व के अवसर पर निशुल्क सेवा शिविर नहीं लगाया जाएगा। बैठक में सचिव जोगेंद्र कुमार यादव, कोषाध्यक्ष छोटू कुमार, उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार, कुंदन कुमार, कौशल कुमार, राजकुमार साव, योगेश साव, सुनील कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# किसानों से फसलों के अवशेष न जलाने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। बिहार दिवस के अवसर पर कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) तथा यंत्रीकरण सेल, कृषि विभाग द्वारा दो दिवसीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेला-सह-प्रदर्शनी का उद्घाटन वरीय वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कृषि विभाग द्वारा आयोजित इस किसान मेला-सह-प्रदर्शनी में आत्मा, कृषि विज्ञान केंद्र, मिट्टी जांच, पौधा संरक्षण, माप-तौल, भूमि संरक्षण, उद्यान, प्राकृतिक कृषि, कृषि यंत्र विक्रेता एवं विभिन्न उपादान विक्रेताओं द्वारा कुल 15 स्टॉल लगाए गए। किसान मेला के प्रथम दिवस जिले के सभी प्रखंडों से लगभग 400 किसानों ने भागीदारी की।




कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज द्वारा कृषि विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें अनुदानित दर पर बीज वितरण, मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार योजना, जलवायु अनुकूल कृषि, प्राकृतिक कृषि, जैविक प्रोत्साहन योजना अंतर्गत वर्मी पीट एवं बायोगैस यूनिट, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना तथा फार्मर रजिस्ट्री के बारे में जानकारी दी गई। मेले में कृषि यंत्रीकरण योजना अंतर्गत लगभग 50 विभिन्न कृषि यंत्रों का प्रत्यक्षण किया गया तथा कुल 91 यंत्रों पर देय अनुदान के संबंध में किसानों को जानकारी दी गई। बताया गया कि कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत अनुदान की राशि सीधे किसानों के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। कार्यक्रम में फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में भी जानकारी दी गई तथा किसानों से अपील की गई कि वे फसल अवशेष को न जलाएं। इसके विकल्प के रूप में स्ट्रॉ रीपर, स्ट्रॉ बेलर, सुपर सीडर एवं रीपर जैसे यंत्रों के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही कृषि यंत्र प्रत्यक्षण से संबंधित आवेदन प्रक्रिया एवं अनुदान राशि की जानकारी भी दी गई। पौधा संरक्षण सहायक निदेशक द्वारा ड्रोन के माध्यम से कीटनाशी एवं उर्वरक छिड़काव की आधुनिक तकनीक के संबंध में जानकारी दी गई। उद्यान सहायक निदेशक द्वारा उद्यान निदेशालय की योजनाओं के अंतर्गत ड्रिप सिंचाई, स्ट्रॉबेरी, अमरूद, ड्रैगन फ्रूट, प्याज, धनिया एवं हल्दी की उन्नत उत्पादन तकनीक के बारे में किसानों को अवगत कराया गया। इस प्रकार किसान मेला के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, कृषि यंत्रीकरण, प्राकृतिक खेती तथा उन्नत फसल उत्पादन की जानकारी प्रदान कर उन्हें लाभान्वित किया गया।

# तिरंगे में लिपटा गांव लौटा नीरज

## शहादत पर गमगीन भागलपुर □गूंजे अमर शहीद के नारे □ शोक और गर्व में डूबा गांव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए वीर जवान नीरज कुमार का पार्थिव शरीर जब उनके पैतृक गांव सबौर मिजार्पुर पहुंचा, तो पूरा गांव एक साथ शोक और गर्व के भाव में डूब गया। हर आंख नम थी, हर दिल भारी था, लेकिन अपने लाल की शहादत पर गर्व भी साफ झलक रहा था। जैसे ही सेना के जवानों की गाड़ी गांव में दाखिल हुई, लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई अपने वीर सपूत की अंतिम झलक पाने के लिए आतुर दिखे। गांव का माहौल खामोशी और दर्द के सन्नाटे से भरा हुआ था।

शहीद नीरज कुमार के घर के बाहर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। मां, पत्नी, छोटे-छोटे दो बच्चे और भाइयों का रो-रोकर बुरा हाल था। मां अपने बेटे को देखकर बार-बार बेहोश हो जा रही थी, जबकि पत्नी की आंखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे। बच्चों को शायद पूरी तरह समझ नहीं था कि उनके पिता अब कभी वापस नहीं आएंगे, लेकिन माहौल की गंभीरता ने उन्हें भी स्तब्ध कर दिया था।

जैसे ही तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर आंगन में लाया गया, वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। भारत माता की जय और वीर जवान अमर रहे के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। ये नारे एक ओर देशभक्ति की भावना को प्रकट कर रहे थे, तो दूसरी ओर शहीद के प्रति सम्मान और श्रद्धांजलि भी दे रहे थे। सबौर थाना की पुलिस और सेना के जवानों ने पूरे सम्मान के साथ शहीद को अंतिम सलामी दी। जवानों ने हथियार झुकाकर अपने साथी को श्रद्धांजलि अर्पित की। वह क्षण बेहद भावुक था, जब पूरे सैन्य सम्मान के साथ शहीद के पार्थिव शरीर को सलामी दी गई। इस दृश्य को देखकर हर व्यक्ति भाव-विभोर हो गया।

बुजुर्गों ने बताया कि नीरज कुमार बचपन से ही देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत थे। उनका सपना था कि वह सेना में जाकर देश की सेवा करें। शहीद के अंतिम यात्रा जुलूस में सबौर थाना की पुलिस के साथ-साथ औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना जीरो माइल की पुलिस भी साथ चल रही थी, जिससे पूरे कार्यक्रम को सुरक्षा और सम्मान के साथ संपन्न कराया गया।

# जनशताब्दी एक्सप्रेस से उठा धुआं

## तकनीकी खराबी बनी वजह, यात्रियों में अफरा-तफरी



### चालक की सतर्कता से टला हादसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गया-कोडरमा रेलखंड पर रविवार की सुबह उस समय अफरातफरी मच गई, जब पटना से रांची जा रही जनशताब्दी एक्सप्रेस के एक कोच के पहिये के पास से अचानक धुआं उठने लगा।

घटना सुबह करीब 8:40 बजे की है, जब ट्रेन गया जंक्शन से खुलने के कुछ ही देर बाद बंधुआ रेलवे क्रासिंग के पास पहुंची थी। धुआं उठते देख यात्रियों में दहशत फैल गई और स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

रेल सूत्रों के अनुसार, गार्ड से तीसरे डिब्बे के ब्रेक में तकनीकी खराबी के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। ब्रेक जाम होने से पहिये में अत्यधिक घर्षण पैदा हुआ, जिससे तेज धुआं निकलने लगा। पास के मानपुर-रसलपुर गेट से इसकी सूचना तत्काल चालक और गार्ड को दी गई।

स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए चालक ने बिना देर किए ट्रेन को तुरंत रोक दिया। ट्रेन रुकते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। कई यात्री एहतियातन अपने-अपने डिब्बों से उतरकर पटरी किनारे खड़े हो गए। हालांकि, मौके पर पहुंचे रेलकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए यात्रियों को शांत कराया।

रेलवे कर्मियों ने तत्काल अग्निशामक यंत्र का उपयोग कर पहिये के पास उत्पन्न गर्मी और धुएं पर काबू पा लिया। समय रहते कार्रवाई होने से एक बड़ा हादसा टल गया।

राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी यात्री के हताहत होने की सूचना नहीं है, हालांकि कुछ समय तक भय का माहौल बना रहा।

इस घटना के कारण बंधुआ रेलवे क्रासिंग करीब 30 मिनट तक बंद रहा, जिससे सड़क यातायात भी प्रभावित हुआ। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। स्थिति सामान्य होने के बाद लगभग 9:05 बजे ट्रेन को पुनः आगे के लिए रवाना किया गया।

# जदयू को खत्म करना भाजपा का लक्ष्य : तेजस्वी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** कोलकाता से बिहार लौटने के क्रम में तेजस्वी यादव धनबाद पहुंचे। इस दौरान राजद कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। धनबाद के पार्कलैंड रिसॉर्ट में मीडिया से रूबरू होते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार की सियासत में एक बार फिर ह्यखेलाह्ण होने के संकेत मिल रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बिहार की सत्ता हथियाने के लिए वैसी ही साजिश रच रही है, जैसी महाराष्ट्र में देखी गई थी। उन्होंने सीधे तौर पर जनता दल (यूनाइटेड) को लेकर भी बड़ा बयान दिया। तेजस्वी ने कहा कि भाजपा का अगला लक्ष्य जदयू को पूरी तरह समाप्त करना है।

तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा को काम करने वाला नेता नहीं, बल्कि एक ह्यरबर स्टैंपह्ण मुख्यमंत्री चाहिए, जिसे वे अपनी उंगलियों पर नचा सकें। बेरोजगारी, महंगाई और पलायन के मुद्दों पर नरेंद्र मोदी सरकार को घेरते हुए उन्होंने इसे तानाशाही करार दिया।

उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल चुनाव में ममता बनर्जी की वापसी तय है और भाजपा को करारी शिकस्त मिलेगी। वहीं झारखंड की राजनीति पर तेजस्वी यादव ने कहा कि 5 अप्रैल को उनका रांची दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान वे प्रदेश राजद के पदाधिकारियों और सक्रिय कार्यकताओं के साथ बैठक कर संगठन की मजबूती पर चर्चा करेंगे। साथ ही वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात करेंगे।

तेजस्वी के इस बयान ने बिहार से लेकर झारखंड तक की राजनीति में हलचल मचा दी है। अब देखना यह होगा कि जदयू और भाजपा इस ह्यमहाराष्ट्र मॉडलह्ण वाले आरोप पर क्या पलटवार करती हैं।

# मां तारा नगरी केसपा में भक्तों की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर प्रखंड अंतर्गत संसद आदर्श ग्राम केसपा स्थित लोक आस्था के महाकेंद्र मां तारा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। नवरात्र को नारी शक्ति के पूजन का पर्व माना जाता है, जहां भक्तगण श्रद्धा और भक्ति के साथ माता की आराधना में लीन हैं।

विगत वर्ष बिहार सरकार द्वारा केसपा ग्राम में मां तारा देवी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया था, लेकिन इस वर्ष महोत्सव के स्थगित होने से ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं में मायूसी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों ने एक बार फिर बसंतीय नवरात्र के अवसर पर इस महोत्सव के आयोजन की मांग उठाई है।

इसी क्रम में नवरात्र अष्टमी की रात्रि 26 मार्च (बृहस्पतिवार) को प्रसिद्ध लोकगीत गायक संतोष सुरीला द्वारा भक्ति संगीत की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। अष्टमी की रात माता के भव्य श्रृंगार दर्शन के लिए दूर-दूर से



लोग यहां पहुंचते हैं।

आज भी मंदिर में दशकों पुरानी एक परंपरा चर्चा का विषय बनी हुई है। नवरात्र के प्रथम दिन से अष्टमी तक मंदिर के गर्भगृह में महिलाओं के प्रवेश पर रोक है।

इसके बावजूद महिलाएं बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर माता का दर्शन कर रही हैं। इस पर सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने इसे पुरुष प्रधान सोच की देन बताते हुए इस परंपरा में बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया है।

मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के साथ हवन कुंड में विधिवत हवन किया जा रहा है।

यहां स्थित हवन कुंड को लेकर श्रद्धालुओं के बीच विशेष आस्था है।

यह अलौकिक कुंड आज तक कभी भरा नहीं है, और अपने भीतर कई अलौकिक रहस्य समेटे हुए है। माता के दर्शन के बाद श्रद्धालु गांव में स्थापित भगवान बुद्ध की आदमकद प्रतिमा, गरुड़ पर सवार भगवान विष्णु तथा भगवान सूर्य की प्रतिमा के दर्शन भी कर रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र का धार्मिक महत्व और बढ़ जाता है।

नवरात्र के अवसर पर मंदिर के आसपास अस्थायी दुकानों की भी सजावट हो गई है, जहां पूजन सामग्री, प्रसाद और अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध हैं। मां तारा नगरी केसपा भक्ति, आस्था और परंपरा का जीवंत केंद्र है।

# आश्रय गृह से दो बच्चियां फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** बिहार के कटिहार शहर के बृहद आश्रय गृह से रविवार की अहले सुबह दो बच्चियां फरार हो गईं। बच्चियों के भागने की खबर मिलते ही आश्रय गृह परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन की। अधिकारियों ने गृह कर्मियों से पूछताछ करते हुए घटना स्थल और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

इधर, शहर के सहायक थाना में मामला दर्ज कर पुलिस दोनों बच्चियों की बरामदगी के लिए छापेमारी में जुट गई है। फरार बच्चियों में एक हरियाणा की रहने वाली है, जबकि दूसरी अररिया की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, दोनों बच्चियां बाथरूम की ओर से निकलकर करीब दस फीट ऊंची चहारदीवारी फांदकर फरार हो गईं। गौरतलब है कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी इसी बृहद आश्रय गृह से कई बार बच्चियां फरार हो चुकी हैं।

अब तक आधा दर्जन से अधिक बालक-बालिकाओं के फरार होने के मामले सामने आ चुके हैं। पूर्व में पटना से बरामद बच्चियों ने चौंकाने वाले खुलासे करते हुए शोषण और दवा खिलाने के आरोप लगाए थे।

इस मामले को लेकर महिला विकास मंच की अध्यक्ष रश्मि कुणाल ने तत्काल डीएम को अवगत कराते हुए विस्तृत जांच की मांग की थी। लेकिन समय के साथ जांच ठंडी पड़ती नजर आई।

बताया जाता है कि आश्रय गृह में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। ऊंची चहारदीवारी के ऊपर कंटीले तार भी लगाए गए हैं।

जगह-जगह सीसीटीवी कैमरा लगा है। इसके बावजूद बार-बार बच्चों के फरार होने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

ताजा घटना के बाद एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस फिलहाल फरार बच्चियों की तलाश में जुटी हुई है।

# जनगणना को ले मकानों की लिस्टिंग जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** भारत सरकार द्वारा शुरू की गई जनगणना 2027 में सबसे पहले मकान का सूची करण किया जाएगा और इसमें कुल 33 प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे। इन सवालों से गृहस्वामी की आर्थिक और रहन-सहन की पूरी स्थिति की जानकारी हो जाएगी। पूरा विवरण डिजिटल रजिस्टर मे सीएमएमएस पोर्टल पर लोड रहेगा। इस बार कई कारणों से वर्ष 2027 में जनगणना का कार्य शुरू किया गया है। इसके लिए ब्रह्मपुर प्रखंड में 490 गणना प्रगणक, 87 सुपरवाइजर, एक चार्ज अधिकारी, एक उप चार्ज अधिकारी बनाए गए हैं। एक प्रगणक 150 घरों की सूची बनाएंगे। मकान सूची करण का कार्य दो मई से शुरू होगा और 31 मई 26 तक पूरा कर देना है। इस सूची में गृह स्वामी का नाम, कच्चा, पक्का या झोपड़ी के बने मकान और उसकी दीवार, नाली का बहाव, शौचालय, रेडियो, साइकिल, ट्रांजिस्टर, स्कूटर, कार, जीप, वैन, पेयजल और प्रकाश के स्रोत, एलपीजी, इंटरनेट, लैपटाप आदि से संबंधित कुल 33 प्रकार की जानकारी देनी होगी। पिछली बार 2011 की जनगणना में 27 प्रकार की जानकारी मांगी गई थी। इस बार के डिजिटल जनगणना में ग्राम रजिस्टर, नगर रजिस्टर और एक चार्ज रजिस्टर बनेंगे। यह जनगणना का मुख्य दस्तावेज होगा। इसमें गांव का नाम, क्षेत्रफल, गली, मोहल्ला, वार्ड का नाम, बोलचाल की भाषा आदि विवरण रहेगा। जनगणना में 150 परिवारों पर एक नजरी नक्शा बनेगा। इसमें मकान के अलावा मंदिर, मस्जिद, अस्पताल, विद्यालय, तालाब आदि संरचना का विवरण रहेगा।

## बाथरूम से महिला सिपाही की लाश बरामद

**सुपौल।** प्रखंड परिसर स्थित सभा भवन में शनिवार की रात करीब 09 बजे एक महिला सिपाही ने बंद शौचालय में फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। जानकारी अनुसार मृतका रितु कुमारी महिला सिपाही नंबर 1318 जिले के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के पटखोली गांव निवासी जितेन्द्र प्रसाद गुप्ता की 22 वर्षीय पुत्री थी जो मुजफ्फरपुर जिला पुलिस बल से थी और भीमनगर में प्रशिक्षण ले रही थी। 19 मार्च को ईद एवं रामनवमी पर्व की विधि-व्यवस्था ड्यूटी में अन्य महिला पुलिस बल के साथ आई हुई थी। शनिवार की रात सभा भवन में शौचालय में छत के नीचे पंखा के लिए लगी कड़ी में अपना दुपट्टा व पैर के नीचे बैलेट बाक्स रखकर कर फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। इस दौरान सभा भवन में मृत सिपाही के साथ रह रही अन्य महिला सिपाही ने बताया कि शनिवार की रात दूसरे शौचालय से पानी लेकर बंद पड़े शौचालय में गई और बोली स्नान करते हैं, कुछ देर बाद जब देखा तो फंदा से लटकी हुई थी। जिसके बाद सभी पुलिस बल के द्वारा हो-हल्ला किया एवं इस बात की जानकारी थानाध्यक्ष को दी।

## कांग्रेस दल नहीं संस्था है



**पटना।** कांग्रेस महज कोई दल मात्र नही है वो एक संस्था है भारतमाता की अस्मिता, उसकी संप्रभुता, उसकी लोकतांत्रिक पताखा की ध्वजवाहक है। हम कांग्रेस के योद्धा, सिपाही, सेवक हैं हमारे दल ने सदैव तन और मन से राष्ट्र की निश्छलता से सेवा की है। उक्त बातें रणधीर झा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया प्रभारी ने कही। उन्होंने कहा कि हमारे मुखिया महात्मा गांधी जी के दिखाए मार्ग पर चलने वाले बेदाग, शालीन, मर्मस्पर्शी, जनहितैषी, न्यायप्रिय, अहिंसक राहुल गांधी हैं। हम अपने नेता और दल की विचारधारा के संवाहक हैं। उन्होंने बताया कि यह जुनून शरीर के अंतिम स्वास तक अनवरत गतिमान रहेगा। आज सत्तारूढ़ दल देश के संसाधनों का दुरुपयोग विपक्ष के चरित्रहनन से लेकर विपक्ष के नेताओं को खरीद फरोख्त करने में कर रहा है, लेकिन हम अपने दल की हिमालय सदृश विचारधारा पर अडिग रहेंगे और अपने नेता के विचारों को लेकर देश के आखिरी कतार में खड़े व्यक्ति तक लेकर जाते रहेंगे।

# नियोजन मेला 24 को, 466 पदों पर होगी डायरेक्ट बहाली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जामताड़ा।** जिला नियोजनालय की ओर से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 24 मार्च मंगलवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

इस मेले में विभिन्न क्षेत्रों की लगभग दस कंपनियां भाग लेंगी और कुल 466 पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और प्रशासन की ओर से इसे सफल बनाने के लिए व्यापक व्यवस्था की जा रही है। जिला नियोजन पदाधिकारी प्रशांत टुडू ने बताया कि यह रोजगार मेला सुबह 10:30 बजे से दोपहर तीन बजे तक आयोजित होगा। इस मेले में आठवीं पास से लेकर एमबीबीएस तक की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। विभिन्न

### 50 हजार रुपए तक मिलेगा वेतन □ कई प्रमुख कंपनियां होंगी शामिल

कंपनियों द्वारा अलग-अलग पदों के लिए चयन प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिसमें अभ्यर्थियों की योग्यता और अनुभव के आधार पर नियुक्ति की जाएगी।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि रोजगार मेले में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। जो अभ्यर्थी अभी तक निबंधित नहीं हैं, वे झार नियोजन के वेबसाइट के माध्यम से अपना निबंधन करा सकते हैं। निबंधन के बिना अभ्यर्थियों को इस मेले में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

इस रोजगार मेले में भाग लेने वाली प्रमुख कंपनियों में कृष्णा प्राइवेट आईटीआई मिहिजाम, रांची पेशेंट केयर सर्विस, बिरसा सुपर सिक्योरिटी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, कोरेक्स हेल्थ केयर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, एलांटी कंस्ट्रक्शन स्किल टेक्नोलॉजी, हुगली टेक्नियन कंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, केके एंटरप्राइज, राइली इलेक्ट्रॉनिक्स अहमदाबाद, मैक्स एलर्ट सिस्टम लिमिटेड, पारस हॉस्पिटल जामताड़ा तथा एंगल सिक्योरिटी फोर्स प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद शामिल हैं। ये कंपनियां सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, निर्माण, तकनीकी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करेंगी। जिला नियोजनालय के अनुसार, चयनित अभ्यर्थियों को न्यूनतम 10,000 रुपये से लेकर अधिकतम 50,000 रुपये तक मासिक वेतन दिया जाएगा। वेतनमान संबंधित कंपनी, पद और अभ्यर्थी की योग्यता के आधार पर निर्धारित किया जाएगा। इससे स्थानीय युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर मिलने की उम्मीद है।

अभ्यर्थियों को मेले में भाग लेने के लिए अपने साथ सभी आवश्यक दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा। इनमें शैक्षणिक प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, स्थानीय निवास प्रमाणपत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, पासपोर्ट साइज फोटो और अद्यतन बायोडाटा शामिल हैं। प्रशांत टुडू ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही किसी को रिश्वत दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निःशुल्क है।

किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या धोखाधड़ी की सूचना मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस रोजगार मेले के आयोजन से क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को एक ही स्थान पर विभिन्न कंपनियों से जुड़ने और नौकरी पाने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

# व्यापारी को गोली मारकर लूटी बाइक

### क्षेत्र में दहशत का माहौल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** जिले में अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है। अब बदमाश दिन के उजाले में भी वारदात को अंजाम देने से नहीं डर रहे हैं। ताजा मामला डुमरा थाना क्षेत्र का है, जहां हरिछपरा गांव के पास बदमाशों ने एक व्यापारी को गोली मारकर उसकी बाइक लूट ली।

मिली जानकारी के अनुसार, परसौनी थाना क्षेत्र के देमा गांव निवासी 38 वर्षीय दिनेश कुमार वाजिदपुर सब्जी मंडी जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में तीन अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। जब उन्होंने विरोध किया तो बदमाशों ने उनके पैर में गोली मार दी और बाइक छीनकर फरार हो गए।

घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायल व्यापारी को तुरंत शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। डुमरा थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

इस घटना के बाद इलाके में भय का माहौल बना हुआ है और लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# शिया समुदाय के लोगों ने काली पट्टी बांधकर पढ़ी नमाज

## इजरायल तथा अमेरिका के हमलों का जताया सांकेतिक विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** शनिवार शेखपुरा के शिया मुसलमानों ने सादगी के साथ ईद मनाई। इसके साथ बांह पर काली पट्टी बांधकर ईद की विशेष नमाज अदा की। शिया समाज के सामाजिक कार्यकर्ता जफर ने बताया कदम ईरान पर इजरायल तथा अमेरिका के हमलों के विरोध में सांकेतिक रूप से उठाया गया।

ईद की विशेष नमाज शिया मस्जिद में अदा की गई,जिसमें शिया मुसलमानों ने काली पट्टी बांधकर हिस्सा लिया। शिया मस्जिद के इमाम ने भी ईरान पर हो रहे हमलों को लेकर पूरी सादगी के साथ ईद मनाने की अपील की थी।

जफर ने बताया इसी को लेकर ईद की विशेष नमाज के बाद किसी शिया मुसलमान ने एक-दूसरे को ना



तो ईद की बधाई दी और ना ही किसी के गले लगे। विशेष नमाज से पहले हुई तकरीर में भी इमाम ने ईरान पर अमेरिका तथा इजरायल के हो रहे हमलों को इंसानियत के विरुद्ध बताया।

ईद पर शिया मुसलमानों के घरों में भी पूरी सादगी रही। लोग मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद सीधे अपने घर चले गए। बता दें शेखपुरा में काफी संख्या में शिया मुसलमान भी रहते हैं।

इधर दूसरी ओर हुसैनाबाद में स्थित शिया कर्बला से अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये की संपत्ति चुरा ली। घटना की सूचना पर अरियरी थाना की पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। पुलिस ने बताया लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करके आगे की कार्यवाही की जाएगी।चोरों की पहचान के लिए कर्बला के आसपास निजी घरों में अवस्थित सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे हैं। कर्बला में चोरी की यह घटना शुक्रवार की रात हुई।

शिया समुदाय के सामाजिक कार्यकर्ता सब्बी ने बताया शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने हुसैनाबाद स्थित शिया कर्बला का दरवाजा तोड़कर उसमें रखे कई सामाग्री चुरा लिया।

कर्बला में हुई इस चोरी की घटना के बाद शिया समुदाय में भारी रोष देखा जा रहा है। कुछ दिन पूर्व मस्जिद में भी चोरी हो गई थी।

# बारिश ने खोली व्यवस्था की पोल, रोष

## सड़कों पर कीचड़ और जलजमाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** कीचड़, फिसलन, भनभनाती मक्खियों का झुंड। कुछ यही तस्वीर हमारे स्मार्ट सिटी का है। दावे बड़े हैं, लेकिन हकीकत इसके विपरीत है। शुक्रवार की शाम हुई हल्की वर्षा शहर के लोगों के लिए आफत बन गई। एक ओर ईद की खुशियां तो दूसरी ओर कीचड़ से सनी सड़कें।

ऐसे में प्रश्न उठना लाजमी है। हर वार्ड में टैक्स कलेक्शन का शिविर लगा है। अधिक से अधिक टैक्स वसूली पर जोर दिया जा रहा है। हैरत इस बात की है कि लोगों की समस्याएं जानने के लिए कभी भी कोई अब तक नहीं लगाया गया।

हल्की वर्षा के बाद शहर के कई इलाकों में जलजमाव और कीचड़ की समस्या उत्पन्न हो गई। सड़कों पर फिसलन बढ़ गई, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जगह-जगह गंदगी और भनभनाती मक्खियों ने हालात को और खराब कर दिया।

रामचन्द्रपुर, भरावपर, सोगरा कालेज रोड, झींगनगर और कटरा स्थित सब्जी बाजार समेत कई वार्डों की सड़कें कीचड़ से सनी नजर आईं। कई जगहों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया।

नगर निगम द्वारा हर वार्ड में टैक्स कलेक्शन शिविर लगाए जा रहे हैं और अधिक से अधिक राजस्व जुटाने पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि उनकी समस्याएं सुनने या समाधान के लिए कोई शिविर या पहल अब तक नहीं की गई है।

लोगों ने बताया कि वर्षा के बाद शहर की स्थिति विकराल हो जाती है। बावजूद इसके, नगर निगम द्वारा स्थायी समाधान के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

# बिहार की ग्रामीण सड़कों पर दौड़ रहा राज्य के विकास का रथ : अशोक चौधरी

## अब ग्रामीणों की एक शिकायत पर 24 से 72 घटे में दुरुस्त हो रही हैं गांव की सड़कें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** ग्रामीण कार्य मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने कहा कि बिहार की ग्रामीण सड़कों पर विकास का रथ अपनी पूरी गति के साथ दौड़ रहा है। राज्य की ग्रामीण सड़कों को दो लेन की सड़क में तब्दील किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने ग्रामीण सड़कों की निगरानी का काम भी जनता को सौंप दिया है। ग्रामीण सड़कों से संबंधित समस्याएं जनता से ऑनलाइन मांगी जा रही हैं और उनकी शिकायतों को 24 से 72 घंटे के अंदर दूर किया जा रहा है। ग्रामीण कार्य मंत्री डॉ. अशोक चौधरी रविवार को राजधानी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में बिहार दिवस के अवसर पर ग्रामीण कार्य विभाग के पैवेलियन का उद्घाटन कर रहे थे। इस अवसर पर विधान पार्षद संजय सिंह भी उपस्थित थे। डॉ. अशोक चौधरी ने पैवेलियन का उद्घाटन करते हुए कहा कि अब बिहारी होना दुनिया में सम्मान का विषय बन चुका है। उन्होंने बिहार दिवस मनाने की परंपरा शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही बिहार की गौरवशाली इतिहास और समृद्ध परम्पराओं का उत्सव मनाने के लिए बिहार दिवस की शुरुआत की है। यह वही दिन है जब वर्ष 1912 में बंगाल से बिहार का विभाजन हुआ था। उन्होंने कहा कि यह देश का वही राज्य है जहां से कभी सम्राट अशोक ने अखंड भारत पर राज किया था। डॉ. चौधरी ने ग्रामीण कार्य विभाग की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि जब आज से करीब 21 साल पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी तब बिहार में ग्रामीण सड़कों की कुल लम्बाई महज सात हजार किलोमीटर थी। आज बिहार में ग्रामीण सड़कों की लम्बाई बढ़कर एक लाख, बीस हजार किलोमीटर से भी अधिक हो चुकी है। साथ ही विभाग द्वारा राज्यभर में कुल 2893 ग्रामीण पुलों का भी निर्माण किया गया है। अब ऐसी कोई भी ग्रामीण बसावट नहीं है जो पक्की बारहमासी सड़कों से जुड़ी न हो।

**24 घंटे में ठीक हो रही गांव की सड़कें!**

उन्होंने कहा कि बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है और यहां विकास का रास्ता गांवों से होकर गुजरता है। चकाचक ग्रामीण सड़कों ने न केवल राज्य के कृषि उत्पादन में अपना योगदान दिया है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नए पंख लगे हैं। अब ग्रामीणों की पहुंच से न तो शिक्षण संस्थान दूर हैं और न ही बैंक, बाजार और अस्पताल। ग्रामीण सड़कों से संबंधित शिकायतों की निपटारे के लिए विभाग ने 'हमारा बिहार हमारी सड़क' नामक एक मोबाइल एप का निर्माण किया है जिस पर ग्रामीण सड़कों से सम्बंधित सभी समस्याओं और शिकायतों का निपटारा महज 24 से 72 घंटे के बीच किया जा रहा है।

**बदलते बिहार की असली तस्वीर**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने बिहार की गौरवशाली इतिहास और समृद्ध परम्पराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए हर साल 22 मार्च को बिहार दिवस का उत्सव मनाने की शुरुआत की है। उन्होंने राज्य के लोगों में बिहारी होने का गौरव भरा है। इसके लिए बिहार गान और बिहार गीत की भी रचना की गई है।

# विरासत को आधार बना कर विकास करेगा बिहार : डॉ प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से दो दिवसीय 'पाटलिपुत्र विमर्श' कार्यक्रम का आयोजन 21 और 22 मार्च 2026 को पटना संग्रहालय में किया गया। इस महत्वपूर्ण बौद्धिक एवं सांस्कृतिक सम्मेलन में बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि 'पाटलिपुत्र विमर्श' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बिहार के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सार्थक पहल है। उन्होंने कहा कि राज्य की प्राचीन गौरवशाली विरासत और समृद्ध इतिहास को आधार बनाकर आधुनिक विकास की नई इबारत लिखी जा सकती है। इसके लिए बुद्धिजीवियों, नीति-निर्माताओं, उद्यमियों और युवाओं को एक मंच पर आकर सामूहिक प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि यह मंच शिक्षा, उद्यमिता, तकनीकी नवाचार, संस्थागत सुधार और सांस्कृतिक पहचान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर चिंतन और व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि विकास की गति तभी तेज होगी जब 'क्या किया जा सकता है' के साथ-साथ 'कौन करेगा' पर भी स्पष्ट रूप से काम किया जाए। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार में अपार संभावनाएं हैं जिन्हें सही दिशा और समन्वित प्रयासों से साकार किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं को नवाचार और उद्यमिता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया और सभी प्रतिभागियों से बिहार के सकारात्मक परिवर्तन में भागीदार बनने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों ने बिहार के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास से जुड़े विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। सम्मेलन का उद्देश्य राज्य की विकास यात्रा को नई दिशा देना और बिहार की छवि को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सशक्त बनाना रहा।

# बिहार में आंधी और बारिश से हुई फसल क्षति के शीघ्र आकलन का निर्देश

## राज्य के खजाने पर पहला हक आपदा पीड़ितों का : राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव द्वारा आज बिहार के जिलों में असमय हुई आंधी और बारिश से फसल को हुए नुकसान पर प्रधान सचिव, कृषि निदेशक, उद्यान निदेशक एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को फसल के क्षति का आकलन करने का निर्देश दिया। साथ ही कृषि विभाग की टीमों को सक्रिय कर किसानों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने को कहा। मंत्री द्वारा आंधी और बारिश के कारण हुए फसलों के नुकसान का अविलम्ब आकलन करने का निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिया गया। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य की सरकार आपदा की इस घड़ी में किसानों के साथ पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी है। किसानों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के खजाने पर पहला हक आपदा पीड़ितों का है। कृषि मंत्री ने कहा कि आंधी और बारिश के कारण हुए फसल क्षति का आकलन प्रतिवेदन प्राप्त हो जाने के बाद कृषि विभाग वैकल्पिक फसलों के बीज से लेकर अन्य सभी विकल्पों पर विचार करेगी तथा किसानों को त्वरित सहायता उपलब्ध करायी जायेगी।

# सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख रहने वाले मोदी जी को कोटिशः बधाई : मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व बिहार सरकार के स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने भारत में सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख रहने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोटिशः आत्मिक बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर सरकार के प्रमुख के रूप में 8,931 दिन पूरे करने के साथ ही प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के 8,930 दिनों के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। श्री पाण्डेय ने कहा है कि पीएम मोदी इससे पहले गुजरात के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्री रह चुके हैं और ऐसे प्रधानमंत्री भी हैं जिनके पास मुख्यमंत्री के तौर पर काम करने का सबसे लंबा अनुभव है। श्री मोदी 4 बार गुजरात के मुख्यमंत्री और 3 बार प्रधानमंत्री बन कर अब तक सरकार के प्रमुख रहने वाले पहले व्यक्ति है। श्री नरेंद्र मोदी 7 अक्टूबर 2001 को 51 साल की उम्र में बिना विधायक बने ही गुजरात के 14वें मुख्यमंत्री बने। इसके बाद वे 2002 में, 2007 में और फिर 2012 में गुजरात के मुख्यमंत्री चुने गए। अपने राजनीतिक सफर के 24 सालों में से पीएम मोदी 14 साल गुजरात के मुख्यमंत्री रहे। पिछले 11 साल से वे देश के प्रधानमंत्री हैं।

# आज हम अपनी समृद्धशाली विरासत को कर रहे हैं याद : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लिखे पत्र में बिहारवासियों को दिए गए प्रेरणादायी संदेशों के लिए बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पीएम मोदी का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के लिखे गए पत्र के शब्दों में बिहार के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और उज्ज्वल भविष्य की जो झलक दिखाई देती है जो हम सभी के लिए प्रेरणादाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का 'सबका साथ, सबका विकास' के मूल मंत्र ने पूरे देश को एक नई दिशा दी है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 'विकसित बिहार' का संकल्प भी निरंतर सशक्त हो रहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वय से यह प्रगति और भी तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि आने वाले दिनों में देश और बिहार दोनों निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बिहार दिवस पर देशवासियों और प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि आज पूरा प्रदेश उत्साह और उल्लास के साथ स्थापना दिवस मना रहा है। बिहार के अलावा देश-विदेश के विभिन्न स्थानों पर भी बिहार स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। एनडीए सरकार के सत्ता में आने के समय से ही हमने बिहार का स्थापना दिवस मनाना शुरू कर दिया था। आज यह उत्सव न केवल राज्य की राजधानी में बल्कि बिहार के हर जिले में और देश-विदेश में जहां भी बिहार की इकाइयां हैं, वहां मनाया जा रहा है।

# पाटलिपुत्र रेल परिसर में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन के बैनर तले पाटलिपुत्र रेल परिसर में मल्टीपरप्स हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 102 पुरूषों एवं 57 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। यहां मेडिसिन, स्त्री रोग, इएनटी, आंख एवं दंत रोग के चिकित्सक उपस्थित थे। सभी अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए खून जांच एवं इसीजी की भी व्यवस्था थी। साथ ही लोगों का बीएमडी का भी परीक्षण किया गया। कैंप में 14 वर्ष से कम आयु के 10 बच्चियों को एचपीभी वायरस से बचाव हेतु टीकाकरण भी किया गया।

# बिहार दिवस पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में गूंजी 'बिहार गाथा'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हाजीपुर / वैशाली।** बिहार दिवस के अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में आयोजित भव्य कार्यक्रम ने उत्सव को नई ऊंचाई प्रदान की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, तकनीकी जागरूकता और युवाओं के उत्साह से पूरा परिसर गुंजायमान रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा द्वारा गणेश वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया एवं कार्यक्रम का संचालन प्रभावशाली एवं ऊर्जावान शैली में किया गया। इस अवसर पर संस्थान के सभी कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। गीत-संगीत, भाषण एवं संवाद सत्रों ने युवाओं में नई ऊर्जा एवं आत्मविश्वास का संचार किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा डॉ. आनंद रंजन झा द्वारा रचित 'बिहार गाथाः गौरवमयी अतीत और आधुनिक उड़ान' जिसका प्रभावशाली वाचन निधि द्वारा किया गया। गाथा ने बिहार के गौरवशाली अतीत और आधुनिक तकनीकी युग के समन्वय को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। इस अवसर पर संस्थान परिवार द्वारा डॉ. आनंद रंजन झा को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं–अनीशा, मनीषा, अंशु, लक्ष्मी, निधि, नर्गिस एवं अंकित को भी सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में डॉ. आनंद रंजन झा ने युवाओं को डिजिटल युग के अनुरूप स्वयं को तैयार करने का आह्वान करते हुए कहा 'अब समय आ गया है कि हम बिहार के 'ऑपरेटिंग सिस्टम' को अपडेट करें और अपने कौशल को वैश्विक स्तर तक ले जाएं। हर युवा इस डिजिटल क्रांति का एडमिन है।' कार्यक्रम के दौरान युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई), डिजिटल स्किल्स एवं रोजगार के नए अवसरों की जानकारी दी गई तथा उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया। यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक उत्सव रहा, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा और नई दिशा प्रदान करने वाला एक सशक्त मंच भी साबित हुआ। अंत में संस्थान परिवार द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# क्यू-मित्र : तत्काल टिकट व्यवस्था में डिजिटल भरोसे की नई कहानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** यात्री सुविधा, निष्पक्षता और पारदर्शिता–भारतीय रेल के इन मूल सिद्धांतों को साकार करते हुए सोनपुर मंडल ने तत्काल टिकट व्यवस्था में एक ऐतिहासिक और अभिनव डिजिटल पहल 'क्यू-मित्र' को सफलतापूर्वक लागू किया है। यह पहल केवल एक तकनीकी समाधान नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही कतार, अव्यवस्था और असंतोष की समस्याओं का स्थायी, पारदर्शी और मानवीय समाधान है।

तत्काल टिकट के दौरान मैनुअल कतार प्रबंधन में धांधली, प्राथमिकता को लेकर विवाद, भीड़भाड़ और 'पहले आओ-पहले पाओ' सिद्धांत के उल्लंघन जैसी शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। इन चुनौतियों ने न केवल यात्रियों को असुविधा दी, बल्कि कर्मचारियों पर भी अनावश्यक दबाव बढ़ाया। इन समस्याओं के समाधान हेतु सोनपुर मंडल ने मानव-रहित, छेड़छाड़-रोधी और पूरी तरह स्वचालित प्रणाली क्यू-मित्र को अपनाया जो निष्पक्षता का भरोसा और पारदर्शिता की गारंटी देता है। क्यू-मित्र एक स्व-सेवा, कियोस्क-आधारित डिजिटल कतार प्रबंधन प्रणाली है जिसमें यात्री स्वयं टोकन उत्पन्न करते हैं-किसी कर्मचारी की भूमिका नहीं, आधार आधारित सत्यापन और चेहरे की पहचान से अद्वितीय पहचान सुनिश्चित, पेपर टोकन पर यात्री का फोटो, आधार के अंतिम चार अंक, टोकन संख्या और समय स्पष्ट रूप से अंकित, डिजिटल डिस्प्ले पर लाइव कतार स्थिति और अब सेवा कर रहा हूं की जानकारी, कियोस्क यात्रियों को हिंदी ऑडियो-विजुअल निर्देशों से मार्गदर्शन करता है।

# बिहार दिवस पर प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् ने लगाया पर्यावरण संरक्षण जागरुकता स्टॉल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार दिवस के अवसर पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा गांधी मैदान, पटना में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग, बिहार सरकार के पंडाल में एक पर्यावरण संरक्षण जागरुकता स्टॉल लगाया गया है। इस स्टॉल के माध्यम से जन-सामान्य में जागरुकता हेतु आठ विभिन्न पर्यावरणीय विषयों पर मुद्रित रंगीन फोल्डरों यथा- ठोस अपशिष्ट, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन, वाहन प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियमावली, 2000, जीव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, ई. अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इत्यादि का वितरण कराया जा रहा है। पर्षद् के प्रकाशनों का अलग-अलग कोड बनाया गया है जिसे स्कैन कर डाउनलोड कर पढ़ा जा सकता है। पर्षद् के इस स्टॉल पर वातावरण में मौजूद धूलकण के नमूना संग्रहण करने वाले यंत्रों को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही ध्वनि स्तर मापक यंत्र का संचालन कर दर्शकों को दिखाया जा रहा है। पर्षद् के वैज्ञानिक कर्मी इनके परिचालन के संबंध में दर्शकों की जिज्ञासा का समाधान कर रहे हैं। विभिन्न विषयों पर रंगीन स्टैंडी का प्रदर्शन कराया गया है जिसमें- ठोस अपशिष्ट, जल प्रदूषण, मिशन लाइफ की स्टैंडी, नो हार्न डे इत्यादि है। इस अवसर पर राज्य पर्षद् द्वारा पुनः यह अपील दुहराई गई- हर रविवार को 'नो हॉर्न डे मनाएं एवं सप्ताह के अन्य दिनों.... बेवजह हार्न न बाजएं।

# 'उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार' थीम के साथ समारोह की शुरुआत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अपनी गौरवशाली विरासत को संजोए और भविष्य की नई उड़ान भरने के संकल्प के साथ, पटना के गांधी मैदान में आज 114वें बिहार दिवस समारोह का भव्य शुभारंभ हुआ। इस वर्ष का मुख्य विषय 'उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार' है जो राज्य के सर्वांगीण विकास का प्रतिबिंब है। समारोह के पहले दिन गांधी मैदान विभिन्न विभागों के स्टॉल्स और प्रदर्शनियों से सराबोर दिखा जहां शासन और प्रशासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ जनता तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। यह समारोह न केवल बिहार की उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि यह आत्मनिर्भर और विकसित बिहार के निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम है जहां हर विभाग तकनीक, शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल के माध्यम से प्रदेश की जनता को सशक्त बना रहा है।

# बिहार दिवस पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पवेलियन का निदेशक अनिल कुमार ने किया परिभ्रमण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार दिवस के मौके पर पटना के गांधी मैदान में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पवेलियन का रविवार को विभागीय निदेशक अनिल कुमार ने परिभ्रमण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस वर्ष बिहार दिवस का थीम 'उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार' रखा गया है। इस थीम के अनुरूप पवेलियन में आम जनता को सरकार की तमाम कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। उन्होंने पवेलियन में लगी राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कहा कि इस बार का बिहार दिवस कई मायनों में खास है। इसके साथ ही उन्होंने यहां वर्चुअल सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी ली और कहा कि यह आगंतुकों के लिए नया और अनोखा अनुभव होगा। इस बार पवेलियन का मुख्य आकर्षण केंद्र वर्चुअल सेल्फी पॉइंट रहा जहां दर्शकों की लंबी कतारें लगी दिखाई दीं। लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अखबारों में छपी अपनी तस्वीरों के साथ सेल्फी लेने के लिए उत्साहित नजर आए। यहां एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री के 'सात निश्चय' भाग 1, 2 और 3 की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। साथ ही राज्य की विकास यात्रा को दर्शाते जीवंत चित्रों और वीडियो के माध्यम से प्रगति से भरी तस्वीरें प्रस्तुत की जा रहीं हैं। पवेलियन में बिहार के इतिहास, संस्कृति और आधुनिक विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएं और अन्य प्रकाशन सामाग्रियां बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। विशेष रूप से बिहार समाचार पत्रिका का निशुल्क वितरण किया जा रहा है जो आगंतुकों के बीच खासी लोकप्रिय हो रही है। कार्यक्रम के तीनों दिनों विभाग के पवेलियन में विशेष सांस्कृतिक आयोजन किया गया है।

# डिजिटल पेमेंट्स को बढ़ावा देगा धोनी और भीम ऐप का नया गठजोड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड ने विश्व कप विजेता और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को भीम पेमेंट्स ऐप, 'भारत का अपना पेमेंट्स ऐप' का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की। यह साझेदारी दो ऐसे नामों को एक साथ लाती है जो भरोसे, निरंतरता और विश्वसनीयता के प्रतीक हैं ऐसे मूल्य जो पीढ़ियों और भौगोलिक सीमाओं से परे लोगों से जुड़ते हैं। जैसे-जैसे भीम भारत की डिजिटल पेमेंट्स यात्रा को सक्षम करते हुए अपने एक दशक के करीब पहुंच रहा है, यह सहयोग उसके अगले विकास चरण की दिशा में एक रणनीतिक कदम है जो स्केल, समावेशन और दीर्घकालिक यूजर विश्वास पर केंद्रित है। यह साझेदारी मूल्यों और यात्रा के स्वाभाविक मेल को दर्शाती है। भीम पेमेंट्स ऐप, नेशनल पेमेंट्स कारपोरेशन ऑफ इंडिया के मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर पर आधारित सुरक्षित डिजिटल भुगतान उपलब्ध कराता है। एनबीएसएल की एमडी और सीईओ ललिता नटराज ने कहा इस साझेदारी का उद्देश्य भीम को हर भारतीय परिवार का पसंदीदा पेमेंट्स ऐप बनाना है।

# श्री गोपी कृष्ण गौआश्रम में गौमाता को लगाये गये छप्पन भोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** श्री गोपी कृष्ण गौआश्रम, पटना में श्री हरिओम स्माइल्स संस्था की ओर से बहुत सारी महिलाओं ने भक्ति भाव से सराबोर होकर गौमाता को 56 भोग प्रसाद अर्पण किया। 56 भोग में सभी प्रकार की हरी हरी ताजी साग-सब्जी, सीजन में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के ताजे फल, चना, गुड़, चोकर, भूसा इत्यादि के साथ ही रोटी, पूरी, नाना प्रकार के व्यंजन एवं मिष्टान भी श्रद्धालुओं ने गौमाता को अर्पण किया। सभी गौमाता अपनी स्वादिष्ट भोजन पाकर अत्यन्त आनन्दित होकर रंभा रही थीं, मानो सबको अपना आशीर्वाद दे रही हों। 56 भोग अर्पण कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित संगीता पटवारी, नीना मोटानी, संध्या पंसारी, डॉ उषा अग्रवाल, केशरी अग्रवाल, बेला गोयल एवं अन्य सभी ने सामूहिक रूप से ध्यान, शान्तिपाठ, कीर्त्तन एवं हवन में भी भाग लिया। इस भक्तिमय माहौल में पूरा गौआश्रम परिसर अद्भुत दिव्यता से सराबोर हो रहा था। सभी श्रद्धालुओं ने कहा कि यहां आकर असीम शान्ति का अनुभव होता है। गौमाता को प्रसाद अर्पण कर स्पर्श करना बहुत ही अद्भुत आनन्द प्रदान करता है।

# लेट्स इंस्पायर बिहार का 5वां भव्य वार्षिकोत्सव

## बिहार सांस्कृतिक पुनर्जागरण महासभा के रूप में ऐतिहासिक आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान का 5वां भव्य वार्षिकोत्सव पटना के बापू सभागार में 'बिहार सांस्कृतिक पुनर्जागरण महासभा' थीम के तहत ऐतिहासिक, भव्य और अभूतपूर्व सफलता के साथ आयोजित हुआ। लगभग 5,000 की क्षमता वाला सभागार पूरी तरह भरा रहा जो अभियान के प्रति लोगों के बढ़ते जुड़ाव और उत्साह को दर्शाता है। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण, दीप प्रज्ज्वलन और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई जिसने बिहार के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की भावना को जीवंत किया। गायत्री मंदिर टीम द्वारा योग प्रस्तुति ने अनुशासन और समग्र विकास का संदेश दिया, वहीं बेगूसराय टीम द्वारा छठ गीतों पर आधारित समूह नृत्य ने बिहार की सांस्कृतिक विरासत और गौरव को दर्शाया। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ पत्रकार अनुप नारायण सिंह, डॉ. शबनम अखौरी एवं श्वेता सुर्भी ने किया। इस अवसर पर परमाहंस स्वामी अगमानंद जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि भारत भारती के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय भाई पत्राले विशेष रूप से पुणे से शामिल हुए। कार्यक्रम में आईपीएस अधिकारी विकास वैभव, सैयद शमाइल अहमद, विधायक मिथिलेश तिवारी, विधायक रजनीश कुमार, डॉ. प्रीति बाला, डॉ. बी. प्रियम, लव कुमार सिंह, ज्ञानेश्वर वात्स्यायन, कुमार प्रबोध, रामाकांत शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

## संपादकीय

# सिस्टम का 'शॉर्ट सर्किट' और खराब उपकरण बन रहे मौत का कारण ?

दिल्ली में अनियोजित विकास की आपाधापी में जिस तरह से नियमों को धता बताया जाता रहा है, उसका नतीजा बार-बार किसी हृदयविदारक हादसे के रूप में सामने आता है। राजधानी के पालम इलाके की एक रिहाइशी इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत हो गई। कुछ लोग बच गए, लेकिन बुरी तरह झुलसे हैं।बताया जा रहा है कि घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्र में शार्ट सर्किट के कारण आग लगी थी। उस इमारत में भूतल और पहली मंजिल पर कपड़े और सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें थीं, जिससे आग मिनटों में फैली। घर की बनावट ऐसी थी कि फंसे लोगों को बचाने की कोशिश नाकाम रही। साथ ही, मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों के खराब उपकरणों के कारण बचाव कार्य में देरी हुई।अगर विभाग की हाइड्रोलिक प्रणाली समय पर काम करती, तो कुछ लोगों की जान बचाई जा सकती थी। इस अग्निकांड से कई पुराने सवाल उठ रहे हैं, जिन पर अक्सर चर्चा होती है और नतीजा सिफर रहता है। इस हादसे में सुरक्षा नियमों की अनदेखी और विफलता के सवाल अहम हैं। दिल्ली में ऐसी कई इमारतें हैं, जो मिश्रित आवासीय-व्यावसायिक हैं। अवैध कालोनियों में नियमों के अनुपालन की उम्मीद करना बेमानी है।राजधानी में अधिकांश जगहों की यही तस्वीर है। ऐसी जगहों पर किसी भी तरह का हादसा होने पर बचाव कार्य में प्रायः दिक्कत होती है। संकरी गलियों के कारण आग लगने पर दमकल गाड़ियां पहुंचने में समय लेती हैं। अनियोजित बस्तियों में आपातकालीन सेवाओं के प्रभावी ढंग से काम करने की अक्षमता कई बार उजागर हुई है। पालम में भी यह स्थिति दिखी।राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इस तरह के इलाकों में आग लगने की घटनाओं की कई बार भयावह तस्वीरें सामने आई हैं। दो साल पहले विवेक विहार के एक अस्पताल में आग लगने से आठ शिशुओं की मौत हो गई थी। ऐसी सैकड़ों घटनाएं दर्ज की गई हैं। अक्सर, इमारतों में अग्नि सुरक्षा संबंधी इंतजाम नहीं होते। विद्युत प्रणालियां दोषपूर्ण होती हैं या भवन निर्माण संबंधी नियमों का उल्लंघन होता है।ऐसे हादसों में अक्सर प्रशासनिक उदासीनता, नगर निकायों में भ्रष्टाचार और विकासकर्ताओं तथा अधिकारियों के बीच सांठगांठ के तथ्य सामने आते हैं। सवाल उठता है कि आगे का रास्ता क्या हो? अधिकारियों को चाहिए कि वे आपदाओं के बाद नोटिस जारी करने से आगे बढ़कर सभी क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।दिल्ली में जनसंख्या घनत्व को देखते हुए, संकरी गलियों में अग्निशमन सेवाओं की पहुंच में सुधार और विद्युत अवसंरचना का उन्नयन आवश्यक है।

*56 इस्लामिक देशों को मिलाकर गठित ओआईसी और उसके इस्लामिक नाटो बनाने का वैश्विक लक्ष्य, यहूदियों के एकमात्र छोटे से मुल्क इजराइल को समाप्त करने पर तुले हुए ईरान की सनक से गहराते फिलिस्तीन-गाजा विवाद और भारतीय हिंदुओं के खिलाफ पाकिस्तान परस्त ओआईसी के अंतर्राष्ट्रीय दांवपेंचों ने जब हिंसक और आतंकवाद परस्त इस्लामिक दुनिया को मौजूदा क्रूर संघर्ष के मुकाम तक पहुंचा दिया तो जिधर देखें उधर तबाही और बर्बाद होने के अलावा अन्य कोई दूसरा रास्ता नजर नहीं आता। वैचारिक सवाल है कि जब हर हिंसक सोच का त्रासदीपूर्ण अंत होना नैसर्गिक प्रक्रिया के मुताबिक तय है तो फिर ईरान और अमेरिका इसी रक्तिम राह पर अग्रसर क्यों हैं? और यदि वो ऐसे ही हैं तो इससे शेष दुनिया आश्चर्यचकित क्यों है? शायद इसलिए कि उनके तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हो चुकी है।*

# अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध से तेल-गैस संकट गहराया

**(कमलेश पांडे)**

दिलचस्प बात तो यह है कि गैर नाटो देशों में ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया और भारत ने भी इस मामले में अमेरिका के आह्वान को नजरअंदाज कर दिया है। यूँ तो अमेरिका ने चीन से भी होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने में सहयोग मांगा, लेकिन सबने इंकार कर दिया, जिससे अमेरिका अलग थलग पड़ गया।

पश्चिमी एशिया के लिए अभिशाप साबित हो रहे ईरान-इजरायल युद्ध, कोई साधारण युद्ध नहीं बल्कि एक प्रकार का सभ्यता-संस्कृति संघर्ष है, जिसके बीज इतिहास में ही जमे हुए हैं। एक ओर जहां यह युद्ध इजरायल के लिए उसके अस्तित्व के रक्षा की लड़ाई है, वहीं दूसरी ओर यह युद्ध ईरान के लिए ईसाई मुल्कों के कथित लोकतांत्रिक-आर्थिक दांवपेंचों से ईरान को महफ़ूज रखकर अरब-खाड़ी देशों में एक मजबूत इस्लामिक साम्राज्य स्थापित करने की मनःसंकल्पित सोच-समझ और ईरान से वैश्विक इस्लामिक साम्राज्यवाद का दबदबा बढ़ाने के लक्ष्य को केंद्र में रखकर लड़ी जा रही है, जो आगे भी बदस्तूर जारी रह सकती, क्योंकि ईरानी धार्मिक शासन व संगठन का एकमात्र ध्येय यही है।

वहीं, पश्चिम एशिया और मध्य-पूर्व के अकूत तेल व गैस भंडार पर जिस तरह से अमेरिकी-यूरोपीय गठबंधन वर्चस्व कायम है, और अपने अपने हितों को लेकर उनके बीच भी अंतर्विरोध उपज चुका है, वह अप्रत्याशित है। जबकि मध्यपूर्व में अमेरिकी वर्चस्व तोड़ने के लिए रूसी-चीनी नेतृत्व भी आमादा प्रतीत हो रहे हैं, जिसके दृष्टिगत चल रहे दांवपेंचों से इस्लामिक मुल्क लगभग दो या चार फाड़ हो चुके हैं। सच कहूं तो शिया-सुन्नी इस्लामिक विभाजन इसकी जड़ में है, लेकिन सुन्नी बहुल सऊदी अरब, शिया बहुल ईरान, हिन्दू विरोधी पाकिस्तान और मुसलमानों का खलीफा बनने की चाहत रखने वाले तुर्किये के आपसी दांवपेंच किसी से छिपे हुए नहीं हैं।

इसके बावजूद, 56 इस्लामिक देशों को मिलाकर गठित ओआईसी और उसके इस्लामिक नाटो बनाने का वैश्विक लक्ष्य, यहूदियों के एकमात्र छोटे से मुल्क इजराइल को समाप्त करने पर तुले हुए ईरान की सनक से गहराते फिलिस्तीन-गाजा विवाद और भारतीय हिंदुओं के खिलाफ पाकिस्तान परस्त ओआईसी के अंतर्राष्ट्रीय दांवपेंचों ने जब हिंसक और आतंकवाद परस्त इस्लामिक दुनिया को मौजूदा क्रूर संघर्ष के मुकाम तक पहुंचा दिया तो जिधर देखें उधर तबाही और बर्बाद होने के अलावा अन्य कोई दूसरा रास्ता नजर नहीं आता।

वैचारिक सवाल है कि जब हर हिंसक सोच का त्रासदीपूर्ण अंत होना नैसर्गिक प्रक्रिया के मुताबिक तय है तो फिर ईरान और अमेरिका इसी रक्तिम राह पर अग्रसर क्यों हैं? और यदि वो ऐसे ही हैं तो इससे शेष दुनिया आश्चर्यचकित क्यों है? शायद इसलिए कि उनके तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हो चुकी है, और अबतक सारा शांतिपूर्वक तमाशा देखने वाला खेल लगभग बिगड़ चुका है। संयुक्त राष्ट्र संघ के वैश्विक दायित्व पर सवालिया निशान तो बहुत पहले ही लग चुके हैं, लेकिन पीस बोर्ड ऑफ गाजा क्या कर रहा है?

उधर, अमेरिकी-यूरोपीय देशों को बैलेंस रखने वाले रूस-चीन-उत्तरकोरिया गठजोड़ और अमेरिका को छोड़कर वीटो शक्ति प्राप्त अन्य चार देश क्या कर रहे हैं? दुनिया को वसुधैव कुटुंबकम का पाठ पढ़ाने वाला भारत और उसका ग्लोबल साउथ चुप्पी क्यों साधे बैठें हैं? कथित ओआईसी ईरान को मरता-पिछड़ता देखकर बेचैन क्यों नहीं हो रहा है? अब्राहम परिवार के भागीदार देशों के मुंह पर पट्टी क्यों बंधी हुई है? यदि कुछ देशों को परमाणु बम रखने और लंबी दूरी वाली मिसाइल बनाने का हक है तो फिर वही हक ईरान को रहने देने में किसको परेशानी हुई है?

सुलगता सवाल है कि क्या कर ईरान को परमाणु बम बनाने का हक नहीं है, जबकि सिर्फ पाकिस्तान को यही हक अमेरिकी अगुवाई में प्राप्त है? क्या ईरान को लंबी दूरी की मिसाइल बनाने का हक नहीं है, और सिर्फ पाकिस्तान को अमेरिकी-चीनी सरपरस्ती में प्राप्त है? आखिर ऐसी ओछी दलीलों के पीछे अमेरिकी खलनीति तो साफ नजर आती है, क्योंकि इन्हीं सतही वजहों के सहारे ईरान पर हमले किए गए। न केवल ईरानी सुप्रीम




लीडर और उनके चहेतों को मार गिराया गया, बल्कि उच्च पदस्थ लोगों के खात्मे का सिलसिलेवार अभियान इजरायल द्वारा जारी है!

फिर भी ईरान ने जो अपनी रणनीतिक ताकत दिखाई, संगठनात्मक क्षमता प्रदर्शित किया, उससे ईरान विरोधी देश दंग हैं और यूरोपीय नाटो देश भयभीत! शायद इसलिए भी अब वो अमेरिका के साथ पूरी तरह से खड़े दिखाई देना नहीं चाहते हैं। ईरान अपने ही सहोदर अरब-खाड़ी व मध्यपूर्व के देशों की जो कुटाई कर रहा है, उसकी कल्पना भी कभी ओआईसी ने नहीं की होगी! इन तमाम रक्तिम रंजिशों के पीछे समझदारी की भावना है या ईर्ष्या का भाव, यह तो बाद में पता चलेगा, लेकिन उससे पहले ईरान क्या करेगा? अमेरिका इजरायल परस्त अपने पड़ोसियों को कितना बर्बाद कर पाएगा, यह वक्त बताएगा।

सवाल यह भी है कि जब इस्लामिक नाटो बनाने के सपने संजोए जा रहे हैं, पाकिस्तान और तुर्की जैसे मुल्क भारत विरोध के नाम पर इजरायल विरोध तक पर तुले हुए हैं, उसके दृष्टिगत इजरायल का आक्रामक होना लाजिमी है। इस लंबे खिंचते जा रहे युद्ध से बचने के लिए दुनिया के थानेदार अमेरिका ने पूरी कोशिश की, लेकिन जिस तरह से पश्चिमी एशिया में ईरान अपनी मनमानी पर तुला हुआ है, उसे रूस-चीन-उत्तरकोरिया और कुछ हदतक भारत का समर्थन हासिल है, उसके दृष्टिगत इजरायल की रक्षा करने का कर्तव्य अमेरिका का तो बनता ही है, क्योंकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था की रीढ़ यहूदी कौम ही है। वो भी तब जबकि पश्चिमी एशिया के सुन्नी मुस्लिम देश भी शिया मुस्लिम मुल्क ईरान को कमजोर रखने को लालायित हों।

यही वजह है कि अमेरिकी आक्रामकता, इजरायली वीरता, भारतीय तटस्थता और रूस-चीन की किंकर्तव्यविमूढ़ता जहां ईरान की फजीहत करवा रही हैं, वहीं शेष दुनिया में तेल-गैस के लाले पड़े हुए हैं। इससे इनके दाम आसमान छू रहे हैं। इसी बीच होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा पर अमेरिकी प्रस्ताव से इतर नाटो में उभरे मतभेद अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगियों के बीच रणनीतिक दृष्टिकोण के गहरे अंतर को दर्शाने को काफी हैं। इससे तेल-गैस के संकट गहराने और महंगाई बढ़ने के आसार प्रबल हैं।

इस स्थिति से बचने हेतु अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो सदस्यों से होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए युद्धपोत भेजने की मांग की है, लेकिन यूके और जर्मनी जैसे देशों ने इसे नाटो का मामला मानने से इनकार कर दिया। इस मतभेद के कई कारण हैं। उल्लेखनीय है कि ईरान-अमेरिका-इज़राइल संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया है, जो वैश्विक तेल आपूर्ति का 20 प्रतिशत हिस्सा ले जाता है। इससे विफरते हुए ट्रंफ ने चेतावनी दी कि सहयोगी मदद न करने पर नाटो का भविष्य 'बहुत बुरा' होगा, लेकिन जर्मन विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल ने कहा कि नाटो ने कोई फैसला नहीं लिया और यह उसकी जिम्मेदारी नहीं। जबकि यूके के पीएम कीयर स्टार्मर ने यूरोप, खाड़ी देशों और अमेरिका के साथ अलग गठबंधन बनाने की बात कही, नाटो को शामिल किए बिना।

दिलचस्प बात तो यह है कि गैर नाटो देशों में ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया और भारत ने भी इस मामले में अमेरिका के आह्वान को नजरअंदाज कर दिया है। यूँ तो अमेरिका ने चीन से भी होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने में सहयोग मांगा, लेकिन सबने इंकार कर दिया, जिससे अमेरिका अलग थलग पड़ गया। सवाल है कि जिस नाटो को अमेरिका ने खड़ा किया, आज वही अमेरिकी इशारे को मानने को तैयार क्यों नहीं हुआ? आखिर इसके क्या कूटनीतिक मायने हैं?

चूंकि ये मतभेद नाटो की एकजुटता पर सवाल उठाते हैं, खासकर मध्य पूर्व जैसे क्षेत्र में जहां अनुच्छेद 5 (सामूहिक रक्षा) लागू नहीं होता। दरअसल, यूरोपीय देश पश्चिम एशिया को नाटो के दायरे से बाहर रखना चाहते हैं, जो ट्रंप की 'ट्रांजेक्शनल' नीति से टकरा रहा है। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजार अस्थिर हो रहा है और ईरान को संकेत मिल रहा है कि नाटो विभाजित है। स्पष्टतः इसका प्रभाव भारत पर भी पड़ेगा। भारत के लिए, जो तेल आयात पर निर्भर है, यह ऊर्जा संकट बढ़ा सकता है।



## ममता बनर्जी के किले में इस बार लग सकती है सेंध, भाजपा ने बिछाई है जबरदस्त चुनावी बिसात

**(नीरज कुमार दुबे)**

भाजपा ने सामाजिक समीकरणों पर भी खास ध्यान दिया है। अनुसूचित जाति और जनजाति सीटों पर मजबूत उम्मीदवार उतारकर पार्टी ने अपने आधार को और व्यापक बनाने का प्रयास किया है। उत्तर बंगाल से लेकर दक्षिण तक हर क्षेत्र में संतुलन साधने की रणनीति साफ दिख रही है।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पहली और दूसरी सूची जारी कर साफ संकेत दे दिया है कि इस बार वह आधी अधूरी तैयारी के साथ नहीं बल्कि पूरी ताकत, पूरी रणनीति और पूरी आक्रामकता के साथ मैदान में उतरी है। खासतौर पर दूसरी सूची में 111 उम्मीदवारों के नामों पर नजर डालने पर पता चलता है कि एक एक सीट पर गहरे मंथन के बाद उम्मीदवार तय किये गये हैं। हम आपको बता दें कि हिंगलगंज से रेखा पात्रा, खड़दह से कल्याण चक्रवर्ती, सोनारपुर दक्षिण से रूपा गांगुली, मथाभांगा से निसिथ प्रमाणिक, चोपड़ा से शंकर अधिकारी, बैरकपुर से कौस्तव बागची, कमरहाटी से अरूप चौधरी जैसे नाम सीधे चुनावी मुकाबले को और दमदार बना रहे हैं। इसके अलावा एंटाली से प्रियंका तिबरेवाल और मणिकतला से तपस रॉय जैसे उम्मीदवार राजनीतिक समीकरणों को पूरी तरह बदलने की क्षमता रखते हैं।

अगर पहली सूची पर नजर डालें तो वहां भी बड़े नामों की भरमार है। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को नंदीग्राम के साथ-साथ भवानीपुर से उतारकर पार्टी ने सीधे ममता बनर्जी को चुनौती दे दी है। दिलीप घोष, स्वपन दासगुप्ता, अग्निमित्रा पाल, रुद्रनील घोष और बंकिम चंद्र घोष जैसे चेहरे इस चुनाव को हाई वोल्टेज बना रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार पार्टी ने सिर्फ चर्चित चेहरों पर नहीं बल्कि जमीनी कार्यकर्ताओं पर भी भरोसा दिखाया है। आउसग्राम से कलिता माजी जैसी साधारण पृष्ठभूमि की कार्यकर्ता को टिकट देना इसी रणनीति का हिस्सा है।

इस चुनाव का एक और बड़ा और चौंकाने वाला पहलू है पूर्व पुलिस आयुक्त डॉ. राजेश कुमार का राजनीति में प्रवेश। यह सिर्फ एक उम्मीदवार का नाम नहीं बल्कि भाजपा की रणनीतिक चाल है। डॉ. राजेश कुमार का प्रशासनिक अनुभव, वित्त और प्रबंधन में गहरी समझ और कानून व्यवस्था पर मजबूत पकड़ उन्हें एक अलग ही स्तर का नेता बनाती है। कोलकाता के पुलिस आयुक्त के रूप में उनका कार्यकाल, अपराध जांच विभाग और यातायात सुरक्षा जैसे अहम पदों पर उनकी भूमिका उन्हें आम नेता से अलग पहचान देती है।

उनकी छवि एक सख्त लेकिन न्यायप्रिय अधिकारी की रही है। मानव तस्करी के खिलाफ उनकी मुहिम और कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए किए गए काम उन्हें जनता के बीच भरोसेमंद चेहरा बनाते हैं। भाजपा के लिए यह कदम इसलिए भी फायदेमंद है क्योंकि बंगाल में कानून व्यवस्था एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। ऐसे में एक पूर्व शीर्ष पुलिस अधिकारी का चुनावी मैदान में उतरना सीधे तौर पर संदेश देता है कि पार्टी व्यवस्था सुधारने के लिए गंभीर है।

राजनीतिक रूप से भी यह दांव गहरा है। डॉ. राजेश कुमार का प्रशासनिक और बौद्धिक कद भाजपा को उस वर्ग में भी मजबूती देगा जो अब तक तटस्थ रहा है। उनकी कानूनी लड़ाइयों ने यह भी साबित किया है कि वह दबाव में झुकने वाले नहीं हैं। यह छवि भाजपा के लिए चुनाव में बड़ी पूंजी साबित हो सकती है।

इस चुनाव को और भावनात्मक और विस्फोटक बनाने वाला मुद्दा है आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना। उस दर्दनाक घटना ने पूरे बंगाल को झकझोर दिया था। अब पीड़िता की मां का राजनीति में आने का संकेत यह बता रहा है कि जनता के भीतर गुस्सा अभी ठंडा नहीं हुआ है। महिलाओं का सड़क पर उतरना, रात भर प्रदर्शन करना और न्याय की मांग करना तृणमूल सरकार के खिलाफ एक बड़ा जनमत बना चुका है। माना जा रहा है कि पीड़िता की मां ने भाजपा से पनिहाटी से टिकट मांगा है। भाजपा उन्हें उम्मीदवार बनाने पर विचार कर रही है क्योंकि पार्टी उस जनाक्रोश को राजनीतिक ऊर्जा में बदलने की कोशिश कर रही है। हम आपको बता दें कि पनिहाटी उन 38 सीटों में शामिल है जहां से भाजपा ने अब तक अपने उम्मीदवार घोषित नहीं किये हैं।

# वर्क-लाइफ बैलेंस- ऑफिस के तनाव को घर की दहलीज से बाहर रखने के कारगर उपाय

**विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में कार्यस्थल पर तनाव से प्रतिवर्ष लाखों लोग प्रभावित होते हैं। संतुलन का अभाव ही इसकी जड़ है। एक तरफ झुकाव का सबसे बड़ा खतरा आर्थिक लालसा है। आज का उपभोक्तावादी समाज हमें लगातार अधिक कमाने और अधिक खर्च करने के लिए उकसाता है। भारत जैसे देश में, जहां परंपरागत रूप से संयम और संतोष की संस्कृति रही है, आधुनिकता ने इस संतुलन को तोड़ा है। संतुलित अर्थव्यवस्था ही स्थायी समृद्धि लाती है।**

**(अविनाश जोशी)**

आज के भागदौड़ भरे जीवन में संतुलन की अवधारणा एक ऐसी कुंजी बन गई है, जो हर सफलता का द्वार खोलती है। प्राचीन काल से ही भारतीय दर्शन में 'संतुलन' को जीवन का मूल मंत्र माना गया है। आधुनिक संदर्भ में यह और भी प्रासंगिक हो जाता है, जहां करिअर की दौड़, पारिवारिक जिम्मेदारियां, स्वास्थ्य और आध्यात्मिकता के बीच तालमेल बिठाना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

अगर जीवन का तराजू एक तरफ झुक जाए, चाहे वह काम की अधिकता हो, सुख-सुविधाओं की लालसा हो या भावनाओं का अतिरेक, तो व्यक्ति निश्चित रूप से गिरावट की ओर बढ़ता है। दरअसल, जीवन को एक साइकिल की तरह समझने की जरूरत है। साइकिल चलाते समय अगर कोई एक तरफ अधिक झुक जाए, तो संतुलन बिगड़ जाता है और गिरना निश्चित है।

ठीक वैसे ही मानव जीवन में चार प्रमुख आयाम हैं- शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक। इनमें से किसी एक पर अधिक झुकाव समग्र संतुलन को भंग कर देता है। मसलन, कारपोरेट जगत में कामकाजी पेशेवर अक्सर बारह-चौदह घंटे की ड्यूटी निभाते हैं, जिससे पारिवारिक जीवन उपेक्षित हो जाता है। नतीजतन, तनाव, हृदय रोग और पारिवारिक विघटन होता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में कार्यस्थल पर तनाव से प्रतिवर्ष लाखों लोग प्रभावित होते हैं। संतुलन का अभाव ही इसकी जड़ है। एक तरफ झुकाव का सबसे बड़ा खतरा आर्थिक लालसा है। आज का उपभोक्तावादी समाज हमें लगातार अधिक कमाने और अधिक खर्च करने के लिए उकसाता है। भारत जैसे देश में, जहां परंपरागत रूप से संयम और संतोष की संस्कृति रही है, आधुनिकता ने इस संतुलन को तोड़ा है।

संतुलित अर्थव्यवस्था ही स्थायी समृद्धि लाती है। एक अध्ययन के मुताबिक, जो लोग आय का पचास फीसद खर्च, तीस फीसद बचत और बीस फीसद निवेश पर केंद्रित रखते हैं, वे दीर्घकालिक रूप से सुखी रहते हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी संतुलन का महत्त्व अतुलनीय है। एक तरफ जंक फूड और अव्यवस्थित जीवनशैली, दूसरी तरफ अत्यधिक उपवास या व्यायाम। सरकारी आंकड़ों से



पता चलता है कि मधुमेह और रक्तचाप के सत्तर फीसद मामले असंतुलित आहार से जुड़े हैं।

दैनिक जीवन में आधा घंटा पैदल चलना, संतुलित भोजन और सात-आठ घंटे की नींद- ये छोटे कदम बड़े नुकसान से बचाते हैं। अगर हम व्यायाम में अधिक झुकते हैं, तो चोट लगती है और उपेक्षा करते हैं तो रोग। संतुलन ही स्वास्थ्य का मूल सूत्र है। मानसिक संतुलन के बिना जीवन की कल्पना भी कठिन है। शिक्षा और करिअर की दौड़ में विद्यार्थी रात-रात भर जागकर पढ़ते हैं, लेकिन ध्यान और विश्राम भूल जाते हैं।

विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों में अवसाद के मामले बढ़ रहे हैं। ध्यान, प्राणायाम और सकारात्मक सोच मानसिक संतुलन बनाए रखते हैं। सोशल मीडिया का अतिरेक भी खतरा है, जहां सिर्फ प्रतिक्रिया की होड़ में वास्तविक संबंध टूट जाते हैं। एक सर्वे बताता है कि भारत में चालीस फीसद युवा सोशल मीडिया की लत से ग्रस्त हैं। संतुलन का मतलब है सोशल मीडिया का दिन में एक घंटे तक सीमित उपयोग और वास्तविक संवाद पर जोर।

भावनात्मक संतुलन पारिवारिक और सामाजिक जीवन का आधार है। प्रेम, क्रोध, लोभ, मोह इनका अतिरेक विनाश लाता है। आधुनिक जोड़ों में तलाक के पचास फीसद मामले भावनात्मक असंतुलन से होते हैं। पति-पत्नी के बीच काम और घर का संतुलन न होने से दरारें पड़ती हैं। बच्चों के साथ गुणवत्ता आधारित समय, माता-पिता का सम्मान और मित्रों का साथ- ये भावनाओं को संतुलित रखते हैं। संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक उपाय सरल हैं। प्रथम, दैनिक समयसारिणी बना लेना चाहिए। मसलन, आठ घंटे काम, आठ घंटे आराम, आठ घंटे परिवार और स्वयं के लिए। दूसरे, आय-व्यय का बजट रखना चाहिए। तीसरे, योग और ध्यान को दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। फिर, संबंधों में संवाद को प्राथमिकता देने की जरूरत है। कारपोरेट जगत में संतुलन की कमी ने कई कंपनियों को तबाह किया। भारत में प्रबंधक, जो हर रोज चौबीसों घंटे उपलब्ध रहते हैं, वे अवसाद का शिकार हो जाते हैं।

मानव संसाधन नीतियां अब 'कार्य-जीवन संतुलन' पर जोर दे रही हैं। भारत में नवाचार संस्कृति में नाकामी की दर नब्बे फीसद है। कारण, असंतुलित जोखिम। सामाजिक स्तर पर भी संतुलन आवश्यक है। भारत में जल संकट, बेरोजगारी और पर्यावरण असंतुलन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था चरमराई है। एकतरफा औद्योगीकरण ने परंपरागत कृषि को नष्ट किया। संतुलित विकास ही समाधान है। शिक्षा में भी संतुलन की जरूरत है। रटने की आदत रचनात्मकता को मारती है। महिलाओं के संदर्भ में संतुलन और भी महत्त्वपूर्ण है। कार्यस्थल पर पचास फीसद भागीदारी के बावजूद घरेलू जिम्मेदारियां असंतुलन पैदा करती हैं। राजनीति में संतुलन का अभाव भ्रष्टाचार और विभाजन लाता है। आज के नेताओं को विकास और पर्यावरण के बीच तालमेल बिठाने की जरूरत है। पर्यावरण असंतुलन वैश्विक संकट है। जलवायु परिवर्तन से भारत की धरती सूख रही है।

एकतरफा शोषण बंद कर संतुलित उपयोग, वृक्षारोपण, वर्षा जल संचयन आवश्यक है। संतुलन व्यक्तिगत विकास का आधार है। आखिर जीवन संतुलन का नाम है। एक तरफ झुकेंगे तो गिरेंगे- यह सत्य अनादिकाल से चला आ रहा है। भारत की हवाओं में संतुलन की सीख है। न अधिक गर्मी, न अधिक शीतलता। इसे अपनाकर ही हम सुखी, स्वस्थ और समृद्ध जीवन जी सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मध्य विद्यालय मोहनपुर में बिहार दिवस पर प्रभात फेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** हर साल कि तरह इस साल भी मध्य विद्यालय मोहनपुर के प्रांगण में बिहार दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय से प्रभातफेरी निकाली गई जो विभिन्न गांव का भ्रमण करते हुए वापस विद्यालय पहुंचा। इस मौके पर विद्यालय मैं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ रंगोली एवं चित्रांकन प्रतियोगिता में आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागी को पुरस्कार स्वरूप मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर




पर प्रधानाध्यापक संजय कुमार वरीय शिक्षक मुश्फिक आलम,बाल संसद, मीना मंच,यूथ क्लब,यूको क्लब के छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

### मारवाड़ी युवा मंच कटिहार शाखा की बैठक

**कटिहार (नबिटासं)।** शहर के ऋषि भवन में मारवाड़ी युवा मंच कटिहार शाखा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नयी कार्यकारिणी को लेकर आकाश अग्रवाल को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। जिनकी देखरेख में चुनावी प्रक्रिया सौहार्दपूर्ण वातावरण में



संपन्न हुई। सभा के प्रारंभ में पिछले सत्र के आय-व्यय का पूर्ण ब्योरा प्रस्तुत किया गया। जिसे सदन द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। तत्पश्चात, आगामी सत्र हेतु कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। जिसमें दीपक अग्रवाल को पुनः अध्यक्ष, मयंक पूरणमलका को सचिव एवं यश गोयल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने तत्काल अपना पदभार ग्रहण करते हुए आगामी सत्र की कार्ययोजना एवं भावी सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में मुख्य रूप संजीव सुरेका, अमित सुरेका, राहुल मुरारका, हेमंत केडिया, मयंक पूरणमलका, यश गोयल, वैभव मांडीवाल, सुमित मुकीम एवं सिद्धार्थ अग्रवाल सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### आंधी ने मचाई तबाही, फसलों की तबाही से किसान चिंतित

**डंडखोरा/कटिहार (नबिटासं)।** मौसम के अचानक बदले मिजाज ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। शुक्रवार की देर शाम आई भीषण आंधी और उसके बाद हुई मूसलाधार बारिश ने पूरे आमजन सहित फसलों को भारी नकसान पहुंचाया है।इस आपदा में सबसे बुरा प्रभाव मक्का की खेती पर पड़ा है।खेतों में लगभग तैयार खड़ी फसल जमीन पर बिछ गई है। ऑधी व बारिश ने न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति को चोट पहुँचाई है, बल्कि उनके भविष्य के सपनों को भी चकनाचूर कर दिया है। शाम तक किसान अपनी लहलहाती फसलों को देखकर खुश हो कर बेहतर उत्पाद की आस लगाये बैठे थे।जो शायद उपर वालों को मंजूर नहीं हुआ। देर शाम मौसम अचानक ने करवट बदला और धूल भरी तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। शनिवार को भी दिनभर रुक-रुक कर हुई रिमझिम फुहारों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है।लगभग पूरी तरह तैयार पौधे तेज हवा के दबाव को नहीं झेल पाने के कारण खेतों



में जमा पानी में गिर गया है। बता दें कि मक्का के पौधे के गिर जाने से भुट्टे के दाने काले पड़ कर सकने लगता है।वहीं आंधी ने पेड़ों के साथ आम,लीची,सहजन और पपीते के फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। इतना हीं नहीं टीन के छप्पर वाले घरों को भी क्षति पहुंची है। कदवा विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी ने क्षेत्र भ्रमण कर जिला पदाधिकारी एवं राज्य के कृषि मंत्री को स्थिति से अवगत कराते हुए कि क्षति का आकलन कर किसानों को मौआवजा दिलाने की मांग की।उन्होंने बताया कि मंत्री ने पर्व के बाद सर्वेक्षण कराये जाने का आश्वासन दिया है उन्होंने कहा कि मंत्री ने आश्वस्त किया है क्षति का आकलन किया जाएगा और 33% से अधिक क्षति होने पर किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

### बेमौसम बारिश और तेज हवाओं से बिछी मक्के की फसल

**कोढ़ा/ कटिहार (नबिटासं)।** प्रकृति के बदले मिजाज और बेमौसम आंधी-बारिश ने अन्नदाता के माथे पर चिंता की लकीरें गहरी कर दी हैं। क्षेत्र में पिछले 24 घंटों के दौरान हुई तेज हवाओं और बारिश के कारण मक्के की तैयार फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है।लहलहाती मक्के की फसल जमीन पर धराशायी हो गई है। एक पीड़ित किसान सुनील मुर्मू सरपंच प्रतिनिधि अपने खेत के बीच असहाय खड़ा है, जिसकी आंखों में अपनी बर्बाद होती मेहनत को देखकर मायूसी साफ झलक रही है। किसान ने बताया कि फसल पकने को तैयार थी और कुछ ही दिनों में कटाई शुरू होने वाली थी, लेकिन अचानक हुई इस तबाही ने सब कुछ छीन लिया। किसानों का कहना है कि उन्होंने खाद, बीज और सिंचाई में हजारों रुपये खर्च किए थे।

# श्रीमद् भागवत कथा को लेकर निकाली गई कलश शोभायात्रा

## 1008 महिलाओं की भव्य कलश यात्रा से गूंज उठा क्षेत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 41 स्थित श्री श्री 108 राम जानकी मंदिर के प्रांगण से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा राम जानकी मंदिर से 1008 कुंवारी कन्याएं एवं माताएं बहनों ने माथे पर कलश लेकर कोसी घाट से जल भरकर वार्ड भ्रमणकर मंदिर प्रांगण में समापन किया। राम जानकी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष हरेराम सिंह ने कहा की कलश यात्रा के साथ 22 मार्च से 28 मार्च तक सात दिवसीय भक्ति मय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं विष्णु महा यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है वही 48 घंटे का हरिनाम संकीर्तन का आयोजन भी किया जाना है।

मंदिर कमेटी के सचिन सौरव मालाकार ने कहा कि इस अवसर पर भारतीय थल सेवा के धर्मगुरु राष्ट्रीय स्तर के परम विद्वान आचार्य



पंडित बृजेश शर्मा भागवत पीपासु महाराज जिला जौनपुर उत्तर प्रदेश के पावन धाराधाम से पांचवीं बार हवाई अड्डा कटिहार की धरती पर पधार कर अपने श्री मुखारविंद से मृदुल रसमय कथा का पान कराएंगे। जिसको सुनने के लिए वार्ड के साथ-साथ कटिहार जिले के कोने-कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्त शामिल होंगे। श्रीमद् भागवत कथा शाम के 4:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक 7 दिनों तक लगातार किया जाएगा। भाव कलश शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ कमेटी के उपाध्यक्ष संतोष यादव उप सचिव, सीवन राय व्यवस्थापक, कुंदन यादव उप व्यवस्थापक, मुरारी जायसवाल कोषाध्यक्ष, मिथिलेश चौधरी, उप कोषाध्यक्ष सुभाष कुमार पासवान, संरक्षक राम इकबाल शाह, चंदन चौधरी, युवा संगठन मंत्री गौरव कुमार, लालू यादव, हरिवदन यादव, हरदेव पोद्दार, राजेश कुमार यादव, संतोष मालाकार, छोटू कुमार, अमित सिंह, शंभू यादव, रंजीत पोद्दार, उदय सिंह, आर्यन कुमार, सहित मंदिर कमेटी के सभी सदस्य एवं वार्ड वासियों ने कलश यात्रा में शामिल होकर क्षेत्र को भक्ति में किया।

# रामनवमी के उपलक्ष्य में 26 मार्च को नपं बरारी में निकलेगी रामध्वज शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** बजरंग दल के तत्वावधान में रामनवमी के उपलक्ष्य में बरारी नगर पंचायत में रामध्वज शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए गांधी स्मृति भवन




गुरुबाजार में रविवार शाम को स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न दलों के नेता एवं रामभक्तों ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की।जिसकी अध्यक्षता नपं बरारी की मुख्य पार्षद बबिता कुमारी ने की।

इस दौरान शोभायात्रा के आयोजनकर्ता बजरंग दल के संयोजक प्रवीण रिंकू, राजीव भगत, पवन चौरसिया, आदित्य भगत ने उपस्थित लोगों के समक्ष शोभायात्रा को लेकर चर्चा की। जिसके बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रामनवमी के उपलक्ष्य में एक दिन पूर्व 26 मार्च को गांधी स्मृति भवन स्थित हनुमानजी मंदिर प्रांगण से रामध्वज शोभायात्रा निकलेगी। जो रेफरल अस्पताल चौक, बरारी थाना चौक से होते हुए डाकबंगला चौराहा से श्री भगवती मंदिर बरारी हाट से मालाकार चौक से बरारी बस्ती होते हुए अवध नगर चौक होते हुए धर्मशाला मुहल्ला होते हुए राम जानकी मंदिर गुरुबाजार से होते हुए शहीद भगत सिंह चौक से काढ़ागोला स्टेशन बाजार से पुनः बजरंग बली मंदिर गांधी स्मृति भवन गुरुबाजार में समाप्त होगी।

इस मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज सिंह कुशवाहा, एमएलसी प्रतिनिधि राजीव भारती, भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्की साह, पूर्व उप मुखिया धनजीत यादव, जदयू नेता चंद्रमोहन सिंह, अरविंद कुमार, गंगा समग्र जिला संयोजक नवीन चौधरी, समाजसेवी गौतम भगत, अमरजीत सिंह, भगवती मंदिर सचिव पंकज यादव, अमरेंद्र कुमार अमर, उमाशंकर चौधरी, उत्सव प्रकाश, मुरारी कुंवर, अंकित चौधरी, रवि सिंह, निट्टू सिंह, आदर्श चौधरी, ऋषव प्रकाश, जयप्रकाश सिंह, संजय चौधरी, गौरव सिंह आदि लोग शामिल रहे ।

# कटिहार बालिका गृह की सुरक्षा में सेंध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।**जिले के सुरक्षित माने जाने वाले बालिका गृह से बीती रात दो किशोरियों के फरार होने की घटना ने प्रशासन की नींद उड़ा दी है। भागने वाली लड़कियों में एक बिहार के अररिया जिले की और दूसरी हरियाणा की बताई जा रही है। परेशानी की बात यह है कि ये दोनों किशोरियां पहले भी अपने घर से भाग चुकी थीं और कल रात उन्होंने एक बार फिर इस घटना को अंजाम दिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जब जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक रविशंकर तिवारी से पुछा गया तो उन्होंने बताया कि घटना रात के अंधेरे का फायदा उठाकर अंजाम दिया गया। बच्चियों ने शौचालय जाने का बहाना किया




और वहां लगे वेंटिलेशन को तोड़कर बाहर निकल गईं। रात से ही बालिका गृह के तमाम कर्मचारी और अधिकारी उनकी तलाश में जुटे हैं। इस घटना ने बालिका गृह की सुरक्षा व्यवस्था और पदाधिकारियों द्वारा किए जाने वाले औचक निरीक्षण की पोल खोल कर रख दी है। स्थानीय लोगों और जानकारों के बीच कई सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या ये दोनों बच्चियां कई दिनों से भागने की योजना बना रही थीं? वेंटिलेशन काफी ऊंचाई पर होने के बावजूद उसे इतनी मजबूती से कैसे तोड़ा गया? ऊंचाई तक पहुँचने और भागने के लिए बच्चियों ने किन साधनों का उपयोग किया? घटना की आधिकारिक सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस बल और स्थानीय प्रशासन की टीमें संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही दोनों बच्चियों को सुरक्षित बरामद कर लिया जाएगा। हालांकि, पूर्व में भी ऐसी घटनाएं होने के बावजूद सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक होना चिंता का विषय है।रविशंकर तिवारी ने बताया कि बच्चियां शौचालय जाने के बहाने वेंटिलेशन तोड़कर भागी हैं। हम पुलिस के साथ मिलकर उनकी तलाश कर रहे हैं और जल्द ही उन्हें ढूंढ लिया जाएगा।

## छापेमारी में चोरी की बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुमेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जन्मघुट्टी गांव निवासी मसूद आलम के पास चोरी की बाइक रखी हुई है। सूचना के सत्यापन के बाद उसके घर पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान आरोपी के घर से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। बाइक को जब्त कर लिया गया है।बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध विधि-सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# चैती छठ को लेकर विजय स्पोर्टिंग क्लब की तैयारी चरम पर : विकास सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** विजय स्पोर्टिंग क्लब की ओर से चैती छठ पर्व की तैयारी जोरों पर है। क्लब के अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष के भांति



इस वर्ष भी लोक आस्था का महान चैती छठ पर्व औद्योगिक प्रांगण क्षेत्र विजय बाबू के पोखर पर पूरे धूमधाम से मनाया जाएगा। नगर निगम की ओर से साफ सफाई का काम जोरों पर है।

दुर्गा स्थान चौक से औद्योगिक प्रांगण क्षेत्र विजय बाबू के पोखर तक साफ सफाई का काम तेजी से हो रहा है। पोखर के अंदर घाटों की सफाई, लाइटिंग की व्यवस्था, बेरकेटिंग की व्यवस्था की जा रही है। विजय बाबू के पोखर पर छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई कठिनाई नहीं होगी। नगर निगम के नगर आयुक्त संतोष कुमार, महापौर उषा देवी अग्रवाल, उप महापौर मंजूर खान के नेतृत्व में नगर निगम की पूरी टीम साफ सफाई को अंतिम रूप देने में



लगे हुए हैं। अध्यक्ष विकास सिंह ने सदर विधायक पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, विधान पार्षद अशोक अग्रवाल, जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी प्रदुम्न सिंह यादव, अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक अभिजीत कुमार सिंह से एक बार विजय बाबू पोखर का निरीक्षण करने का भी अनुरोध किया है। अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि विजय स्पोर्टिंग क्लब के एक-एक सदस्य लोक आस्था का महान चैती छठ पर्व को सफल बनाने में जोर-जोर से लगे हुए हैं।

# पुल निर्माण पूरा करने के लिए ग्रामीणों ने लगायी गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)।** प्रखंड के घेरा गांव के समीप मेसर्स गोल्डेन कम्पनी की ओर से उच्चस्तरीय आरसीसी पुल निर्माण कार्य अधूरा छोड़कर चले जाने पर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है एवं घंटों तक ग्रामीणों ने बवाल काटा। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने अभियंता, एसडीओ एवं जेई के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।दूरभाष पर संपर्क करने पर पता चला कि पुल निर्माण कार्य में बिजली विभाग का पोल आड़े आ रहा था। विभाग को कई बार पत्र लिखने के बाद पोल तो दूसरी तरफ लगा दिया गया। लेकिन जमीन मालिक द्वारा तार नहीं लगाने देने के कारण कंपनी ने काम बीच में ही छोड़ दिया। आजादी के बाद



से लेकर आज तक अमदाबाद-छोटा रघुनाथपुर पार दियारा मुख्य सड़क पर साल में लगभग आठ माह तक कीचड़ एवं बाढ़ का पानी झेलकर ग्रामीण आवागमन करते हैं।

उक्त कंपनी का कार्य 09 सितंबर 2024 को प्रारंभ हुआ था और 08 सितंबर 2025 तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य था। जिसमें अब तक केवल चार से पांच पाइलिंग का काम ही हुआ है।ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय लापरवाही के कारण काम नहीं हो पाया। वहीं कार्य विभाग के एसडीओ प्रिंस कुमार का कहते है कि जमीन मालिक ने दूसरी तरफ गाड़े गए पोल पर तार नहीं लगाने दिया। जिसके कारण कार्य बाधित हुआ। ग्रामीणों में अजीत कुमार सिंह, नसीम अख्तर, नूर इस्लाम, मिराज हुसैन,सलमान खान, राकेश सिंह, जाबिर हुसैन सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कटिहार डीएम से जांच कर पुल निर्माण की मांग की है।

## आंधी-तूफान के कहर से मक्के की फसल बर्बाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** जिले में भीषण आंधी और तूफान ने जिले के विभिन्न हिस्सों में भारी तबाही मचाई हैं। इस प्राकृतिक आपदा ने सबसे अधिक चोट मक्के की फसल पर पहुंचाई हैं। जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति हुई हैं। इस संकट की घड़ी में भाकपा-माले नेता सह फूलहरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मिथलेश सिंह ने किसानों का पक्ष मजबूती से रखा हैं।

उन्होंने कहा प्रकृति के इस तांडव ने किसानों की कमर तोड़ दी हैं । खेतों में बिछी मक्के की फसल किसानों की आंसुओं की कहानी कह रही हैं। अगर सरकार ने तुरंत दखल नहीं दिया, तो किसान कर्ज के जाल में फंस जाएंगे।

# आंधी-तूफान से हुई क्षति का प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** मनसाही प्रखंड में बीते दिन शुक्रवार की शाम में बेमौसम आंधी,तूफान और वर्षा होने से किसानों की हालत खराब कर दी हैं। इस आंधी तूफान से खेतों में खड़ी फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा हैं।

वहीं भेड़मारा पंचायत के उप सरपंच मो. माले कुश्तूर उर्फ लाबु आमीन,भेड़मारा पंचायत के वार्ड संख्या तीन के वार्ड सदस्य प्रतिनिधि मो. आमिर सहित मनिहारी प्रखंड के मनोहरपुर पंचायत के उप मुखिया मो. रफीक ने बताया कि सबसे अधिक नुकसान मक्का एंव आलू की



फसलों को हुआ हैं। जबकि गेहूं की फसल भी प्रभावित हुई हैं। इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार एवं स्थानीय कृषि क्लीनिक के राहुल कुमार के नेतृत्व में प्रभावित क्षेत्रों में जाकर क्षति रकबा का आकलन किया। इस दौरान किसान सलाहकारों के साथ बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष किसान भी मौजूद रहे। किसानों ने अपनी अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखा । जांच के उपरांत किसानों को अब सरकार से मुआवजा और राहत सहायता की उम्मीद हैं।ताकि इस बेमौसम आपदा से हुए नुकसान की भरपाई हो सके। इस दौरान प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने कहां कि प्रखंड के सातों पंचायत में सैकड़ों से अधिक किसानों से मिलकर उनका छतिग्रस्त फसल का जायजा लिया । मनसाही में लगभग 276 हेक्टेयर मक्का की फसल आंधी में बर्बाद हुई हैं।

# दियारा में पुलिस की पहल, किसानों में विश्वास बहाल

## कटाई के समय सुरक्षा का भरोसा, अधिकारियों के निर्देश पर अभियान जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** थाना क्षेत्र के सवार्राम दियारा इलाके में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर किसानों के बीच सुरक्षा का भरोसा मजबूत किया है। इस दौरान पुलिस टीम ने खेतों तक पहुंचकर किसानों से बातचीत की और उन्हें आश्वस्त किया कि फसल कटाई के दौरान किसी भी प्रकार की दिक्कत सामने आने पर तुरंत पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

थानाध्यक्ष सुमेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कटिहार के एसपी शिखर चौधरी के निर्देश पर दियारा क्षेत्र में लगातार यह अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस का प्रयास है कि क्षेत्र में



लगी फसलों की सुरक्षा पूरी तरह बनी रहे और किसान बिना किसी भय के अपनी मेहनत की उपज काट सकें। पुलिस टीम लगातार दियारा क्षेत्र में भ्रमण कर रही है और किसानों से मिलकर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दे रही है। साथ ही उनकी समस्याओं को भी सुना जा रहा है, ताकि समय रहते समाधान किया जा सके। इस पहल से किसानों के बीच प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है और वे अब अधिक निश्चिंत होकर खेती के कार्य में जुटे हैं।

# आंधी-तूफान और बारिश ने किसानों की तोड़ी कमर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले में बीते दिन अचानक आई तेज आंधी -तूफान और बारिश ने किसानों पर कहर बरपा दिया। मौसम के इस बदले मिजाज ने खासकर मक्का किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया है, जिससे उनकी मेहनत पर पानी फिर गया है। खेतों में खड़ी फसल बर्बाद होने से किसानों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। इस आपदा के बाद कटिहार कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुमार यादव एवं किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप विश्वास समेत अन्य कांग्रेस नेताओं ने जिले के विभिन्न प्रभावित इलाकों का दौरा किया।

नेताओं ने सीधे खेतों तक पहुंचकर किसानों से मुलाकात की और नुकसान की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान किसानों ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए बताया कि



आंधी और बारिश ने उनकी पूरी फसल चौपट कर दी है। कटिहार कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कहा कि यह आंधी-तूफान किसानों के लिए किसी आफत से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले से ही आर्थिक तंगी झेल रहे किसानों पर यह प्राकृतिक आपदा दोहरी मार बनकर आई है। उन्होंने सरकार से मांग की कि प्रभावित किसानों के लिए जल्द से जल्द उचित मुआवजे की घोषणा की जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ किसान हैं और यदि किसान खुशहाल नहीं रहेंगे तो देश की समृद्धि संभव नहीं है। जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने यह भी कहा कि किसानों के इस भाड़ी नुकसान की जानकारी सांसद तारीक अनवर को भी दी गई है सांसद तारिक अनवर ने भी किसानों के नुकसान की भरपाई की मांग सदन में उठाने का आश्वासन दिया है। वहीं किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप विश्वास ने कहा कि किसानों की हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है और ऐसे में इस तरह की प्राकृतिक आपदा ने उनकी कमर तोड़ दी है। उन्होंने बिहार सरकार और केंद्र सरकार से अपील की कि इस कठिन समय में किसानों के साथ खड़ी होकर उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करें। उन्होंने कहा कि समय पर मुआवजा मिलने से किसानों को कुछ हद तक राहत मिल सकती है और वे दोबारा खेती के लिए तैयार हो सकेंगे। स्थानीय किसानों ने भी सरकार से शीघ्र सर्वे कराकर नुकसान का आकलन करने और मुआवजा देने की मांग की है, ताकि वे इस संकट से उबर सकें। मौके पर गोपाल चंद यादव,बिरबल राय, अनिल राय,रामनाथ सिंह,रवि शंकर चौधरी,गौतम चौधरी, सुबोध यादव सहित कई कांग्रेस नेता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## 2000 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गए हैं शेयर

# 10 टुकड़े में बंट चुका है आर एम ड्रिप एंड स्प्रिंकलर सिस्टम्स



**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्मॉलकैप कंपनी आर एम ड्रिप एंड स्प्रिंकलर सिस्टम्स अपने शेयरधारकों को बोनस शेयर का तोहफा देने जा रही है। आर एम ड्रिप एंड स्प्रिंकलर अपने निवेशकों को 5 :7 के रेशियो में बोनस शेयर बांटेगी। यानी, कंपनी हर 7 शेयर पर 5 बोनस शेयर देगी। आर एम ड्रिप एंड स्प्रिंकलर ने बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट 10 अप्रैल 2026 फिक्स की है। इससे पहले, कंपनी अपने शेयर का भी बंटवारा कर चुकी है। मल्टीबैगर कंपनी के शेयर 5 साल में 2000 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। आर एम ड्रिप एंड स्प्रिंकलर के शेयर शुक्रवार को हृस्श्व में 5 पर्सेंट की तेजी के साथ 42.85 रुपये पर बंद हुए हैं। आर एम ड्रिप एंड स्प्रिंकलर सिस्टम्स अपने शेयर का भी बंटवारा कर चुकी है। कंपनी अपने शेयर को 10 टुकड़ों में बांट चुकी है। आर एम ड्रिप एंड स्प्रिंकलर सिस्टम्स ने सितंबर 2025 में अपने शेयर को 10 टुकड़े में बांटा। कंपनी ने 10 रुपये फेस वैल्यू वाले अपने शेयर को 1-1 रुपये फेस वैल्यू वाले 10 शेयरों में बांटा है। आर एम ड्रिप एंड स्प्रिंकलर का मार्केट कैप शुक्रवार 20 मार्च 2026 को 1070 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। दिसंबर 2025 तिमाही के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक, आर एम ड्रिप एंड स्प्रिंकलर सिस्टम्स में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 21.06 पर्सेंट थी, जबकि पब्लिक शेयरहोल्डिंग 78.94 पर्सेंट रही।

### 5 साल में 2000 प्रतिशत से ज्यादा उछल गए हैं शेयर

स्मॉलकैप कंपनी आर एम ड्रिप एंड स्प्रिंकलर सिस्टम्स के शेयर पिछले 5 साल में 2053 पर्सेंट चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयर 18 मार्च 2021 को 1.99 रुपये पर थे। आर एम ड्रिप एंड स्प्रिंकलर के शेयर 20 मार्च 2026 को 42.85 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले 4 साल में कंपनी के शेयरों में 2834 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। अगर पिछले 3 साल की बात करें तो आर एम ड्रिप एंड स्प्रिंकलर सिस्टम्स के शेयर 861 पर्सेंट उछल गए हैं। दो साल में कंपनी के शेयरों में 211 पर्सेंट की तेजी आई है। आर एम ड्रिप एंड स्प्रिंकलर सिस्टम्स के शेयर पिछले कुछ महीनों से दबाव में हैं। कंपनी के शेयर पिछले 6 महीने में 45 पर्सेंट से अधिक लुढ़क गए हैं। कंपनी के शेयर 22 सितंबर 2025 को 78.81 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 20 मार्च 2026 को 42.85 रुपये पर बंद हुए हैं।

# क्रूड ऑयल: 2008 जैसा लग सकता है बड़ा झटका

## ● असली संकट अभी बाकी है, पेट्रोल, डीजल की कीमतें इससे भी ज्यादा तेजी से बढ़ रही हैं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** तेल के दाम दिख रहे हैं कम, लेकिन असल में महंगाई ज्यादा है। पेट्रोल, डीजल की कीमतें इससे भी ज्यादा तेजी से बढ़ रही हैं। अगर युद्ध लंबा खिंचा, तो तेल की कीमतें 2008 के रिकॉर्ड 147 डॉलर प्रति बैरल को भी पार कर सकती हैं। जानिए ईरान युद्ध के बीच क्या है असली कहानी ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध को शुरू हुए अब तीन हफ्ते हो चुके हैं, लेकिन तेल बाजार की असली कहानी वो नहीं है, जो आम लोग देख रहे हैं। कागज पर दिखने वाले तेल के दाम और असल में बिक रहे तेल की कीमतों के बीच बड़ा फर्क पैदा हो गया है, जिसका असर सीधे आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है। ग्लोबल मार्केट में ब्रेंट क्रूड करीब 50 प्रतिशत बढ़कर 112 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गया है। इसकी बड़ी वजह है होर्मुज स्ट्रेट का लगभग बंद होना और मिडिल ईस्ट में ऊर्जा ठिकानों पर हमले। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक अब असली समस्या यहां से शुरू होती है। पेट्रोल, डीजल और जेट फ्यूल जैसे असली इस्तेमाल वाले ईंधन की कीमतें इससे भी ज्यादा तेजी से बढ़ रही हैं। यानी जो आंकड़े दिख रहे हैं, असली महंगाई उससे कहीं ज्यादा है। एशिया, जो दुनिया का सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता क्षेत्र है, वहां रिफाइनरियां दूर-दराज के देशों से महंगे दामों पर तेल खरीदने को मजबूर हैं। इसका असर अब जमीन पर दिखने लगा है। ट्रकिंग कंपनियों की लागत बढ़ रही है, शिपिंग सेक्टर में ईंधन खरीद कम हो रही है और एयरलाइंस ने साफ कह दिया है कि महंगे जेट फ्यूल का बोझ अब यात्रियों को उठाना पड़ेगा। फ्यूचर मार्केट (जहां कागज पर ट्रेडिंग होती है) और असली तेल की कीमतों में अंतर की एक वजह अमेरिका की दखल भी है। अमेरिका ने कीमतों को काबू में रखने के लिए अपने भंडार से तेल जारी किया है, लेकिन इसका असर सीमित नजर आ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि फ्यूचर मार्केट और असली बाजार अब पूरी तरह अलग दिशा में चल रहे हैं, जो एक बड़े सप्लाई शॉक का संकेत है।



# 1 अप्रैल से बदल रहा सैलरी का तरीका, टैक्स में बदलाव का असर, कर्मचारियों के लिए खबर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगले महीने 1 अप्रैल 2026 से नई वित्तीय साल की शुरुआत के साथ नौकरीपेशा लोगों की सैलरी स्लिप में बदलाव दिख सकता है। कंपनियां नए लेबर कानूनों और बजट में घोषित टैक्स नियमों के हिसाब से सैलरी स्ट्रक्चर अपडेट कर रही हैं। हालांकि कोशिश यही है कि हाथ में आने वाली सैलरी (टेक-होम) ज्यादा ना बदले, लेकिन टैक्स देने के तरीके और रकम में बड़ा फर्क आ सकता है। इस बार सबसे बड़ा बदलाव 'वेजेज' की नई परिभाषा को लेकर है। नए नियम के अनुसार, किसी भी कर्मचारी की कुल सैलरी का कम से कम 50 प्रतिशत हिस्सा बेसिक पे और उससे जुड़े कंपोनेंट्स में होना जरूरी है। इसका मतलब है कि कंपनियां बेसिक सैलरी बढ़ाएंगी और बाकी अलाउंसेस (जैसे स्पेशल अलाउंस) को कम या मर्ज कर सकती हैं। इससे और ग्रेच्युटी जैसे फायदे बढ़ेंगे, लेकिन इन-हैंड सैलरी पर थोड़ा असर पड़ सकता है। सैलरी स्ट्रक्चर के सरल होने के साथ एक और ट्रेंड तेजी से सामने आ रहा है–नया टैक्स रिजीम अब डिफॉल्ट ऑप्शन बनता जा रहा है। यानी अगर कोई कर्मचारी खुद से पुराना टैक्स रिजीम नहीं चुनता, तो उसे अपने आप नए रिजीम में डाल दिया जाएगा। नए रिजीम में कम टैक्स रेट होते हैं, लेकिन ज्यादातर छूट और डिडक्शन खत्म हो जाते हैं, जिससे यह कई लोगों के लिए आसान और सीधा विकल्प बन जाता है।

## पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है पुराना टैक्स रिजीम

हालांकि, पुराना टैक्स रिजीम पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। कुछ खास लोगों के लिए यह अभी भी फायदेमंद साबित हो सकता है। खासकर वे लोग जिनकी सालाना इनकम 10 से 30 लाख के बीच है, जो मेट्रो शहरों में रहते हैं, ज्यादा किराया देते हैं या होम लोन चला रहे हैं, और 80 प्रतिशत व एनपीएस जैसी स्कीम्स का पूरा फायदा उठाते हैं–उनके लिए पुराने रिजीम में टैक्स बचत ज्यादा हो सकती है। दूसरी ओर, जिन लोगों के पास ज्यादा डिडक्शन नहीं हैं, या जिनकी सैलरी स्ट्रक्चर पहले से ही सिंपल है, उनके लिए नया टैक्स रिजीम ज्यादा बेहतर और झंझट-फ्री रहेगा। फ्रीलांसर और कंसल्टेंट जैसे लोग भी आमतौर पर नए रिजीम को पसंद करते हैं क्योंकि इसमें कागजी काम और प्लानिंग कम करनी पड़ती है। कुल मिलाकर, आने वाले समय में सैलरी स्लिप और टैक्स सिस्टम दोनों ही ज्यादा सरल होने वाले हैं। अलाउंसेस कम होंगे, स्ट्रक्चर सीधा होगा और टैक्स कैलकुलेशन आसान। ऐसे में हर कर्मचारी को अपनी इनकम, खर्च और निवेश को ध्यान में रखते हुए यह तय करना होगा कि उसके लिए नया टैक्स रिजीम सही है या पुराना।




## चर्चित फंड का आने जा रहा आईपीओ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एसबीआईम्यूचुअल फंड ने आईपीओ के लिए सेबी के पास आवेदन कर दिया है। यह प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह से ऑफर फार सेल पर आधारित होगा। 20.37 करोड़ शेयरों की बिक्री की जाएगी। कोई भी फ्रेश शेयर आईपीओ के जरिए जारी नहीं किया जाएगा। बता दें, कंपनी के प्रमोटर्स स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और अमुंडी इंडिया होल्डिंग की तरफ से शेयरों की बिक्री होगी। आईपीओ के लिए सेबी के पास आवेदन कर दिया है। यह प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह से ऑफर फार सेल पर आधारित होगा। 20.37 करोड़ शेयरों की बिक्री की जाएगी। कोई भी फ्रेश शेयर आईपीओ के जरिए जारी नहीं किया जाएगा। बता दें, कंपनी के प्रमोटर्स स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से शेयरों की बिक्री होगी। शेयर बाजार में लिस्ट होने के बाद भी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी, एचडीएफसी एएमसी, यूटीआई एएमसी, आदित्य बिरला सन लाइफ एएमसी, श्रीराम एएमसी और निप्पन लाइफ ऐसेट मैनेजमेंट की कतार में शामिल हो जाएगी। एसबीआई के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने संकेत दिया था कि एसबीआई म्यूचुअल फंड आईपीओ के लिए मार्च में आवदेन कर देगा। वहीं, कंपनी की लिस्टिंग इसी साल सितंबर तक हो सकती है। उन्होंने बताया कि एसबीआई सहित अन्य सभी हितधारकों के बोर्ड ने 12 महीने की टाइमलाइन आईपीओ के लिए तय की है। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की कुल हिस्सेदारी 61.98 प्रतिशत है। वहीं, पेरिस की द्वह्लह्वस्त्रद्ब के पास 36.40 प्रतिशत हिस्सा है। बता दें, एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट इस समय देश की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी है। बोफा सिक्योरिटीज इंडिया, एचएसबीसी सिक्योरिटीज एंड कैपिटल मार्केट्स (इंडिया), आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, जेफरिज इंडिया, जेएम फाइनेंशियल, मोतीलाल ओसवाल इंवेस्टमेंट एडवाइडर्स और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स के कंसोर्टियम को मर्चेंट बैंकर्स नियुक्त किया गया है।

## फोकस में रहेंगे 14 हॉस्पिटल चलाने वाली कंपनी के शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोमवार को पार्क मेडी वर्ल्ड लिमिटेड के शेयरों पर निवेशकों की निगाह रहेगी। कंपनी ने अधिग्रहण कर लिया है। इस अधिग्रहण के अनुसार कंपनी के पास 360 बेड का केपी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज भी आ खुशी हो रही है कंपनी आज 20 मार्च 2026 को हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण सफलता पूर्वक पूरा कर लिया गया है। जिसके बाद यह कंपनी अब सब्सिडियरी हो जाएगी। शुक्रवार को मार्केट के बंद होने के समय पर पार्क मेदी वर्ल्ड




जाएगा। सोमवार को शेयरों पर निवेशकों की निगाह रहेगी। कंपनी अधिग्रहण कर लिया है। इस अधिग्रहण के अनुसार कंपनी के पास 360 बेड का केपी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज भी आ जाएगा। बता दें, यह डील दिसंबर 2025 में हुई थी। 245 करोड़ रुपये में हुई इस डील के अनुसार अधिग्रहण के बाद कंपनी के पास का मालिकाना हक आ जाएगा। बता दें, पार्क हॉस्पिटल की पैरेंट ने पहले ही अधिग्रहण पर सहमति दे दी थी। कंपनी ने एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया है, 'हमें यह बताते हुए लिमिटेड के शेयरों का भाव बीएसई में 2.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 199.05 रुपये के स्तर पर था। इस साल अबतक कंपनी के शेयरों की कीमतों 32 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, तीन महीने में कंपनी ने पोजीशनल निवेशकों को 28 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। कंपनी का बीएसई में 52 वीक हाई 208.50 रुपये है। कंपनी का 52 वीक लो लेवल 138.15 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 8597 करोड़ रुपये का है। पार्क मेदी तेजी के साथ पंजाब, उत्तर प्रदेश और दिल्ली एनसीआर में विस्तार कर रही है।

## इस सप्ताह बैंक में 4 छुट्टियां

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बैंक कर्मियों की इस सप्ताह भी कई छुट्टियां लगातार हैं। इस हफ्ते रामनवमी जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार हैं। वहीं, चौथा शनिवार और रविवार की वजह से आने वाले दिनों में बैंक बंद रहेंगे। जिसकी वजह से कई शहरों में बैंक 4 दिन तक नहीं खुलेंगे। आइए जानते हैं किस दिन छुट्टी है। 26 मार्च (गुरुवार) - श्री राम नवमी के त्यौहार की वजह से अहमदाबाद, बेलापुर, चंडीगढ़, देहरादून, जयपुर, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, रांची और शिमला में बैंक बंद रहेंगे। 27 मार्च (शुक्रवार) - श्री राम नवमी (चैते दशैन) - भोपाल, भुवनेश्वर, गंगटोक, हैदराबाद, पटना और विजयवाड़ा में बैंक कर्मियों की इस छुट्टी रहेगी। इस महीने की आखिरी छुट्टी 31 मार्च को है। महावीर जयंती की वजह से इस दिन भी बैंक कर्मियों की छुट्टी रहेगी। इस महीने होली से लेकर ईद जैसे त्यौहार की वजह से बैंक कई दिन बंद रहे हैं। अगले महीने की पहली तारीख यानी 1 अप्रैल को बैंक कामकाज की वजह से सामान्य लोगों का कार्य इस दिन भी शाखाओं में नहीं होगा। 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे का त्योहार है। जिसकी वजह से अहमदाबाद, बेलापुर, बेंगलुरू, भोपाल, भुवनेश्वर, चेन्नई, देहरादून, गंगटोक, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंफाल, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई और नागपुर से लेकर पणजी, कानपुर, श्रीनगर, विजयवाड़ा में बैंक बंद रहेंगे। 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर जयंती, तमिल न्यू ईयर, बैसाखी के त्यौहार की वजह से बैंक कई शहरों में नहीं खुलेंगे।




# एलपीजी का सकंट हुआ खत्म सरकार ने 20 प्रतिशत सप्लाई बढ़ाई

### रेस्त्रां और होटल को मिलेगी अधिक गैस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध की वजह से देश में एलपीजी की सप्लाई प्रभावित हुई है। जिसकी वजह से रेस्त्रां से लेकर होटल तक कॉमर्शियल गैस की समस्या का सामना करना पड़ा है। एक अच्छी खबर आई है। शनिवार को केंद्र सरकार ने राज्यों का एलपीजी आंवटन 20 प्रतिशत और बढ़ा दिया है। जिसके बाद सेंटर-टू-स्टेट कॉमर्शियल एलपीजी सप्लाई 50 प्रतिशत हो गई है। जोकि संकट के पहले की स्थिति में पहुंच गया है। यह अतिरिक्त सप्लाई रेस्त्रां, धाबा, होटल और अन्य कॉमर्शियल के साथ इंडस्ट्रियल सेक्टर के लिए है। यह अतिरिक्त सप्लाई 23 मार्च 2026 से आगे के नोटिस तक प्रभावी रहेगी। बता दें, भारत सरकार की तरफ से पेट्रोलियम और नेचुरल गैस के सचिव नीरज मित्तल ने इसकी जानकारी सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को दे दी है। सचिव द्वारा राज्यों को लिखे गए पत्र के अनुसार, यह अतिरिक्त एलपीजी आवंटन उन कॉमर्शियल संस्थानों को मिलेगा जिन्होंने तेल कंपनियों के साथ पंजीकरण कराया हो और पाइप के जरिए आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) कनेक्शन के लिए आवेदन किया हो। सरकारी बयान में कहा गया कि घरेलू एलपीजी आपूर्ति स्थिर बनी हुई है, वितरकों के पास किसी प्रकार की कमी नहीं है और वितरण कार्य सामान्य रूप से जारी हैं।

कम हुई है बुकिंग करने वालों की संख्या घबराहट में किए जाने वाले एलपीजी बुकिंग अब कम हो गई है, और नागरिकों को भीड़ इकठ्ठा करने से बचने और होम डिलीवरी पर निर्भर रहने की सलाह दी गई है। सप्लाई संबंधी दबाव को कम करने के लिए, सरकार पीएनजी की आपूर्ति को बढ़ावा दे रही है, विशेष रूप से कॉमर्शियल प्रतिष्ठानों के लिए, और राज्यों से शहरी गैस वितरण नेटवर्क के लिए अप्रूवल प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया है। एलपीजी का उत्पादन बढ़ाया गया सरकार ने अतिरिक्त उपायों के तहत घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाया है, बुकिंग अंतराल बढ़ाए हैं और राज्यों को अतिरिक्त केरोसिन आपूर्ति आवंटित की है ताकि वैकल्पिक ईंधन विकल्प उपलब्ध हो सकें। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। अब तक देशभर में 3,500 से अधिक छापेमारी की गई, जिससे लगभग 1,400 एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए।



# हवाई सफर आने वाले दिनों में होगा महंगा ! सरकार ने 18000 रुपये के कैप को हटाया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने हवाई किराए पर लगाई कैपिंग को हटा लिया है। यानी अब एयरलाइन कंपनियों घरेलू उड़ानों के लिए अपने हिसाब से किराया तय कर पाएंगी। पिछले साल इंडिगो संकट के दौरान सरकार की तरफ से घरेलू उड़ानों के लिए 18000 रुपये की कैपिंग लगाई गई थी। बता दें, सरकार का नया फैसला 23 मार्च 2026 से प्रभावी हो जाएगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 6 दिसंबर 2025 को जारी अपने आदेश में 500 किलोमीटर तक की यात्रा पर 7500 रुपये, 500 किलोमीटर से 1000 किलोमीटर तक की यात्रा पर 12000 रुपये और 1000 किलोमीटर से 1500 किलोमीटर तक की यात्रा पर 15000 रुपये और 15000 किलोमीटर से अधिक की यात्रा पर 18000 रुपये की कैपिंग को लगाया था। बता दें, इंडिगो संकट के बाद सरकार को यह फैसला तब लेना पड़ा था। तब लगातार कई दिनों तक इंडिगो की सैकड़ों फ्लाइट्स रद्द हो रही थीं।



**मंत्रालय ने क्या कुछ कहा है:** अपने आदेश में मंत्रालय ने कहा, 'एयरलाइन यह सुनिश्चित करेंगी कि किराया उचित, पारदर्शी और बाजार की स्थितियों के अनुरूप बना रहे और यात्रियों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।' एविएशन मिनिस्ट्री ने कहा है कि किराए में अत्यधिक इजाफे के किसी मामले को गंभीरता से लिया जाएगा। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है जब मिडिल ईस्ट संघर्ष के कारण विभिन्न एयरलाइन को इंटरनेशनल रूट्स पर ऑपरेशंस संबंधी महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

12 मार्च को फेडरेशन ने लिखा था लेटर इंडियन एयरलाइंस से जुड़े फेडरेशन ने 12 मार्च को एक लेटर लिखा। जिसमें स्पष्ट तौर पर कहा गया था कि अगर किराए पर लगाई गई कैपिंग को नहीं हटाया गया तो यह एयरलाइन कंपनियों पर वित्तीय दबाव को बहुत बढ़ा देगा। कंपनियों का कहना है कि ईरान युद्ध की वजह से एविएशन फ्यूल की कीमतों में तेजी है। जिसकी वजह से उनकी आमदनी प्रभावित हो रही है। ईरान युद्ध की वजह से एयरलाइन कंपनियों को सुरक्षा के मद्देनजर कई फ्लाइट्स को कैंसिल करना पड़ा है।

# 15 लाख रुपये तक का एरियर, कर्मचारियों को मिलेगी मोटी रकम !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकारी कर्मचारियों के बीच इस समय 8वें वित्त आयोग को लेकर खूब चर्चा हो रही है। लाखों कर्मचारी बेसब्री से पे कमीशन की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। अगले 14 से 18 महीनों में वित्त आयोग की रिपोर्ट आ जाएगी। जिसके आधार पर कर्मचारियों की सैलरी और पेंशन तय की जाएगी। बता दें, 1 जनवरी 2026 से 8वां वित्त आयोग लागू हो चुका है। ऐसे में एरियर का कितना पैसा आएगा इस पर भी कर्मचारियों की तरफ से खूब मंथन हो रहा है। इकॉनिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार कर्मचारियों को मोटा एरियर 8वें पे कमीशन की वजह से मिल सकता है। रिपोर्ट के अनुसार केंद्रीय कर्मचारियों का 20 महीने का एरियर 3.6 लाख रुपये से 15 लाख रुपये तक हो सकता है। यह उनके बेसिक पे पर निर्भर करेगा। रिपोर्ट के अनुसार जिन कर्मचारियों का बेसिक पे 50,000 रुपये से अधिक होगा उन्हें सबसे ज्यादा फायदा होगा। यह कैलकुलेशन 20 महीने के एरियर और अन्य फिटमेंट फैक्टर्स पर तय होगा। जिन कर्मचारियों का बेसिक पे 18000 रुपये होगा। उन्हें 3.6 लाख रुपये से 5.65 लाख रुपये के बीच एरियर मिलेगा। जोकि फिटमेंट फैक्टर पर तय किया जाएगा। जिन कर्मचारियों का बेसिक पे 21700 रुपये होगा, उनका एरियर 4.34 लाख रुपये से 6.81 लाख रुपये तक हो सकता है। वहीं, 29200 रुपये बेसिक पे पाने वाले कर्मचारियों को 8वें पे कमीशन के लागू होने के बाद 5.84 लाख रुपये से 9.16 लाख रुपये के बीच एरियर मिल सकता है। जिन कर्मचारियों का बेसिक पे 47600 रुपये होगा उन्हें 9.52 लाख रुपये से 14.94 लाख रुपये तक एरियर मिल सकता है। कर्मचारियों संगठनों ने 3 से 3.25 के फिटमेंट फैक्टर की मांग की है। अगर इस डिमांड को पूरा किया गया।



# अब 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी ट्रेनें

## स्पीड ट्रायल 25 मार्च से



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नई दिल्ली-हावड़ा ग्रैंड कॉर्ड सेक्शन पर ट्रेनों की गति 160 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाने की दिशा में रेलवे ने तैयारी तेज कर दी है।

इसके तहत धनबाद और डीडीयू रेल मंडल में ट्रैक, सिग्नल प्रणाली और अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया है।

इसी क्रम में 25 मार्च को पंडित दीनदयाल उपाध्याय से गया, कोडरमा, पारसनाथ होते हुए धनबाद तक 180 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से स्पीड ट्रायल किया जाएगा।

इस ट्रायल में पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, दोनों मंडलों के डीआरएम समेत कई वरिष्ठ अधिकारी विशेष ट्रेन में सवार रहेंगे।

ट्रायल को लेकर रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। सोमवार से कोडरमा-गया रेलखंड पर पीडब्ल्यूआई और आरपीएफ की टीमों की तैनाती कर दी गई है। रेल लाइन के आसपास रहने वाले लोगों, मवेशी पालकों और पैदल यात्रियों से अपील की गई है कि वे ट्रैक पार करने से बचें।

पूर्व मध्य रेलवे के सीपीआरओ सरस्वती चंद ने बताया कि आने वाले समय में दिल्ली से हावड़ा के बीच ट्रेनें 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी। इसके लिए ट्रैक के दोनों ओर सुरक्षा दीवार भी बनाई जा रही है।

इससे पूर्व धनबाद-गया रेलखंड पर एलएचबी कोच के साथ 160 किमी प्रति घंटा की स्पीड से ट्रायल सफलतापूर्वक किया गया। कवच सुरक्षा प्रणाली से लैस इंजन के साथ सेकेंड एसी, थर्ड एसी इकोनॉमी और एसएलआर बोगियों को शामिल किया गया था। रेलवे को उम्मीद है कि इस पहल से यात्रियों को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक सफर मिलेगा।

## कुत्ते के मुंह में दिखा नवजात का शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** रविवार को मानवता को झकझोर देने वाली एक बेहद मार्मिक और दर्दनाक तस्वीर सामने आई। करमाझसिकंदरा मुख्य मार्ग पर कोढ़नी नदी पुलिया के समीप एक आवारा कुत्ता नवजात शिशु के शव को मुंह में दबाकर ले जाता दिखा, जिसे देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। दोपहर करीब तीन बजे बाइक से गुजर रहे एक युवक की नजर जब कुत्ते पर पड़ी, तो उसने तुरंत बाइक रोककर कुत्ते को खदेड़ा।

युवक के हस्तक्षेप के बाद कुत्ता शव को छोड़कर भाग निकला। इसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और घटना की सूचना स्थानीय थाना व नगर पंचायत को दी गई। सूचना मिलते ही नगर पंचायत के सफाई सुपरवाइजर मौके पर पहुंचे और मानवता के नाते नवजात के शव को नदी किनारे ही दफन कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में तरह-तरह की चचाएं होने लगीं। लोग इस बात को लेकर आक्रोशित दिखे कि आखिर कोई कैसे अपने नवजात को इस तरह लावारिस छोड़ सकता है।

इस दर्दनाक घटना ने समाज की संवेदनहीनता पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

## बारिश से मौसम हुआ सुहाना, लोगों ने ली राहत की सांस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** उमस भरी गर्मी के बीच आसमां ने बदलों की चादर ओढ़ ली। इससे एक ओर मौसम सुहाना हो गया तो दूसरी ओर लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की।

आसमां में काले-काले बादल छाने के बाद मेघगर्जन भी हुई और इसी के साथ बूंदाबांदी भी होने लगी जो राहगीरों व बाजार करने पहुंचे लोगों को हल्के-हल्के भिंगोने का काम किया। आसमान ने बादलों की चादर ओढ़ कर मौसम का मिजाज ही बदल दिया है।

इस बीच ठंडी हवा का झोंका भी चला और बूंदाबांदी होने से मौसम एकदम बदल गया। आसमान में अब भी काल बादल छाए हैं जो बारिश होने का संकेत दे रहा है। जिले में मौसम ने करवट ली तो कहीं बूंदाबांदी तो कहीं तेज बारिश भी हुई।

मौसम विभाग ने आने वाले एक दो दिनों तक मौसम के ऐसे ही बने रहने की उम्मीद जताई है। विभाग ने जिले के कई हिस्सों में हल्की से लेकर मध्यम बारिश व तेज हवा की संभावना व्यक्त की है। मौसम के बदलने के कारण तापमान में भी गिरावट आई है जिससे लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की।

# साइबर ठगों के बड़े नेटवर्क का पुलिस ने किया खुलासा

## एक ही खाते से 1.28 करोड़ रुपये से अधिक का हुआ लेन-देन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के सारण जिले समेत अन्य जिलों और राज्यों में सक्रिय साइबर ठगों के एक बड़े नेटवर्क का पुलिस ने खुलासा किया है। ये ठग गरीब और मजबूर लोगों को लालच देकर उनके बैंक खाते, एटीएम और सिम कार्ड का इस्तेमाल कर बड़े पैमाने पर ठगी को अंजाम देते थे।


सारण साइबर थाना की टीम को बिहार पुलिस मुख्यालय की साइबर इंटेलिजेंस शाखा से संदिग्ध बैंक खातों के सत्यापन का निर्देश मिला था।

जांच के दौरान बैंक के एक चालू खाते में बड़े पैमाने पर संदिग्ध लेन-देन का मामला सामने आया। यह खाता मशरख थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति के नाम पर संचालित था। जांच में खुलासा हुआ कि इस खाते का उपयोग देश के विभिन्न राज्यों कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश सहित कई अन्य स्थानों पर हुई साइबर ठगी की रकम को प्राप्त करने और ट्रांसफर करने में किया जा रहा था। कुछ ही महीनों में इस खाते के माध्यम से लगभग 1.28 करोड़ रुपये से अधिक का लेन-देन किया गया और राशि को तुरंत निकाल लिया गया।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर खाता धारक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह एक अन्य व्यक्ति के झांसे में आकर अपना बैंक खाता उपलब्ध कराता था और इसके बदले उसे कमीशन मिलता था। इसके बाद पुलिस ने दूसरे आरोपी के घर पर छापेमारी की, लेकिन वह मौके से फरार हो गया। तलाशी के दौरान वहां से मोबाइल फोन, सिम कार्ड, एटीएम, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी मिलकर साइबर अपराध से अर्जित राशि को अपने खातों में मंगवाकर उसे निकालने का काम करते थे। इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। सारण पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी लालच में आकर अपना बैंक खाता, एटीएम या सिम कार्ड किसी अन्य व्यक्ति को उपयोग के लिए न दें, अन्यथा वे भी कानूनी कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं।

# बीएलओ को किया जा रहा प्रशिक्षित



- मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण
- सभी को दिया गया बैग, किट व फार्म
- घर-घर पहुंचकर करेंगे सत्यापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** झारखंड में अगले महीने यानी अप्रैल से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कराने की तैयारी है। इसे लेकर बीएलओ को प्रशिक्षित किया जा रहा है। देवघर जिले के देवीपुर प्रखंड क्षेत्र में पड़ने वाले देवघर व मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं की संख्या को देखते हुए चुनाव आयोग के निर्देश पर विभिन्न दस बड़े बूथों को अलग किया गया। जिससे दस नए बूथों की स्वीकृति मिल गई है।

इसके लिए दस नए बीएलओ को नियुक्ति कराया गया। जिसका बुधवार को योगदान कराया गया। सभी को बैग, कीट, फार्म 6, 7, और 8 आदि दिया गया। विशेष रूप से झारखण्ड राज्य में होने एसआइआर को लेकर प्रखण्ड कार्यालय देवीपुर में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी देवीपुर राजेश बारला के देखरेख में प्रशिक्षण दिया गया।

साथ इसके अलावे पुराने सभी बीएलओ को भी एसआइआर को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर बीपीआरओ बिनोद दास, कंप्यूटर आपरेटर सौरव कुमार व सभी बीएलओ आदि उपस्थित थे।

मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) को लेकर बीएलओ को अधिकारियों ने पुनरीक्षण कार्य की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि बीएलओ अपने क्षेत्र के गांव टोले में नेशनल हाउस नंबरिंग करेंगे।

अगले माह से सभी अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर सत्यापन कार्य करेंगे। इस क्रम में नेशनल हाउस नंबरिंग के माध्यम से प्रत्येक घर को चिह्नित किया जायेगा। ताकि मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन बनाया जा सके। अधिकारियों ने इस कार्य को पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ करने का निर्देश दिया।

देवीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत देवघर विधानसभा में तीन नया बूथ बनाया गया। नये मतदान केंद्र का संख्या व नाम में से 131 उत्क्रमित मध्य विद्यालय भवन सिमराडीह, 142 प्राथमिक विद्यालय भवन खड़कुआं, 144 प्राथमिक विद्यालय रामपुर को बूथ बनाया गया।

देवीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मधुपुर विधानसभा में सात नया बूथ बनाया गया।

नये मतदान केंद्र का संख्या व नाम में से 2 उत्क्रमित मध्य विद्यालय भवन बारवां (पश्चिमी भाग), 5 उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भवन गोसलीडीह, 10 उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भवन नाढासिमर, 22 उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भवन नेपोडीह, 45 प्राथमिक विद्यालय भवन नावाडीह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भवन कसाठी (दक्षिणी भाग), 57 उत्क्रमित मध्य विद्यालय भवन महुआटांड (दक्षिणी भाग) को बूथ बनाया गया। दस नए बूथों के लिए दस नए बीएलओ को नियुक्ति कराया गया। नए बीएलओ में से मंजु देवी, लखिया देवी, बबली देवी, चम्पा देवी, निशा देवी, शकुन्तला देवी, पुतुल देवी, बंदना कुमारी यादव, पूजा कुमारी, सीमा कुमारी का नाम शामिल है।

## नवजात बच्ची की अवैध सौदेबाजी

# एडाप्शन कानून की उड़ायी जा रही धज्जियां

**_नवबिहार टाइम्स संवाददाता_**

*__गढ़वा।__ गढ़वा सदर अस्पताल एक बार फिर गंभीर आरोपों के घेरे में है। इस बार मामला दत्तक (एडाप्शन) कानून की धज्जियां उड़ाने का सामने आया है। आरोप है कि अस्पताल के भीतर ही रजिस्टरों में काट-छांट कर नवजात बच्ची को अवैध तरीके से दूसरे दंपती को सौंप दिया गया। पूरे मामले में सदर अस्पताल में कार्यरत एएनएम तारामणि कुजूर की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।*

*मामले का खुलासा होते ही अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया है। खास बात यह है कि कुछ ही समय पहले सदर अस्पताल से मरीजों को निजी अस्पतालों में भेजने और उसके एवज में प्रति मरीज पांच हजार रुपये कमीशन लेने का मामला भी सामने आया था। उस प्रकरण की जांच गढ़वा के अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने उपायुक्त के निर्देश पर की थी और अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी थी।*

*इसके बावजूद संबंधित एएनएम पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब दत्तक कानून से जुड़ा यह नया सनसनीखेज मामला सामने आ गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सदर अस्पताल की उपाधीक्षक ने एएनएम तारामणि कुजूर से स्पष्टीकरण मांगा है।*

*गढ़वा शहर के पाठक मोहल्ला निवासी रवि कुमार की 32 वर्षीय पत्नी रूपा देवी को 21 फरवरी 2026 को दोपहर दो बजे प्रसव के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसी दिन दोपहर 2:35 बजे उसने एक बच्ची को जन्म दिया। बताया गया कि उसके पहले से ही तीन बच्चियां थीं।*

*बताते हैं कि प्रसव से पहले अल्ट्रासाउंड जांच में उसे यह जानकारी मिल गई थी कि गर्भ में पल रही संतान भी बच्ची है। इसके बाद उसने पलामू जिले के हैदरनगर निवासी अपने निःसंतान भाई-भौजाई को बच्ची देने की योजना बना ली थी। हालांकि प्रसव के समय अस्पताल के ओपीडी पर्ची, बेडहेड टिकट पर्ची, ओपीडी रजिस्टर, प्रसव रजिस्टर, एल-3 फार्मेट तथा जन्म प्रमाण पत्र के लिए भरे गए पिंक फार्म में नवजात शिशु के माता-पिता के रूप में रूपा देवी और उसके पति लव कुमार का नाम दर्ज था।*

*बताया गया कि प्रसव के दौरान हैदरनगर निवासी राजू कुमार कांस्यकार और उसकी पत्नी कामिनी साहु भी सदर अस्पताल पहुंच गए। प्रसूता, उसके पति तथा उनके भाई-भौजाई ने प्रसव कक्ष में सुबह नौ बजे से शाम तीन बजे की शिफ्ट में ड्यूटी कर रही नर्सों से सभी रजिस्टरों में माता-पिता के स्थान पर कामिनी साहु और राजू कुमार कांस्यकार का नाम दर्ज करने का आग्रह किया।*

*हालांकि उस समय ड्यूटी पर मौजूद नर्सों ने ऐसा करने से साफ इंकार कर दिया। बताया जाता है कि बाद में दूसरी शिफ्ट में ड्यूटी पर आई एएनएम तारामणि कुजूर ने रजिस्टरों में काट छांट कर नवजात के माता-पिता और पते में बदलाव कर दिया। रजिस्टर में प्रसूता का नाम कामिनी साहु उम्र 29 वर्ष तथा पति का नाम राजू कुमार कांस्यकार दर्ज कर दिया गया।*

*इतना ही नहीं, जन्म प्रमाण पत्र के लिए भरे गए पिंक फार्म में भी काट छांट कर नवजात के माता-पिता का नाम और पता बदल दिया गया। इसके बाद कामिनी साहु और राजू कुमार कांस्यकार नवजात बच्ची को अपने साथ लेकर सदर अस्पताल से चले गए। बताया जा रहा है कि ऐसा इसलिए किया गया ताकि जन्म प्रमाण पत्र में भी वही नाम दर्ज हो जाए और बाद में किसी प्रकार की कानूनी परेशानी न हो।*

*पूरा मामला 12 मार्च को तब उजागर हुआ, जब प्रसूता रूपा देवी अपने पति लव कुमार के साथ दोबारा सदर अस्पताल पहुंची। उसने नर्सों से पेट में दर्द की शिकायत की और दूध सुखाने की दवा मांगने लगी। संयोग से उस समय वही नर्सों की टीम ड्यूटी पर थी जिसने उसका प्रसव कराया था।*

*बातचीत के दौरान नवजात बच्ची को भाई-भौजाई को देने और रजिस्टर में नाम बदलने की बात सामने आ गई। इसके बाद लेबर रूम की इंचार्ज नर्स ने पूरे मामले की लिखित जानकारी सदर अस्पताल की उपाधीक्षक को दी। उपाधीक्षक ने एएनएम तारामणि कुजूर से स्पष्टीकरण मांग लिया है।*

# रामनवमी में हुडदंगियों पर रहेगी पैनी नजर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इटखोरी।** आगामी रामनवमी पूजा को शांतिपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने को लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी सविता सिंह ने की। जिसमें पूजा एवं जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में जुलूस के निर्धारित मार्ग, ट्रैफिक नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को लेकर विशेष जोर दिया गया।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी अखाड़ा समितियों को निर्धारित समय और रूट का पालन करते हुए ही जुलूस निकालने का निर्देश दिया गया। अंचलाधिकारी ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस-प्रशासन को देने की अपील की।

रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि इस वर्ष भी पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने सभी अखाड़ा अध्यक्षों को निर्देश दिया कि शोभा यात्रा के दौरान प्रत्येक अखाड़ा अपने साथ कम से कम पांच वॉलिंटियर रखें, ताकि व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

## रेल की पटरी से सरकटी लाश बरामद

**धनबाद।** कुसुंडा साइडिंग आरआरआई कार्यालय से थोड़ी दूर धनबाद-चंद्रपुरा डाउन रेल लाइन ट्रैक पर शनिवार पूर्वाह्न एक वृद्ध महिला का सिर कटा शव पाया गया। घटना दिन 11 बजे की आसपास हुई बताई जाती है। घटना की सूचना मिलने पर कुसुंडा आरपीएफ और जीआरपी के पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच जांच पड़ताल की। जांच के दौरान महिला की पहचान गोधर के स्वर्ङ्ग कमल दास की पत्नी दुर्गावती देवी के रूप में हुई।

उसके बाद कुसुंडा जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर मृत महिला दुर्गावती देवी के पुत्र पप्पू दास ने जीआरपी थाना में दिए आवेदन में कहा है कि मां दुर्गावती दाई का काम करती थी।

पप्पू ने पुलिस के समक्ष आशंका जताई है कि काम पर जाने के दौरान ट्रैक पार करने के क्रम में किसी ट्रेन के चपेट में आने से उनकी मौत हुई होगी। घटना को लेकर कुसुंडा जीआरपी पुलिस मामले कि जांच कर रहीं है।

# शिक्षक के अभाव से छात्रों का भविष्य अंधकारमय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** सारठ प्रखंड के पश्चिमी छोर पर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय अंबा नचनियां में शिक्षकों के अभाव में बच्चों का भविष्य अंधकारमय है। कंप्यूटर शिक्षा के नाम पर यहां के बच्चे ककहरा भी नहीं जानते। वर्षों पूर्व प्रारंभ किया हुआ भवन आज भी अधूरा पड़ा हुआ है। सीएसआर के तहत शौचालय निर्माण की महज खानापूर्ति हुई है।

यहां तीन ही शिक्षक प्रतिनियुक्त हैं, जबकि आठवीं तक पढ़ाई होती है। कई कक्षाओं का संचालन संयुक्त रूप से किया जाता है। विद्यार्थियों की नामांकित संख्या 136 बताई जाती है। ऐसे में समझा जा सकता है कि यहां पठन-पाठन का स्तर कहां तक उन्नत है। कंप्यूटर शिक्षा को आधुनिक शिक्षा का अनिवार्य अंग कहा जाता है। लेकिन यहां दूर-दूर तक उसका कोई नामोनिशान नहीं है।



2018-19 में दो मंजिला भवन का निर्माण प्रारंभ हुआ। हालांकि छत ढलाई हो गई है। लेकिन ऊपर के दो कमरे का निर्माण मुकम्मल तौर पर अब तक नहीं हो पाया है। ईसीएल के सीएसआर फंड से 2015-16 में शौचालय का निर्माण प्रारंभ किया गया। वह आधा अधूरा पड़ा हुआ है। विद्यार्थियों को इसका कोई लाभ नहीं मिल पाता है। शिवम कुमार,रितिक राउत,लेवल कुमार, आलोक कुमार व अन्य विद्यार्थी कहते हैं कि आपातकाल में शौच के लिए मैदान जाना पड़ता है। लघुशंका विद्यालय के बाहर जाते हैं। सोहन कुमार, पीयूष कुमार, विवेक कुमार, करण कुमार व अन्य विद्यार्थी कहते हैं कि यहां शिक्षक की प्रतिनियुक्ति होना अति आवश्यक है। कंप्यूटर शिक्षा की भी व्यवस्था होनी चाहिए।

# एक किमी से पानी लाने को मजबूर ग्रामीण

## महीनों से खराब पड़ा नल, बीडीओ को सौंपा आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाईबासा।** मझगांव प्रखंड के अम्बाईमार्चा गांव स्थित आदिवासी टोला में पेयजल की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। सरकारी चापाकल कई महीनों से खराब पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि लोगों को पीने के पानी के लिए करीब एक किलोमीटर दूर खेत में स्थित एक कुएं पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कुआं खेत के बीच स्थित होने के कारण न केवल दूर है, बल्कि खुला होने से पानी की शुद्धता को लेकर भी आशंका बनी रहती है। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



गांव की इस समस्या को देखते हुए स्थानीय शिक्षित युवा राज राउत ने पहल करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन सौंपा है। आवेदन में खराब पड़े चापाकल की शीघ्र मरम्मत कराने या वैकल्पिक रूप से नया चापाकल अथवा सोलर जल मीनार लगाने की मांग की गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार इस समस्या को उठाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। इससे लोगों में नाराजगी भी देखी जा रही है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया है कि संबंधित विभाग से समन्वय कर जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। मौके पर जयंती पुरती, बिमला कोंडाकेल, गंगाराम पुरती, जानी पुरती, राबिन पुरती, आरती देवी, बाल्का कोंडाकेल, सुशीला महाराणा, बीरबल कोंडाकेल, पार्वती कोंडाकेल, सरस्वती कोंडाकेल, रेनिस राउत, विजय राउत, लूडु पुरती, मनोज महाराणा, संतोष महाराणा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# पंकज के आईपीएल में चयन से लोगों में हर्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की चमक-धमक के बीच अब बिहार के एक होनहार युवा क्रिकेटर की प्रतिभा पूरे देश के सामने आने को तैयार है। पंकज तिवारी की यह उपलब्धि न केवल सारण, बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय बनी हुई है। सतजोड़ा गांव निवासी मधुसूदन तिवारी के पुत्र पंकज तिवारी ने इंडियन प्रीमियर लीग की चर्चित टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर में नेट बॉलर के रूप में अपना जलवा दिखाया।

पंकज तिवारी ने अपनी तेज रफ्तार गेंदबाजी से चयनकताओं को प्रभावित किया है। लगभग 138 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से गेंदबाजी कर उन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस टीम में भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिससे पंकज को सीखने और खुद को निखारने का बड़ा अवसर मिलने वाला है। पंकज की कहानी संघर्ष और जुनून की मिसाल है। महज 8 वर्ष की उम्र में उन्हें क्रिकेट का शौक लगा। गांव के उबड़-खाबड़ खेतों में साधारण बल्ले और गेंद से खेलते-खेलते उन्होंने अपने सपनों को आकार दिया। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी। धीरे-धीरे उनकी प्रतिभा निखरती गई और उन्होंने सारण जिला क्रिकेट एकेडमी, दहियावां में खेल की बारीकियां सीखीं। इसके बाद पटना स्थित सरकार पटेल क्रिकेट एकेडमी में पांच वर्षों तक प्रशिक्षण लेकर अपने खेल को और मजबूत किया।

वर्तमान में पंकज पटना में सिवान जिले के निवासी सह कोच शशि नंदन के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रहे हैं। उनकी मेहनत और अनुशासन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। हालांकि इस सफर में चुनौतियां भी कम नहीं थीं।

इंडियन ओपन

# 45.26 सेकंड का पर्सनल बेस्ट

● 400 मीटर दौड़ में राजेश रमेश का गोल्ड




**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** तमिलनाडु के 27 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय क्वार्टर–माइलर राजेश रमेश ने शनिवार को तिरुवनंतपुरम में आयोजित सीजन के पहले मुकाबले में अपना दबदबा बनाया। उन्होंने 400 मीटर की दौड़ में अपना पर्सनल बेस्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। केरल में आयोजित सातवीं इंडियन ओपन 400 मीटर प्रतियोगिता 2026 में पुरुषों की 'रेस ए' में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान रमेश ने 45.26 सेकंड का समय दर्ज किया। यह समय उनके 2024 में बनाए गए व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 45.54 सेकंड के रिकॉर्ड से भी बेहतर था। 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद लगातार चोटों के कारण रमेश खेल से बाहर हो गए थे, लेकिन उन्होंने 2025 में शानदार वापसी करते हुए 45.75 सेकंड में रेस पूरी की थी, जो उस सीजन का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

एएफसी विमेंस एशियन कप

फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से रौंदा

# जापान ने तीसरी बार जीता खिताब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जापान ने एएफसी विमेंस एशियन कप 2026 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से शिकस्त देकर टूर्नामेंट के इतिहास में तीसरी बार खिताब अपने नाम किया है। यह मुकाबला शनिवार को स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया में खेला गया। जापान ने इससे पहले 2014 और 2018 में यह खिताब जीता था। दोनों ही बार ऑस्ट्रेलिया को हराकर टाइटल अपने नाम किया था।

**मैच का हाल-** ऑस्ट्रेलिया के शुरुआती दबदबे के बावजूद, जापान ने खेल के प्रवाह के विपरीत जाते हुए 17वें मिनट में गोल दागा। हमानो ने पेनाल्टी एरिया के बाहर जगह बनाई, तेजी से घूमीं, और एक घुमावदार शॉट लगाया जो मैकेंजी अर्नोल्ड को छकाते हुए गोल के निचले कोने में जा समाया। इसके बाद जापान ने अपनी बेहतरीन पासिंग के दम पर खेल की रफ्तार को नियंत्रित किया। हालांकि, यामाशिता की एक गलत क्लीयरेंस के कारण ऑस्ट्रेलिया को बराबरी का सुनहरा मौका मिल गया, जब गेंद फोर्ड के पास जा गिरी। फोर्ड के शॉट को हाना ताकाहाशी ने डिफ्लेक्ट करके गोल बचा लिया। पहले हाफ के आखिरी पलों में जापान को अपनी बढ़त दोगुनी करने का एक और मौका मिला। डिफेंस की एक चूक के कारण हिकारू कितागावा को गोल करने का बेहतरीन मौका मिल गया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की गोलकीपर अर्नोल्ड ने उनके प्रयास को नाकाम कर दिया। दूसरा हाफ भी काफी तेजी से आगे बढ़ा। जहां एक तरफ जापान दूसरे गोल की तलाश में था, वहीं ऑस्ट्रेलिया ने धीरे-धीरे गेंद पर अपना नियंत्रण बनाना शुरू किया और गोल के मौके बनाए।

मिडफील्ड में गेंद पर कब्जा करने के बाद कायरा कूनी-क्रॉस ने एक लंबी दूरी से गोल करने की साहसी कोशिश की, लेकिन वह यामाशिता को परेशान करने में नाकाम रहीं और उन्होंने आसानी से उस शॉट को रोक लिया।

मैच के आखिरी चरणों में, जापान ने पूरी तरह से डिफेंसिव रणनीति अपना ली और ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेल में बराबरी करने के लिए किए गए सभी हमलों को सफलतापूर्वक रोक दिया।

### दर्शकों में दिखा भारी उत्साह

मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने 74,397 दर्शकों की रिकॉर्ड भीड़ के सामने फाइनल में शानदार शुरुआत की। स्ट्राइकर मैरी फाउलर ने एक सटीक लंबे पास के जरिए केटलिन फोर्ड तक गेंद पहुंचाकर इस मूव की शुरुआत की। फोर्ड ने कप्तान सैम केर के लिए गोल करने का एक बेहतरीन मौका बनाया, लेकिन जापान की गोलकीपर यामाशिता ने शानदार बचाव करते हुए उस शॉट को रोक दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 11वें मिनट में एक बार फिर गोल करने की कोशिश की, लेकिन जापान के मजबूत डिफेंस ने उन्हें रोका।

पूर्व ओपनिंग पार्टनर पर वीरेंद्र सहवाग का बड़ा बयान

# मुझे स्ट्राइक दो, मुझसे मुकाबला मत करो



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज सहवाग का एक पुराना बयान इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस बयान में उन्होंने अपने पूर्व ओपनिंग पार्टनर मनन वोहराको लेकर जो बात कही, उस पर फैंस की मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कुछ लोग सहवाग का समर्थन कर रहे हैं, तो कुछ ने उनके बयान को 'सेल्फिश' बताया है।

**सहवाग ने मनन वोहरा को क्या कहा था-** एक इंटरव्यू के दौरान सहवाग ने बताया कि जब वह पंजाब के लिए खेलते थे, तब वह मनन वोहरा के साथ ओपनिंग करते थे। उस समय उन्होंने मनन वोहरा से कहा था कि वह उनसे मुकाबला करने की कोशिश न करें, बल्कि स्ट्राइक रोटेट करें। सहवाग ने कहा, 'जब मैं मनन वोहरा के साथ ओपनिंग करता था, तो वह मेरे साथ मुकाबला करने की कोशिश करते थे। मैं उन्हें समझाता था कि आपका काम मुझसे कंपटीशन करना नहीं है, आपका काम मुझे स्ट्राइक देना है ताकि मैं पावरप्ले का फायदा उठा सकूं।'

**'दिमाग का इस्तेमाल करो' - सहवाग-** सहवाग ने आगे कहा कि उन्होंने मनन वोहरा से कहा था कि अगर उनका स्ट्राइक रेट ज्यादा है, तो उन्हें ज्यादा गेंदें खेलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि क्रिकेट में टीम के हित को ध्यान में रखकर खेलना चाहिए। सहवाग के अनुसार, 'आंकड़े खराब हो सकते हैं, लेकिन दिमाग खराब नहीं होना चाहिए। अगर किसी खिलाड़ी का स्ट्राइक रेट 200 है, तो दूसरे बल्लेबाज को स्ट्राइक उसे देनी चाहिए, ताकि टीम ज्यादा रन बना सके।'

● **सोशल मीडिया पर फैंस की मिली-जुली प्रतिक्रिया-** सहवाग का यह बयान सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर बहस शुरू हो गई। कुछ फैंस ने कहा कि सहवाग का बयान टीम के हित में था, क्योंकि वह पावरप्ले में तेजी से रन बना सकते थे। वहीं कुछ लोगों ने उनकी तुलना सचिन और राहुल जैसे दिग्गज खिलाड़ियों से करते हुए कहा कि बड़े खिलाड़ी हमेशा अपने साथी खिलाड़ियों को सपोर्ट करते हैं, न कि इस तरह की बात करते हैं।

वर्ल्ड इंडोर चैंपियनशिप

# अमेरिका के जॉर्डन एंथनी का गोल्ड

● 60 मीटर की दौड़ 6.41 सेकंड में पूरा किया; नौ महीने पहले फुटबॉल छोड़ा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ट्रैक एंड फील्ड की दुनिया में एक नई स्प्रिंट सनसनी उभरकर सामने आई है। अमेरिका के 21 वर्षीय जॉर्डन एंथनी ने वर्ल्ड इंडोर चैम्पियनशिप की 60 मीटर दौड़ में गोल्ड जीतकर न सिर्फ इतिहास रचा, बल्कि अपनी संघर्ष भरी कहानी से सभी को प्रेरित भी किया।

एंथनी ने 6.41 सेकंड का समय निकाला, जो इतिहास का चौथा सबसे तेज समय है। रेस से सिर्फ 36 घंटे पहले उन्हें गंभीर समस्या का सामना करना पड़ा था। पोलैंड पहुंचने के बाद डोप टेस्ट के दौरान एक अधिकारी ने जब खून लिया तो सुई नस में नहीं लगी, बल्कि बाहर लग गई, जिससे उनके हाथ में ब्लड क्लॉट हो गया।

### नौ महीने पहले फुटबॉल छोड़कर चुना एथलेटिक्स

जॉर्डन एंथनी की कहानी और भी खास इसलिए है क्योंकि उन्होंने महज नौ महीने पहले ही पेशेवर एथलेटिक्स में कदम रखा है। इससे पहले वे कॉलेज फुटबॉल में अर्कांसस रेजरबैक्स टीम से खेलते थे। जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने एनएफएल का सपना क्यों छोड़ा, तो उन्होंने साफ कहा, 'क्योंकि यहां कोई मुझे टक्कर मारने के लिए मेरी तरफ नहीं दौड़ रहा है।'

# श्रीलंकाई कप्तान ने पीएसएल को कहा बाय-बाय

### अब आईपीएल में इस टीम से खेलेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका की टी20 टीम के कप्तान दासुन शनाका ने पाकिस्तान सुपर लीग 2026 से अपना नाम वापस ले लिया है. दासुन शनाका अब को इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन मे भाग लेने का मौका मिलने जा रहा है, इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने ये फैसला लिया है. रिपोर्ट के मुताबिक दासुन शनाका ने टीम राजस्थान रॉयल्स के साथ बातचीत की है. अब उन्हें इंजरी रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल करने का फैसला किया है. राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें सैम करन के विकल्प के रूप में देखा, जो ग्रोइन इंजरी के चलते टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं. दासुन शनाका इससे पहले आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटन्स का हिस्सा रह चुके हैं. उस सीजन में उन्होंने 3 मैच खेलकर 26 रन बनाए थे. हालांकि, आईपीएल 2026 के लिए आयोजित प्लेयर्स मिनी ऑक्शन में उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला था. शनाका ने अपना बेस प्राइस 75 लाख रुपये रखा था.



**मुजारबानी ने भी दिया था झटका-** इसी बीच पीएसएल के 11वें सीजन से खिलाड़ियों के हटने का सिलसिला जारी है. ब्लेसिंग मुजारबानी (जिम्बाब्वे) और गुडाकेश मोती (वेस्टइंडीज) पहले ही टूर्नामेंट से हट चुके हैं. मुजारबानी को बाद में बाद में कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुस्ताफिजुर रहमान के रिप्लेसमेंट के तौर पर अपने स्क्वॉड में शामिल किया, जबकि मोती के हटने की वजह सामने नहीं आई है.

# 'अपना गेम अपग्रेड करो और कमजोरी पर काम करो'

वैभव सूर्यवंशी को इरफान पठान ने दी सलाह, कहा- रन बनाना होगी चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2026 में सबकी निगाहें इस बात पर टिकी रहने वाली है कि इस सीजन में खेलने वाला सबसे कम उम्र का बैटर क्या कमाल करता है। पिछले सीजन में वैभव को राजस्थान रॉयल्स के लिए ओपन करने का मौका मिला और उन्होंने क्या कुछ किया ये सबने देखा था। क्या वैभव उसी अंदाज में इस सीजन में बल्लेबाजी करेंगे या फिर उन्हें इस बात दिक्कतों का सामना करना होगा। वैभव को आईपीएल 2026 में किस तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है इसके बारे में टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने बताया। इरफान ने वैभव को आगाह किया कि अब सबकी नजर उन पर रहने वाली है और अब वो किसी के लिए अनजान नहीं हैं। ऐसे में गेंदबाज उनके खिलाफ पूरी तैयारी के साथ और ठोस रणनीति बनाकर मैदान पर उतरेंगे।

# आकाश दीप आईपीएल 2026 से बाहर हुए

KKR के पेसर इंजरी के कारण नहीं खेलेंगे; मेगा ऑक्शन में एक करोड़ में खरीदा था




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल 2026 से पहले एक और झटका लगा है। टीम के तेज गेंदबाज आकाश दीप पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। शनिवार को क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज को फ्रेंचाइजी के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। 29 साल के बंगाल के इस गेंदबाज को पिछले साल अबू धाबी में हुए मेगा ऑक्शन में 1 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर टीम ने खरीदा था। हालांकि, वह अब तक टीम कैंप से नहीं जुड़े हैं। आकाश दीप बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (ष्टह्रश्व) में रिहैब कर रहे हैं। उनकी चोट किस तरह की है, यह साफ नहीं हो सका है, लेकिन मैनेजमेंट और फ्रेंचाइजी के बीच इसको लेकर बातचीत हुई है।

मियामी ओपन

इस मामले में जोकोविच की बराबरी पर पहुंचे

# सिनर ने मियामी ओपन में जुमहुर को दी मात



**मियामी, एजेंसी।** यानिक सिनर ने हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए मियामी ओपन के पहले राउंड के मुकाबले नें दामिर जुमहुर को 6-3, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ सिनर ने सर्बिया के दिग्गज नोवाक जोकोविच के एक रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। सिनर ने नवंबर में पेरिस मास्टर्स और इंडियन वेल्स में अपने खिताबी जीत के बाद अब एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट्स में लगातार 24 सेट जीतकर नोवाक जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।

**सिनर के पास आगे निकलने का मौका-** सिनर के पास 30वीं वरीयता प्राप्त कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ अपने तीसरे राउंड के मुकाबले का पहला सेट जीतकर जोकोविच से आगे निकलने का मौका होगा, जिन्होंने टॉमस माचाक को 6-0, 1-6, 6-4 से हराया था। जीत के बाद सिनर ने कहा, मुझे लगता है कि कभी-कभी स्कोरबोर्ड मायने रखता है। मेरे लिए मैं एक खिलाड़ी के तौर पर बेहतर होने की कोशिश करता हूं और खुद को ज्यादा से ज्यादा मैच खेलने की स्थिति में रखता हूं। मैं हमेशा हर विरोधी के साथ एक जैसा बर्ताव करता हूं, कोर्ट पर आकर अच्छे रवैये के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता हूं और इसके लिए पूरी कोशिश करता हूं।

सिनर मियामी में अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व में 2024 में वह चैंपियन रहे थे। इंडियन वेल्स में 2026 के लिए अपनी पहली ट्रॉफी उठाने के बाद, सिनर 2017 में रोजर फेडरर के बाद मशहूर सनशाइन डबल पूरा करने वाले पहले खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी तरफ, अलेक्जेंडर शेवचेंको ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में वापसी करते हुए जीत हासिल करके बेन शेल्टन को मियामी ओपन से बाहर कर दिया।

# भारतीय टीम की मेजबानी की तैयारी में जुटा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड...




**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बड़ा फैसला लेते हुए सितंबर में प्रस्तावित अपनी टीम के आयरलैंड दौरे को टाल दिया है. बीसीबी ने ये फैसला भारत के खिलाफ लंबे समय से लंबित व्हाइट बॉल सीरीज के मद्देनजर लिया है. यह सीरीज टीम के लिए 2027 वनडे वर्ल्ड कप से पहले बेहद अहम मानी जा रही है. हालांकि भारत का यह दौरा अभी अंतिम रूप से तय नहीं है. इसे भारत सरकार की मंजूरी मिलना बाकी है और हालिया कूटनीतिक परिस्थितियों के चलते इस पर अंतिम निर्णय लिया जाना है. अगर सरकार से मंजूरी मिली, तो भारतीय टीम 28 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी. इस दौरे में तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले जाने हैं. वनडे मुकाबले 1, 3 और 6 सितंबर को आयोजित होंगे. जबकि टी20 सीरीज के मुकाबले 9, 12 और 13 सितंबर को होने हैं. यह व्हाइट बॉल सीरीज मूल रूप से 2025 में होनी थी।

# पाकिस्तानी शो विवाद पर सुनील गावस्कर ने तोड़ी चुप्पी, आलोचना पर दिया बड़ा बयान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान पाकिस्तानी क्रिकेट शो में जाने को लेकर हो रही आलोचना पर खुलकर जवाब दिया है। उन्होंने साफ कहा कि वह उस शो में गए थे, लेकिन इसके लिए उन्होंने कोई पैसा नहीं लिया था। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया।

**चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान पाकिस्तानी शो में आए थे नजर-** चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान दुबई में पाकिस्तान के शो में पैनलिस्ट के रूप में शामिल हुए थे। इस शो के प्रसारण के बाद सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने उनकी आलोचना की और उनके रुख पर सवाल उठाए। खासकर तब जब उन्होंने भारतीय मालिकों वाली टीमों द्वारा पाकिस्तानी खिलाड़ियों को साइन करने पर आपत्ति जताई थी।

**'मैंने शो के लिए कोई पैसे नहीं लिए'-** आलोचना के बाद गावस्कर ने सफाई देते हुए कहा, 'मैं दुबई में जो शो करने गया था, उसके लिए मैंने न तो कोई फीस मांगी और न ही मुझे कोई भुगतान किया गया।' उन्होंने यह भी कहा कि वह टूर्नामेंट्स में कमेंट्री करते हैं, और इन टूर्नामेंट्स की कमाई सभी सदस्य देशों में बांटी जाती है। इसलिए यह कहना गलत है कि वह किसी एक देश से पैसा ले रहे थे।

**भारतीय मालिकों और पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर दिया बड़ा बयान-** गावस्कर ने कहा कि अगर किसी विदेशी लीग की टीम भारतीय कंपनी या भारतीय मालिक की है, तो उसे पाकिस्तानी खिलाड़ियों को साइन करने से बचना चाहिए।

संक्षिप्त समाचार


## बीच सड़क पर पिस्तौल से काटा केक, खुलेआम हथियार के साथ मनाया जश्न

**बाहरी दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में रोड के बीचों-बीच दोपहिया वाहन खड़ा कर उसकी सीट पर रखे केक को पिस्तौल से काटते हुए कुछ युवाओं का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो नरेला क्षेत्र का बताया जा रहा है। वीडियो में युवक गर्म वस्त्र पहने नजर आ रहे हैं, इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि वीडियो कुछ पुराना है। वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई है और युवकों की पहचान के प्रयास में जुटी है।



बताया जा रहा है कि पुलिस ने वीडियो में दिख रहे कुछ युवकों की पहचान कर ली है। वहीं, वायरल वीडियो में कुछ युवक पिस्तौल से केक काटते नजर रहे हैं। युवक बिना किसी खौफ के खुलेआम हथियार के साथ जश्न मना रहे हैं। वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस हरकत में आई और जांच शुरू की। यह वीडियो दिल्ली के नरेला इलाके का है। पुलिस ने आरोपी की पहचान करने के लिए अभियान चलाया। अपुष्ट तौर पर बताया जा रहा है कि पुलिस ने तकनीकी जांच और स्थानीय सूचना के आधार पर सभी युवकों की पहचान कर ली। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और हथियारों के स्रोत का भी पता लगाया जा रहा है। केशवपुरम क्षेत्र के बैंक्वेट हाल में कुछ युवकों पर लाठी-डंडे बरसाते कुछ गार्ड व बाउंसरों का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई है। मामला कल का है, शनिवार देर शाम पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर पूछताछ की है। अभी मुकदमा तो दर्ज नहीं हुआ है। वीडियो में चार गार्ड व बाउंसर दो युवकों को लाठी-डंडों से पीटते नजर आ रहे हैं।

## दिल्ली पर्यटकों का भी हब: होटल व्यवसायी और ट्रांसपोर्टर ने की समाधान की मांग




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पर्यटकों का भी हब है। यहां कई धरोहर व ऐतिहासिक इमारतें, बाजार और स्थान हैं। साथ ही यह देशभर में जाने वाले पर्यटकों का ट्रांजिट प्वाइंट भी है। फिर भी पर्यटन स्थलों के आसपास अतिक्रमण, पार्किंग समेत अन्य समस्या गंभीर है। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े कारोबारियों की मांग है कि आने वाले बजट में इन समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रमुखता से कदम उठाए जाएं। इसी तरह पहाड़गंज व करोल बाग समेत अन्य स्थान होटलों के हब हैं, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक ठहरते हैं पर वहां भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। पहाड़गंज में पेयजल आपूर्ति की समस्या के साथ लटकते बिजली के तार और टूटी सड़कों की समस्या भी गंभीर है। वहीं टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर भी स्पीड गवर्नर व पैनिक बटन की अनिवार्यता से भ्रष्टाचार और टूरिस्ट वाहनों के पंजीयन की धीमी रफ्तार से राहत की मांग कर रहे हैं। दिल्ली टैक्सी एंड टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सम्राट ने कहा कि पैनिक बटन के नाम पर प्रत्येक वाहन से 10 हजार रुपये लिए जा रहे हैं, लेकिन उससे संबंधित आधारभूत ढांचा ही नहीं है। कोई कंट्रोल रूम नहीं है, लेकिन वसूली जारी है। वहीं होटल महासंघ के अध्यक्ष अजय अग्रवाल के अनुसार पर्यटन स्थलों के आस-पास अतिक्रमण के साथ गंदगी रहती है।

अच्छी बात है कि सरकार ने इस दिशा में काफी प्रयास किया है। वैसे दिल्ली को उत्सवों का शहर बनाया है, जिससे पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी आई है पर दिक्कत आधारभूत सुविधाओं की कमी की है।

# एआई अवतार गांधी बताएंगे उन्होंने जवाहर लाल नेहरू को देश का पहला प्रधानमंत्री क्यों बनवाया?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पद के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल की जगह जवाहर लाल नेहरू को तरजीह क्यों दी? पूर्व में उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान उनकी लाश पर बनेगा। फिर वह बंटवारे के लिए कैसे राजी हो गए? इसी तरह, वह चाहते हैं तो महान क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह की फांसी की सजा ब्रिटिश सरकार से माफ करा सकते थे, लेकिन राष्ट्रपिता ने ऐसा क्यों नहीं किया? ऐसे 50 सो सवाल हैं, जो अनुत्तरित या पूर्ण नहीं है और उसके बारे में जानने कि देशवासियों में व्यग्रता है। लोग उसके जवाब गांधी से ही सुनना चाहते हैं। ऐसे लोगों की यह बड़ी ख्वाहिश जल्द पूरी होने वाली है। जब अपने जीवन और निर्णयों से जुड़े जवाब खुद राष्ट्रपिता देंगे। यह संभव करने जा रहा है, चाणक्यपुरी स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय, जहां महात्मा गांधी का एआइ अवतार सटीक जवाब देगा। एआई आधारित राष्ट्रपिता के होलो बॉक्स से आगंतुक, हर प्रकार के सवाल पूछ सकेंगे और उसका उत्तर जान सकेंगे। जवाब खुद महात्मा गांधी की आवाज में मिलेगा। आदमकद आकार का महात्मा गांधी का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित होलो बाक्स को ऐसे हजारों सवालों के जवाब देने के साथ तैयार किया जा रहा है। निर्माण से जुड़ी टीम के लोगों इस दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं और राष्ट्रपिता का यह होलो बाक्स एक-दो माह में तैयार हो जाएगा। महात्मा गांधी का होलो बाक्स तैयार करना बेहद चुनौतीपूर्ण है। यह इसलिए भी कि बात राष्ट्रपिता की हो रही है, जिनके जीवन को पूरे विश्व में सम्मान के साथ देखा जाता है। साथ ही उनके साथ कई ऐसे निर्णय जुड़े हैं, जिसने देश-विदेश के इतिहास का रुख मोड़ा। वैसे, उनके कई निर्णयों पर अब भी विमर्श खूब होता है और उसके उत्तर तलाशे जाते हैं। बात महात्मा गांधी की है तो उनका होलो बाक्स तैयार करने में इतिहासकार, गांधीजन, सरकारी दस्तावेजों और उस समय के आधारित पुस्तकों को खंगाला जा रहा है।



**विवाद रहित उत्तर तलाशना चुनौतीपूर्ण**

टीम के एक सदस्य ने बताया कि उनके साथ के सवाल के जवाब काफी कठिन है और अब तक अनुत्तरित भी, इसलिए उनका विवाद रहित हल तलाशना काफी चुनौतीपूर्ण है। इसलिए हल संतुलित तलाशे जा रहे हैं। जैसे, सरदार वल्लभ भाई पटेल ने कहा था कि गांधी जी ने नेहरू को इसलिए चुना क्योंकि उनके विदेश में संबंध अच्छे थे। ऐसे कई और नजरिए को जोड़कर उत्तर तैयार किया जा रहा है, जिसपर बाद में विवाद न हो। टीम सदस्य के अनुसार, उसे इस तरह से तैयार किया जा रहा है तथा संभावित सवालों के जवाब डाले जा रहे हैं कि एक वक्त के बाद एआइ आधारित महात्मा गांधी खुद से भी उत्तर तैयार कर देने लगेंगे। इसके पूर्व पिछले वर्ष प्रधानमंत्री संग्रहालय के महानायकों से पूछे सेक्शन में पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम और देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का भी आदमकद होलो बाक्स स्थापित किया जा चुका है। उसके बाद महात्मा गांधी के होलो बॉक्स पर काम शुरू हुआ। जिसके एक माह में पूर्ण करने का लक्ष्य है। उसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का भी

# ईरान के खिलाफ लंबे युद्ध में फंस गया है अमेरिका: रि. मेजर जनरल जीडी बख्शी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को लेकर रिटायर मेजर जनरल जीडी बख्शी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जमकर खरी-खोटी सुनाई है। उन्होंने कहा कि ईरान पर हमला करके अमेरिका एक अंतहीन और लंबे खिंचने वाले युद्ध में फंस गया है। इस युद्ध से न केवल अमेरिका और ईरान की अर्थव्यवस्था को झटका लगेगा, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था धीमी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका को लड़ने का शौक है, यह शौक पूरा करते हैं और इसका खामियाजा पूरी दुनिया को भुगतना पड़ता है। अमेरिका इस जंग में उलझ गया है।

एएनआई से बात करते हुए रिटायर मेजर जनरल जीडी बख्शी ने ट्रंप की जमकर क्लास लगाई। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने इस अंतहीन युद्ध में फंस कर अपने साथ-साथ पूरी दुनिया की खाट खड़ी कर दी है। उन्होंने कहा, 'अमेरिका ने बिना किसी योजना के इस युद्ध को शुरू कर दिया। अब इससे दुनिया की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो रही है क्योंकि ईरान ने होर्मुज बंद कर दिया है। कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार कर गई है, जिस दिन इन्होंने सैनिक जमीन पर उतारे, तेल की



कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच जाएगी। होर्मुज से केवल तेल ही नहीं आता है। फर्टिलाइजर, यूरिया और खाद भी आते हैं। बुवाई के समय तक यह नहीं खुला तो पूरी दुनिया में खाद के दाम बढ़ जाएंगे। इसका असर भारत के साथ-साथ अमेरिका में भी दिखाई देगा। वहां के किसान भी इससे परेशान होंगे। पेट्रोल के भाव बढ़ेंगे।'

जीडी बख्शी ने ट्रंप को सच्चाई बताते हुए कहा कि आने वाले समय में अमेरिका में मध्यावधि चुनाव होने वाले हैं। ऐसे समय में अगर अमेरिका की जनता, वहां के किसान और मध्यम वर्ग के लोग ट्रंप की हरकतों से परेशान होते हैं, तो वह ट्रंप को जवाब भी देंगे। ट्रंप को अपने वोट गंवाने भी पड़ सकते हैं।

उन्होंने अमेरिका को पुराने युद्ध के जख्म याद दिलाते हुए कहा कि ट्रंप अपनी सेना की बड़ी-बड़ी बातें देते हैं, लेकिन अगर उन्होंने जमीन पर सैनिक उतारे तो उन्हें फिर से हकीकत का पता चल जाएगा। उन्होंने कहा, ''डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बनने के बाद 7 से 8 हमलों पर हमला कर चुके हैं। उन्होंने वेनेजुएला पर हमला कर दिया, एक दिन में सफलता हासिल कर ली तो हवा में उड़ रहे हैं। ईरान पर चढ़ बैठे हैं। जापान से और अमेरिका से मरीन कमांडो भेज रहे हैं। वह कहते हैं कि हमें सैनिक जमीन पर उतारने से फर्क नहीं पड़ता है।

## दिल्ली का हाल! फुटपाथ पर रेहड़ी-पटरी वालों का कब्जा, सड़क पर चलने को मजबूर लोग

**दक्षिणी दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के साकेत में फुटपाथ पर अतिक्रमण और सड़क किनारे अवैध पार्किंग से स्थानीय लोग परेशान हैं। फुटपाथ पर रेहड़ी-पटरी वालों का कब्जा है, जिससे लोग सड़कों पर चलने को मजबूर हैं। वहीं सड़क के दोनों ओर अवैध पार्किंग के चलते दिनभर जाम के हालात बने रहते हैं। हालात ये हैं कि पीक आवर्स में तो सोसाइटियों के लोगों को कहीं जाना हो तो घरों से गाड़ी भी नहीं निकाल पाते। इसे लेकर फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूएज साकेत की ओर से दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) कमिश्नर, मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (जीएनसीटीडी) के मुख्य सचिव, दिल्ली पुलिस और प्रशासन से कई शिकायतें की जा चुकी हैं। साकेत में प्रमोद महाजन रोड़ और पीवीआर से जे ब्लाक जाने वाली दो मुख्य सड़कें हैं। इन मार्गों के आस-पास कई स्कूल, पीवीआर सिनेमा, अस्पताल और मुख्य मार्केट हैं। सभी जगह फुटपाथ पर रेहड़ी-पटरी वालों का कब्जा है। वहीं, ऐसे में लोगों को सड़कों पर चलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है और दिनभर लोगों को जाम से जूझना पड़ता है। समस्या से निजात दिलाने के लिए फुटपाथ खाली कराने और अवैध पार्किंग हटाने की मांग कई बार की जा चुकी है। इसे लेकर पिछले दिनों स्थानीय लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से विरोध-प्रदर्शन भी किया था। आरडब्ल्यूए का कहना है कि अगर कोई आपात स्थिति हुई तो इलाके में एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी नहीं आ सकेगी। फुटपाथ लोगों की सहूलियत के लिए बनाए जाते हैं, लेकिन हर जगह रेहड़ी-पटरी वालों का कब्जा है। हम लोग फुटपाथ होने के बावजूद इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। संबंधित विभागों से लेकर पुलिस, प्रशासन और जन प्रतिनिधियों को कई शिकायतें दे चुके हैं समाधान नहीं हुआ।
- जीएल वर्मा, चेयरमैन, फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूएज साकेत फुटपाथ पर अतिक्रमण है सड़कों के दोनों ओर अवैध पार्किंग बनी है। हम लोग बीच सड़क पर चलने को मजबूर हैं।

## मां वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए जरूरी खबर! नवरात्र में उमड़ा आस्था का सैलाब; भीड़ के चलते रजिस्ट्रेशन बंद

**कटड़ा, एजेंसी।** चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन शनिवार को माता वैष्णो देवी के भवन में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। शनिवार और रविवार को छुट्टी होने के चलते शाम तक 41 हजार श्रद्धालु पंजीकरण करवाकर भवन की ओर रवाना हो चुके थे। ऐसे में यात्रा मार्ग पर भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने शाम 4:45 बजे सभी यात्रा पंजीकरण केंद्र को अस्थायी रूप से बंद कर दिया। जबकि देशभर से श्रद्धालुओं का आधार शिविर कटड़ा पहुंचने का सिलसिला जारी है। कटड़ा में आठ से 10 हजार श्रद्धालु पंजीकरण शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। श्राइन बोर्ड ने सूचना केंद्रों के माध्यम से लगातार उद्घोषणा कर श्रद्धालुओं को स्थिति से अवगत कराया और धैर्य बनाए रखने की अपील की। आधार शिविर कटड़ा से लेकर दर्शनी द्वार, आदकुंवारी मार्ग और भवन परिसर तक लंबी कतारें लगी रहीं, जहां कई स्थानों पर श्रद्धालुओं को घंटों इंतजार करना पड़ा। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पुलिस, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हेलीकाप्टर सेवा अधिकांश समय सुचारु रही। इसके अलावा बैटरी कार, घोड़ा, पिट्ठू और पालकी जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे बुजुर्गों और बच्चों को विशेष राहत मिल रही है। नवरात्र के पहले तीन दिनों में ही एक लाख से अधिक श्रद्धालु यात्रा कर चुके हैं। श्रद्धालु की भारी आमद से कटड़ा के बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। स्थानीय व्यापारियों के चेहरे खिल उठे हैं।

# खतरे की घंटी: ब्रिटेन से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक, होर्मुज पर ईरान के खिलाफ हुए 22 देश

**अबू धाबी, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव के बीच 22 देशों ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर संयुक्त बयान जारी किया है। इस बयान में होर्मुज के पास-पास ईरान की हालिया गतिविधियों पर कड़ा ऐतराज जताया गया है। संयुक्त बयान जारी करने वाले देशों में संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, जापान, कनाडा, दक्षिण कोरिया, न्यूजीलैंड, डेनमार्क, लातविया, स्लोवेनिया, एस्टोनिया, नॉर्वे, स्वीडन, फिनलैंड, चेकिया, रोमानिया, बहरीन, लिथुआनिया और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। साझा बयान में कहा गया है कि खाड़ी क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों पर ईरान के हमले बेहद निंदनीय हैं। ईरानी सेना ने तेल और गैस संयंत्रों जैसे नागरिक बुनियादी ढांचों को निशाना बनाया है। इसके अलावा, होर्मुज जलडमरूमध्य को हकीकत में बंद कर देना एक गंभीर मुद्दा है। इन देशों ने बढ़ते संघर्ष पर भी गहरी चिंता व्यक्त की है। इन देशों ने ईरान से मांग की है कि वह अपनी धमकियां तुरंत बंद करे। वे चाहते हैं कि ईरान समुद्र में बारूदी सुरंगें बिछाना, ड्रोन और मिसाइल हमले करना और व्यापारिक जहाजों का रास्ता रोकना बंद कर दे। बयान में




ईरान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का पालन करने की सलाह दी गई है। अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक, समुद्र में जहाजों की आवाजाही की आजादी एक बुनियादी अधिकार है। ईरान के इन कदमों का बुरा असर पूरी दुनिया के लोगों पर पड़ेगा, खासकर उन पर जो सबसे ज्यादा कमजोर हैं। व्यापारिक जहाजों के रास्ते में दखल देना और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ना अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। इन देशों ने नागरिक ठिकानों और तेल-गैस संयंत्रों पर हमलों को रोकने के लिए तत्काल पूर्ण रोक लगाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि वे होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को सुरक्षित निकलने लिए हर संभव प्रयास करेंगे। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईइए) ने आपातकालीन पेट्रोलियम भंडार जारी करने का फैसला किया है, जिसका इन देशों ने स्वागत किया है।

● अमेरिका में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा

# ट्रंप का गोल्डन खिताब: सोने के सिक्के पर होगा चेहरा, अमेरिकी इतिहास में दूसरी बार हो रहा ऐसा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस पर इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। यह केवल दूसरा मौका होगा जब कोई जीवित राष्टपति अपने सिक्के पर अंकित चेहरा देखेगा। इस बार यह गौरवपूर्ण अवसर अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए है। कारण है कि ट्रंप को अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस की याद में बनाए जाने वाले 24 कैरेट सुनहरे सिक्के पर जगह दी जाएगी। 24 कैरेट के इस सुनहरे सिक्के पर ट्रंप को रेजोल्यूट डेस्क पर हाथ बांधकर खड़ा दिखाया जाएगा।

इस सुनहरे सिक्के का डिजाइन यूएस कमीशन ऑन फाइन आर्ट्स ने मंजूरी दे दी है और इसे अमेरिकी 250वीं स्वतंत्रता जयंती के विशेष संग्रह का हिस्सा बनाया जाएगा। ऐतिहासिक तौर पर देखा जाए, तो अमेरिका के इतिहास में यह केवल दूसरा मौका होगा जब कोई जीवित अमेरिकी राष्टपति किसी सिक्के पर दिखाया जाएगा। इससे पहले ऐसा 1926 में अमेरिका के पूर्व राष्टपति कॉल्विन कूलिज के साथ



जॉर्ज वाशिंगटन को 150वीं स्वतंत्रता जयंती पर किए गए स्मारक सिक्कों में हुआ था। बता दें कि अमेरिकी आयोग यूएस कमीशन ऑन फाइन आर्ट्स ने 19 मार्च को इस सुनहरे सिक्के के डिजाइन को मंजूरी दी है। इसे तब ढाला जाएगा जब अंतिम आकार तय हो जाएगा। इस मामले में अमेरिकी कोषाध्यक्ष ब्रैंडन बीच ने कहा कि यह सिक्का सामान्य मुद्रा से अलग होगा और इसका निर्णय सिर्फ़ कोषाध्यक्ष के अधिकार में है। हालांकि, दूसरी ओर ध्यान देने वाली बात यह है कि अमेरिकी कानून के अनुसार जीवित राष्टपति को मुद्रा पर नहीं दिखाया जा सकता। इस वजह से कई लोगों ने इस कदम को देश के मूल्यों के खिलाफ और शर्मनाक बताया। इस खबर के सामने आने के बाद अमेरिकी सेनटर जेफ मर्कली ने कहा कि सिक्कों पर चेहरा डालने का काम राजा और तानाशाह करते हैं, लोकतंत्र के नेता नहीं। गौरतलब है कि यह सिक्का अमेरिका की 250वीं स्वतंत्रता जयंती पर जारी की जाने वाली विशेष मुद्रा और पदकों में शामिल होगा। आलोचक इसे ट्रंप की वॉशिंगटन पर अपनी छवि छोड़ने की कोशिश मान रहे हैं। इससे पहले ट्रंप ने केनेडी सेंटर का नाम बदलकर ट्रंप-कैनेडी सेंटर और यूएस इंस्टीट्यूट ऑफ पीस की इमारत पर भी अपना नाम जोड़ा।

## इस्राइल-यूएस ने 80,000 से ज्यादा नागरिक ठिकानों पर किए हमले, ईरानी अधिकारी ने किया दावा

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान रेड क्रेसेंट सोसायटी के अध्यक्ष पीरहुसैन कोलिवंद ने अमेरिका और इस्राइल पर बड़े आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई में इन दोनों देशों ने 80,000 से ज्यादा नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया है। कोलिवंद ने विदेशी मीडिया से बात करते हुए कहा कि इन हमलों में अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों का उल्लंघन हुआ है। कोलिवंद के अनुसार, 20,000 से ज्यादा हमले अकेले तेहरान में हुए हैं। बाकी 60,000 हमले देश के अन्य इलाकों में हुए। इन हमलों में लगभग 18,790 व्यापारिक संस्थान, 266 मेडिकल सेंटर और 498 स्कूलों को नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया कि इन हमलों में ईरान के 12 स्वास्थ्यकर्मियों की मौत हुई है और 90 से ज्यादा घायल हुए हैं। उन्होंने कहा, युद्ध शुरू होने से अब तक सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इनमें बच्चे और 231 महिलाएं भी शामिल हैं। कुछ मीडिया रिपोर्टों का दावा है कि इस युद्ध में अब तक 1,500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

इसी बीच, ईरान की सेना (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने देश के मध्य हवाई क्षेत्र में इस्राइल के एक एफ-16 लड़ाकू विमान को मार गिराया है। सरकारी मीडिया के मुताबिक, तेहरान की सेना ने तेल अवीव के पास बेन गुरियन एयरपोर्ट पर सैन्य विमानों के ईंधन टैंकों पर भी हमला किया है। ईरानी प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फागरी ने चेतावनी दी है कि अगर संयुक्त अरब अमीरात की जमीन से ईरान पर हमले हुए, तो वे रास अल-खैमाह पर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता पर होने वाले हर हमले का जवाब उसी जगह देगा जहां से हमला हुआ है। अमेरिका ने तेहरान समेत कई शहरों पर हमला किया था। इस हमले में ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई, कई बड़े सैन्य अधिकारी और आम नागरिक मारे गए थे। इसके जवाब में ईरान ने इस्राइल और मध्य पूर्व में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए।

# ईरान का दावा- 24 घंटों में 21 अमेरिकी ठिकानों पर हमला

**बगदाद, एजेंसी।** मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ईरान द्वारा इस्राइल पर मिसाइल हमले के बाद मध्य इस्राइल में धमाके सुने गए। मीडिया ने बताया कि ये धमाके ईरान से दागी गई मिसाइलों के कुछ ही समय बाद हुए। फिलहाल, किसी के घायल होने या नुकसान की खबर नहीं है। ईरानी सेना ने घोषणा की है कि उसने ईरान की राजधानी तेहरान के ऊपर एक अमेरिकी-इस्राइली हथियारबंद ड्रोन को हवा में ही मार गिराया, इससे पहले कि यह कोई हमला कर पाता। यह जानकारी ईरानी समाचार एजेंसी ने दी। ईरानी सेना ने बताया कि हाल की जंग के दौरान अब तक 127 उन्नत ड्रोन को उनकी वायु रक्षा प्रणाली ने निशाना बनाकर नष्ट कर दिया है। इससे पहले, आईडीएफ ने तेहरान पर नए हमलों की शुरुआत करने की घोषणा की थी। शहर के लोग इसकी ओर-पूर्व और पश्चिम दिशा में जोरदार विस्फोट की आवाज सुनने की भी पुष्टि कर रहे हैं।

इराक की संगठन इराक में इस्लामी प्रतिरोध ने कहा है कि उसने पिछले 24 घंटे में देश और आसपास के क्षेत्रों में अमेरिकी ठिकानों पर 21 हमले किए हैं। संगठन ने बताया कि इन हमलों में उसने कई ड्रोन और रॉकेट का इस्तेमाल किया। अभी तक अमेरिकी पक्ष की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। इराक की



राजधानी बगदाद के पश्चिमी इलाके से जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई है। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, ये विस्फोट काफी बड़े थे और अचानक हुए। इससे कुछ ही देर पहले एक इराकी सुरक्षा अधिकारी ने बताया था कि बगदाद अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास मौजूद एक अमेरिकी लॉजिस्टिक कैंप के नजदीक एयर डिफेंस सिस्टम ने दो ड्रोन को हवा में ही रोककर मार गिराया। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि इन धमाकों और ड्रोन के बीच कोई सीधा संबंध है या नहीं। सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं। जैसे-जैसे और जानकारी सामने आएगी, अपडेट दी जाएगी। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि देश के पूर्वी इलाके (ईस्टर्न प्रोविंस) में पिछले एक घंटे के भीतर पांच ड्रोन को हवा में ही रोककर नष्ट कर दिया गया। मंत्रालय के अनुसार, ये ड्रोन संदिग्ध थे और सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते थे, इसलिए उन्हें तुरंत कार्रवाई करते हुए मार गिराया गया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा और सतर्कता बढ़ा दी गई है। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि ये ड्रोन कहां से आए थे और इनके पीछे किसका हाथ है। मामले की जांच जारी है। सरकार ने लोगों को भरोसा दिलाया है कि देश की सुरक्षा पूरी तरह मजबूत है और किसी भी खतरे से निपटने के लिए सेना तैयार है।

# बोकारो सखी महोत्सव 2026 का भव्य आगाज, डीसी व एसपी ने किया उद्घाटन






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित 'बोकारो सखी महोत्सव 2026' का शुभारंभ रविवार को सेक्टर -4 स्थित मजदूर मैदान में उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, फिल्मेकर शशि वर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर आकर्षक सजावट, विभिन्न स्टॉलों की कतार और सांस्कृतिक माहौल देखने को मिला। शुभारंभ के बाद मुख्य अतिथि उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं विशिष्ट अतिथि फिल्मेकर शशि वर्मा ने महोत्सव परिसर का भ्रमण कर स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाओं द्वारा लगाए गए 53 स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा उनके उत्पादों की सराहना की। उन्होंने महिलाओं से संवाद कर उनके कार्यों की जानकारी

## महिलाओं के उत्पादों को मिला मंच, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा : उपायुक्त

ली और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। महोत्सव में जिले के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार हस्तशिल्प, पारंपरिक खाद्य सामग्री, हस्तनिर्मित वस्त्र, सजावटी सामान एवं अन्य स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जा रही है। यह आयोजन महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। बोकारो सखी महोत्सव में यह कोशिश की गई है कि यह आयोजन केवल सरकारी आयोजन न बन जाए, बल्कि सही मायने में यह महोत्सव का रूप ले, जिसमें यह जन भागीदारी हो, जिसमें अधिक से अधिक लोग आकर महिलाओं के उत्पादन का अवलोकन कर सके आनंद उठा सके और फिर सामानों को खरीद कर महिलाओं के सशक्तिकरण को और गति दे सके। इसके आकर्षण को बनाए रखने के लिए कुछ खास से व्यक्तित्व भी आए जिनकी देश में अपने खास पहचान है। पंचायत फिल्म निमार्ता शशि वर्मा की उपस्थिति सखी महोत्सव को महोत्सव का रूप देने में और असरदार रहा। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, प्रशिक्षु वन प्रमंडल पदाधिकारी संदीप शिंदे, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा, भूमि सुधार उप समाहर्ता सह नजारत उप समाहर्ता प्रभास दत्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, वरीय लेखा पदाधिकारी पंकज दुबे, सहित अन्य उपस्थित थे। बोकारो सखी महोत्सव सरकार और प्रशासन की एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रतिभा खोजने का, हुनर तलाशने का और इस तरीके से मंच देने का जहां वे खुलकर अपनी बातें रख सके। अपने उत्पाद को प्रदर्शित कर सके और फिर अपने बढ़ते कदम को दिखाते हुए यह साबित कर सके कि वह गांव की महिलाएं किसी से कम नहीं है। मौका चाहिए तो वह फिर वह दिखा देगी कि उनके अंदर भी क्षमता है।

**महिलाओं के उत्पादों को मिला मंच, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा-**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि बोकारो सखी महोत्सव महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत मंच है। इसके माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने उत्पाद सीधे ग्राहकों तक पहुंचा रही हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही कहा कि बोकारो सखी महोत्सव 22 मार्च से 25 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को एक मंच प्रदान किया गया है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर इस पहल को सफल बनाए और महिलाओं के उत्पादों को खरीदकर उनको आत्मनिर्भर बनने के प्रयासों को मजबूती दें।

**महिलाओं के उत्पादों को करें प्रोत्साहित-**

पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने कहा

## महिलाओं के उत्पादों को करें प्रोत्साहित : पुलिस अधीक्षक

कि महोत्सव के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि आमजन सुरक्षित वातावरण में कार्यक्रम का आनंद ले सकें। उन्होंने लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महिलाओं के उत्पादों को प्रोत्साहित करें।

**महिलाओं के उत्पादों को करें प्रोत्साहित-**

फिल्मेकर शशि वर्मा ने कहा कि नारी सशक्त है तो समाज सशक्त होगा। उन्होंने लोगो से महिलाओं के उत्पादों को प्रोत्साहित करने और उनके आत्मविश्वास को मजबूत करने का आवाह्न किया। साथी कहां की चार दिवसीय यह महोत्सव न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का मंच है बल्कि समाज में उनकी भूमिका को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी साबित हो रहा है।

**स्वयं सहायता समूह की सामानों की खरीदारी कर उन सभी महिलाओं को सशक्त बनाएं-**

कार्यक्रम का शुभारंभ होने के बाद स्वागत भाषण के रूप में उप विकास आयुक्त श्रीमती शताब्दी मजूमदार ने अपनी वक्तव्य को रखा, जिसमें उन्होंने कहा कि यह महोत्सव बोकारो में पहली बार हो रही जो 22 मार्च से 25 मार्च तक मनाया जाएगा। यह महोत्सव सुबह 10:00 बजे से संध्या 08:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। संध्या 06:00 बजे से रात 08:00 बजे तक संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बोकारो वासियों से अपील की है कि इस महोत्सव में ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल होकर स्वयं सहायता समूह की सामानों की खरीदारी कर उन सभी महिलाओं को सशक्त बनाएं। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा ने भी महिलाओं को प्रेरित करने की बातें कहीं। वहीं, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता ने अपनी वक्तव्य में महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा होने की बात कहीं। गौरतलब है कि यह महोत्सव 22 मार्च से 25 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से रात 08:00 बजे तक आम जनता के लिए विभिन्न स्टॉल और सांस्कृतिक कार्यक्रम उपलब्ध रहेंगे।

# सकल हिन्दू समाज आयोजित करेगा हिन्दू सम्मेलन

## 31 मार्च को होने वाले हिन्दू सम्मेलन को सफल बनाने हेतु हुई बैठक




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हिन्दू जागरण की दिशा में नई ऊर्जा और चेतना प्रदान करने के उद्देश्य से सकल हिन्दू समाज द्वारा एक महत्वपूर्ण 'हिन्दू सम्मेलन' का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक के रूप में आयोजित हो रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य हिन्दू समाज में नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा आत्मविश्वास को सुदृढ़ करना है। यह आयोजन अखिल भारतीय स्तर पर चल रहे हिन्दू सम्मेलन श्रृंखला का एक हिस्सा है। स्थानीय स्तर पर सेक्टर 4ए/ई, सिटी सेंटर के सकल हिन्दू समाज द्वारा यह सम्मेलन चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, मंगलवार 31 मार्च 2026 को सिटी सेंटर स्थित हर्षवर्धन प्लाजा (गणेश पूजा स्थल) में अपराह्न 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सेक्टर 4ए, 4ई और सिटी सेंटर में निवास करने वाले सभी हिन्दू परिवारों को व्यक्तिगत संपर्क एवं आमंत्रण पत्र के माध्यम से सपरिवार आमंत्रित किया जाएगा। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के संयोजक शिव अग्रवाल ने जानकारी दी है कि सम्मेलन में विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें 11 धुनों में हनुमान चालीसा पाठ प्रमुख आकर्षण रहेगा। साथ ही रामचरितमानस पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिससे धार्मिक ज्ञान का विस्तार हो सके। ह्लपात्र वर्णनह्व कार्यक्रम के अंतर्गत बजरंगबली और छत्रपति शिवाजी के जीवन और आदर्शों का वर्णन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त समाज में लंबे समय से योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान समारोह भी आयोजित होगा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का उद्बोधन प्रेरणादायक रहेगा। अंत में भोजन मंत्र के साथ भोजन प्रसाद वितरण किया जाएगा और इसी के साथ सम्मेलन का समापन होगा। यह आयोजन समाज में एकता, जागरूकता और सांस्कृतिक गर्व को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण होगा। आयोजन में स्थानीय गणेश मंडली एवं श्री राम अखाड़ा मंडली के सदस्यों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। बैठक में उपस्थित रहने वालों में शिव अग्रवाल, प्रकाश कोठारी, राजेन्द्र विश्वकर्मा, राज कुमार प्रिय, अरविंद रस्तोगी, रवि कुमार जायसवाल, सुनील कुमार, सुशील कुमार, मिथिलेश कुमार, राजकुमार, प्रवीण कुमार, राम बालक भगत, राजेश कुमार महतो, रवि कुमार, परमेश्वर लाल वर्णवाल, राजकुमार सिंह, प्रशांत कुमार, अघनू गोराई, रोहित नायक, दीनदयाल शर्मा, बिशेश्वर, प्रवीण कुमार, गणेश चन्द्र ठाकुर, कलेश्वर प्रसाद यादव, शंकर प्रसाद, सहदेव चन्द्र मेहता एवं सचिन मुख्य हैं।

# स्वाद एवं संस्कृति का अनूठा संगमः बीएसएल द्वारा आयोजित फूड स्ट्रीट में नगरवासियों ने विभिन्न व्यंजनों का चखा स्वाद




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल की पहल पर पहली बार शहर में फुड स्ट्रीट का आयोजन किया गया, जिसका उदघाटन बीएसएल के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने किया. गांधी चौक से बोकारो मॉल मोड़ तक सजे इस अनोखे फुड स्ट्रीट के उदघाटन के अवसर पर उप महानिरीक्षक (सीआईएसएफ) राजीव मिश्रा, महिला समिति की अध्यक्ष शुभम रंजन, अधिशासी निदेशक (एसआरयू) पी के रथ, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (परियोजना) अनीष सेनगुप्ता, अधिशासी निदेशक (एम एम) सी आर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ बी बी करुणामय, अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनूप कुमार दत्त, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (वित्त एवं लेखा) एस के भारद्वाज सहित अन्य वरीय अधिकारी तथा नगर वासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. फुड स्ट्रीट में लगभग 70 फुड स्टॉल लगाए गए जिनमें देश के अलग-अलग प्रांतों के व्यंजन और पकवान बोकारो वासियों को उपलब्ध कराए गए. इनमें झारखण्ड के पारम्परिक



व्यंजन भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे जबकि महिला समिति का फुड स्टॉल भी हमेशा की तरह लोगों को लुभाता रहा. इसके अलावा अन्य स्टॉल भी अपने खास व्यंजनों और स्वाद की खुशबु से बड़े, बुजुर्ग और बच्चों को आकर्षित करते रहे. देर शाम तक सजे फुड स्ट्रीट में खान-पान के साथ-साथ लोग गर्मजोशी के साथ एक-दूसरे से मिलते नजर आए और इस पूरे आयोजन को सार्थक बनाया। बीएसएल प्रबंधन के इस नायब पहल की नगरवासियों ने जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि हैप्पी स्ट्रीट के आयोजन के बाद अब फूड स्ट्रीट ने लोगों को खुशनुमा समय उपलब्ध कराया हैं। नगरवासियों ने अपने दोस्त साथी और परिवार के साथ फूड स्ट्रीट का लुफ्त उठाया।

# जालसाजों ने 19.5 लाख रुपए की ठगी को दिया अंजाम

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरायढेला थाना अंतर्गत जगजीवन नगर निवासी मनोज प्रसाद जालसाजी के शिकार हो गये।धनबाद के हीरापुर मास्टरपाड़ा निवासी बैरिस्टर चौबे ने उनसे दवा के होलसेल व्यवसाय में निवेश करने का झांसा देकर 19.5 लाख रुपये की ठगी कर ली।मनोज प्रसाद ने यह रकम लोगों से कर्ज लेकर इकट्ठे किये थे।आरोपी बैरिस्टर चौबे के खिलाफ मनोज प्रसाद ने सरायढेला थाना में शिकायत दर्ज करायी थी। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।फिलहाल मामले की जांच जारी है और पुलिस अन्य पहलुओं की भी पड़ताल कर रही है। मनोज प्रसाद ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि उसकी पहचान चौबे से एक चाय दुकान पर हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच मित्रता बढ़ी और इसी दौरान चौबे का घर पर आना-जाना भी शुरू हो गया। मनोज प्रसाद के अनुसार, आरोपी ने खुद को पूर्व मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव बताते हुए दवा कंपनियों में अच्छी पकड़ होने का दावा किया। उसने



दवा के होलसेल व्यवसाय में निवेश करने और मुनाफे में हिस्सेदारी देने का झांसा दिया। आरोपी की बातों में आकर मनोज ने कर्ज लेकर करीब 19.50 लाख रुपये उसे दे दिए। विश्वास दिलाने के लिए चौबे ने एक चेक भी दिया, लेकिन जब उसे बैंक में जमा किया गया तो वह बाउंस हो गया। इसके बाद जब मनोज पैसे वापस मांगने उसके घर पहुंचे, तो आरोपी ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी।

# आईआईटी आईएसएम धनबाद में राष्ट्रीय सम्मेलन, नदियों के संरक्षण और जल समानता पर हुआ मंथन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में रविवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन ह्लमिशन वाईह्व का आयोजन किया गया। 23 मार्च तक चलने वाले इस सम्मेलन का मुख्य विषय ह्लनदियों के लिए भूमि अधिग्रहणह्व रहा, जिसमें देशभर के पर्यावरण विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. आर.के. सिन्हा, मैग्सेसे पुरस्कार विजेता राजेंद्र सिंह और वरिष्ठ पर्यावरणविद सरयू राय सहित कई विशेषज्ञ शामिल हुए। कार्यक्रम के संयोजक और प्रसिद्ध जल विज्ञानी प्रो. अंशुमाली ने बताया कि यह सम्मेलन भूमि उपयोग में हो रहे बदलाव, जलधाराओं के अस्तित्व और जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि जल संसाधनों के संरक्षण के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। मीडिया से बातचीत में सरयू राय ने कहा कि बड़ी नदियों को बचाने के लिए छोटी नदियों और जलधाराओं का संरक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि छोटी जलधाराएं मिलकर ही बड़ी नदियों का निर्माण करती हैं, इसलिए उनके स्रोतों को बचाना आवश्यक है। प्रो. अंशुमाली द्वारा पिछले छह वर्षों से किए जा रहे शोध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह साबित हो चुका है कि जलधाराओं का संरक्षण नदियों के अस्तित्व के लिए अहम है। वहीं पद्मश्री डॉ. आर.के. सिन्हा ने कहा कि सहायक नदियां मुख्य नदियों के लिए जीवनरेखा होती हैं, इसलिए इनके संरक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

# रंगदारी मांगने वाले तीन रंगदार चढ़े पुलिस के हत्थे

**पलामू/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हुसैनाबाद पुलिस ने रविवार को एक मार्बल व्यवसायी से रंगदारी मागने और जान से मारने की धमकी देने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। इस मामले मे पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है। हुसैनाबाद थाना प्रभारी को मिली शिकायत के बाद अनुमडल पुलिस पदाधिकारी एस मोहम्मद याकूब के नेतृत्व मे एक विशेष टीम का गठन किया गया था जिसने छापेमारी कर रविशकर कुमार सिह उर्फ छोटू सिह, अमन कुमार चौरसिया और शुभम केशरी को दबोच लिया है। पकड़े गए अभियुक्तो ने अपनी पहचान छुपाने के लिए हुसैनाबाद रेलवे स्टेशन के पास से चोरी किए गए मोबाइल फोन और सिम कार्ड का उपयोग किया था।

# बोकारो में जूनियर स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप हेतु चयन ट्रायल संपन्न



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा आज बोकारो पब्लिक स्कूल सेक्टर 3 में 26वीं जूनियर अंडर-18 झारखंड राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप (बालक एवं बालिका) के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 29 मार्च से 1अप्रैल साहिबगंज में आयोजित की जाएगी। इस चयन ट्रायल में जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर जिला टीम का चयन किया गया, जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बोकारो का प्रतिनिधित्व करेगी। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष सतेंद्र नारायण सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाल्मीकि पाठक, सचिव कन्हैया प्रसाद, जेके सिंह , तकनीकी चेयरमैन अमित कुमार एवं कोषाध्यक्ष किंकर कृष्णा उपस्थित रहे। साथ ही आकाश, निशांत,नरेंद्र कुमार सिंह कौशल कुमार सिंह एवं अन्य गणमान्य सदस्य भी मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# विश्व जल दिवस पर जिला स्तरीय सम्मान-सह-समापन समारोह का आयोजन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व जल दिवस के अवसर पर जिला समाहरणालय सभागार, धनबाद में उप विकास आयुक्त सन्नी राज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सम्मान-सह-समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त, मुखिया एवं जलसहिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या-2, धनबाद मुकेश कुमार मंडल ने जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में क्रियान्वित योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपस्थित मुखियाओं एवं जलसहियाओं के साथ साझा की। इस अवसर पर विभिन्न पंचायतों से आए मुखियाओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी वर्तमान चुनौतियों एवं योजनाओं के रख-रखाव से संबंधित अनुभव साझा किए। वहीं, जिले के विभिन्न ग्रामों से आई जलसहियाओं ने योजनाओं के स्व-रखरखाव तथा जलकर वसूली में आ रही समस्याओं पर प्रकाश डाला। जिला समन्वयक (आईईसी) ने जल संरक्षण पर बल देते हुए वर्षा जल संचयन के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान जल स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखियाओं, प्लंबर एवं जलसहियाओं को उप विकास आयुक्त द्वारा शॉल, मोमेंटो एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। उप विकास आयुक्त ने सभी मुखियाओं एवं जलसहियाओं से अपील की कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए अपने क्षेत्रों में जलापूर्ति योजनाओं एवं नलकूपों को सुचारू रूप से संचालित रखें, ताकि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति सामूहिक शपथ भी ली। उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक पंचायत में जल समिति द्वारा प्रत्येक माह की 10 तारीख को बैठक आयोजित की जाए तथा 15 तारीख को प्रखंड स्तर पर बैठक सुनिश्चित की जाए, जिसमें संबंधित कनीय अभियंता की उपस्थिति अनिवार्य हो। उन्होंने यह भी कहा कि जलकर का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को तीन बार नोटिस देने के उपरांत आवश्यक कार्रवाई करते हुए उनके पाइपलाइन कनेक्शन काटे जाएं। कार्यक्रम में विभागीय पदाधिकारी, मुखिया, जलसहिया एवं अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

## विश्व जल दिवस पर मंत्री ने सहिया की समस्याओं को गंभीरता से लेने का दिया निर्देश

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व जल दिवस के अवसर पर आज नगर भवन गिरिडीह में जल संरक्षण एवं जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु कार्यशाला-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जल के महत्व, संरक्षण के उपाय एवं सतत उपयोग के प्रति जनमानस को जागरूक किया गया। झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि जल संरक्षण में सहिया दीदी की अहम भूमिका है।इन्हें प्रशिक्षित कर जल स्त्रोतों को गंदा होने से बचाया जा सकता है। बरसात में डायरिया जैसी होने वाली बीमारियों को काबू किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को जल सहिया के वेतनमान को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया।

# विश्व जल दिवस पर खूंटी में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन, जल संरक्षण की शपथ

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व जल दिवस के मौके पर खूंटी के बहुउद्देशीय भवन सभागार में आज राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खूंटी जिले में 8 मार्च से 22 मार्च तक जल महोत्सव पखवाड़ा मनाया गया। इसके तहत गांवों और पंचायतों में जल संरक्षण को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आज जल महोत्सव पखवाड़ा का समापन राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर किया गया। कार्यक्रम में राज्य से स्वच्छ भारत मिशन के निदेशक मनोहर मरांडी बतौर मुख्य अतिथि शामिल थे। कार्यक्रम में स्वच्छ जल जीवन मिशन को लेकर जिला प्रशासनिक पदाधिकारियों समेत बड़ी संख्या में उपस्थित जलसहिया दीदियों ने सामूहिक रूप से शपथ लिया और जल संरक्षण तथा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता को लेकर बेहतर कार्य करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में पंचायतों और गांव गांव में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने, चापाकल मरम्मत और पेयजल गुणवत्ता की जांच को लेकर बेहतर कार्य करने वाली पांच जिलों की जल सहियाओं को प्रशस्तिपत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। पेयजल स्वच्छता विभाग, जिला पंचायती राज, जिला परिषद और अन्य विभागों के समन्वय से खूंटी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खूंटी, रांची, चाईबासा, सरायकेला तथा सिमडेगा जिले की जलसहिया दीदियां शामिल थीं। बतौर मुख्य अतिथि के रुप में शामिल स्वच्छ भारत मिशन के निदेशक मनोहर मरांडी ने बताया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार समन्वित प्रयास से गांव

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com